

■ नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिजः ममता - 12




■ मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 12



■ क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 13



■ केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 14

आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.01 सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

हल्द्वानी

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 36, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## झटका : दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

● पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

● व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

● एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाईं दरें

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

# दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

### ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

● बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।


### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग की समुद्री सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर इस मुद्दे पर एक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी और सैन्य योजनाकार ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद सुरक्षा के लिए योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा आवश्यक है।

### चीन-पाकिस्तान ने पांच सूत्री फार्मूला पेश किया

**बीजिंग/इस्लामाबाद।** एक दिवसीय बीजिंग दौरे पर आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता के बाद मंगलवार को पांच सूत्री शांति प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें शत्रुता तुरंत समाप्त करने, जल्द शांति वार्ता शुरू करने, गैर-सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को मजबूती मिली।

## एक लाख की घूस लेता उप शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार

● बिल भुगतान की एवज में मांगे थे महिला सहयोगी भी पकड़ी गई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मंगलवार को विजिलेंस देहरादून ने बड़ी कार्रवाई में डोइवाला क्षेत्र से उप शिक्षा अधिकारी को महिला सहयोगी के साथ एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

विजिलेंस विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी धनवीर सिंह बिष्ट उप शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी, डोइवाला के पद पर तैनात है। पीड़ित पक्ष ने शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी उप शिक्षा अधिकारी और उसकी कथित सहयोगी स्कूल संचालिका पुष्पांजलि निवासी देहरादून द्वारा उससे गंगा वैली जूनियर हाईस्कूल, ऋषिकेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत छात्रों की प्रतिपूर्ति बिल के भुगतान के एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। विजिलेंस देहरादून की ट्रैप टीम ने तय योजना के तहत मंगलवार को नेपाली फार्म तिराहे पर अपनी निजी कार से पहुंचे महिला सहयोगी के साथ पहुंचे आरोपी अधिकारी को एक लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ लिया गया।

उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, हमारी सरकार का स्पष्ट संदेश है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। चाहे अधिकारी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो या मामला किसी भी विभाग से जुड़ा हो, भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर बिना किसी दबाव या संरक्षण के सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### एक लाख का इनामी हत्थे चढ़ा

**देहरादून।** ऑपरेशन प्रहार में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ओडिशा की कटक जेल तोड़कर छह माह से फरार चल रहे बिहार के शातिर अपराधी राजा को बुधवार को ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट क्षेत्र से दबोच लिया गया। उस पर एक लाख रुपए का इनाम था। उसे एक कार से जाते समय ऋषिकेश और कटक पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी में दबोचा। (विस्तृत पेज-2)

## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

● सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
● हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी। मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगालः मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

### काशीपुर में पकड़ी 15 करोड़ की जीएसटी चोरी

**काशीपुर।** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा ने मंगलवार को छापेमारी कर करीब 15 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी है। टीम ने फर्म संचालकों से डीआरसी-03 के माध्यम से लाखों की धनराशि जमा कराई है। एसआईबी उपायुक्त विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि महुआखेड़ागंज-काशीपुर में लेड इंगट बनाने वाली चार फर्मों पर छापेमारी की गई थी। (विस्तृत पेज-8)

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

● एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## पुडुचेरी : वोटरों को कैश बांट रहे आठ गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



● धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में रिश्वत लेते हुए दो ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

● स्कूल संचालक से मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत

**श्रीनगर।** सीबीआई ने श्रीनगर में रिश्वतखोरी के एक मामले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक क्षेत्रीय आयुक्त भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अधिकारियों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विनय कुमार और वरिष्ठ सुरक्षा सहायक अमीन सोफी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि आयुक्त ने एक स्कूल संचालक से 1.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। मामला स्कूल के एक कर्मचारी की शिकायत का था। एजेंसी ने उसी दिन वरिष्ठ सुरक्षा सहायक को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

**वाइब्रेंट विलेज** | मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी में आईटीबीपी-उत्तराखंड औद्यानिक परिषद में हुआ एमओयू

# आईटीबीपी से हुआ करार, किसानों को मिला बड़ा बाजार

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की राज्य में तैनात वाहिनियों के लिए ताजे फल एवं सब्जियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के बीच बुधवार को मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने एमओयू को राज्य के किसानों, स्थानीय उत्पादकों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि इससे राज्य में तैनात आईटीबीपी के जवानों को पहाड़ के ताजे फल एवं सब्जियों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे जहां हमारे जवानों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी। वहीं, प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। यह पहल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के सरकार के संकल्प को सशक्त करेगी। सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं हमारे जवानों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी, सचिव कृषि एसएन पांडेय, आईजी आईटीबीपी मनु महाराज मौजूद रहे।




समझौता ज्ञापन के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं संबंधित अधिकारी।

### वार्षिक मांग की 25% खरीद की उम्मीद

राज्य सरकार और आईटीबीपी के बीच स्थानीय उत्पादों की खरीद के लिए पूर्व में हुए समझौते के सुखद परिणाम रहे हैं। अभी तक आईटीबीपी 14.77 करोड़ के स्थानीय उत्पादों की खरीद कर चुका है, जिसे और बढ़ाने की दिशा में काम हो रहे हैं। उत्तराखंड में आईटीबीपी वार्षिक मांग की 25 % फल एवं सब्जियां भी खरीदती है तो इससे स्थानीय किसानों को लगभग 6 करोड़ रुपये की आमदनी होगी।

### कई जिलों में होगी आपूर्ति दिक्कतों से मिलेगी राहत

सीएम ने बताया कि, इस व्यवस्था में चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ व चम्पावत जैसे दूरस्थ एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ ही देहरादून में भी स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति होगी। यह समझौता सीमांत क्षेत्रों में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक होगा और उन्हें बाजार तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों से भी राहत मिलेगी। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए ही लाभकारी सिद्ध होगा।

## स्टेट ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल तक मांगा जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने काशीपुर में टैक्सी संचालको के लिए टैक्सी स्टैंड बनाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर और ब्ला ब्ला एप संचालक से 15 अप्रैल तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तिथि नियत की गई है।

### लोकायुक्त मामले में शपथपत्र पेश करें

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी की लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से कहा है कि 3 अप्रैल को होने वाली सर्च कमेटी की बैठक में लिए जाने वाले निर्णय को शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करें।

### बिना सुनवाई न तोड़ें अतिक्रमण

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने राज्य के सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के मामलों पर सुनवाई के बाद प्रशासन को निर्देश दिया है कि किसी भी अतिक्रमणकारी का पक्ष सुने बिना और उनको सुनवाई का मौका दिए बिना उनके अतिक्रमण को न तोड़ा जाए।

# कर्मचारियों की समस्याओं का होगा समाधान

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की आभार रैली को संबोधित किया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आभार रैली को संबोधित किया। उन्होंने कर्मचारियों द्वारा व्यक्त किए गए सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की देवतुल्य जनता को समर्पित बताया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी राज्य के विकास में कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और नगर निकाय कर्मचारियों की जिम्मेदारी विशेष रूप से अहम है। उन्होंने कहा कि निकाय कर्मियों के अथक प्रयासों से ही शहरों और कस्बों में स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित होती हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान कर्मचारियों द्वारा निभाई गई जिम्मेदारी और सेवा भाव को सराहते हुए इसे मानवता की उत्कृष्ट मिसाल बताया।



आभार रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन करता उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा।

### राज्य के समग्र विकास को गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन', 'अमृत योजना', 'स्मार्ट सिटी मिशन' एवं 'प्रधानमंत्री आवास योजना' जैसी योजनाओं के माध्यम से देश में व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार इन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर प्रदेश के समग्र विकास को गति दे रही है। सफाई कर्मचारियों को 'स्वच्छता मित्र' के रूप में सम्मानित करते हुए उनके सुरक्षा और कल्याण हेतु 'नमस्ते योजना' तथा 'आयुष्मान भारत योजना' जैसी पहलें संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आस्था, संस्कृति और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। यहां विशेषकर चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा और कुंभ जैसे आयोजनों के दौरान नगर निकायों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और चरणबद्ध तरीके से सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक सुरेन्द्र तेश्वर, सह संयोजक संतोष गौरव, नरेश वेद एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सरकार ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें पर्यावरण मित्रों का मानदेय बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिदिन करना, चारधाम क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त मानदेय प्रदान करना, वर्दी एवं स्नोबूट हेतु 2500 रुपए की सहायता, स्वास्थ्य एवं कल्याण योजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधान, 5 लाख रुपए का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस लागू करना, ईपीएफ एवं ईएसआई लाभ सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी करना, संविदा कर्मचारियों का वेतन 7,500 हजार रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए करने के साथ ही कई और निर्णय लिए गए हैं।

# सीएम धामी से देवकी नंदन ठाकुर ने की भेंट

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध कथा वाचक एवं आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के बीच सनातन संस्कृति के संरक्षण, आध्यात्मिक जागरूकता के प्रसार तथा समाज में नैतिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने महाराज के आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है और युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, सदियों से आध्यात्मिक साधना और धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। राज्य सरकार इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास भी प्राथमिकता में रखा गया है। इस दौरान देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में हो रहे विकास कार्यों एवं सांस्कृतिक संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं में किए गए सुधारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुदृढ़ हुई है। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं और इससे देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो रहा है।

# दून में रात भर चेकिंग, 15 गिरफ्तार

- अवैध शराब और 2 लाख रुपए के साथ दबोचा तस्कर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए राजधानी में मंगलवार रात भर चेकिंग अभियान चलाया गया।

एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि, पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन, मद्रासी कालोनी, त्यागी रोड आदि क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा पूर्व में मादक पदार्थों तथा अवैध शराब तस्करी में लिप्त रहे संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस टीम को मद्रासी कालोनी में छापेमारी के दौरान एक अभियुक्त रोहताश (54) के कब्जे से 57 पव्वे अवैध देसी शराब तथा 2 लाख रुपए बरामद हुए। बरामद धनराशि के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। रोहताश के खिलाफ आबकारी एक्ट में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में रोहताश तथा उसकी पत्नी का पूर्व में भी अवैध शराब तस्करी के अभियोग में जेल जाना प्रकाश में आया। रोहताश के विरुद्ध अवैध शराब तस्करी के 4 तथा उसकी पत्नी के विरुद्ध 8 अभियोग पंजीकृत हैं। दपंती के खिलाफ गुंडा एक्ट में भी कार्यवाही की जा चुकी है। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 वाहन चालकों को गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धित वाहनों को सीज किया गया तथा रात्रि में अनावश्यक रूप से घूम रहे 21 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु थाने लाया गया।



अभियान के दौरान पुलिस टीमों को निर्देश देते एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल।

## व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति को कमर कसी

**देहरादूनः** 19 अप्रैल से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा व पर्यटन सीजन के दौरान व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की मांग में वृद्धि को देखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग ने कमर कस ली है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के निर्देशों के क्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग भारत सरकार से व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों के अतिरिक्त आवंटन की मांग करेगा। विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत आकलन करते हुए मांग का निर्धारण किया गया है तथा भारत सरकार को प्रेषित किए जाने वाले प्रस्ताव के बिंदुओं को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है। सचिव आनंद स्वरूप ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान प्रदेश में लाखों श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन होता है, जिससे होटल, धर्मशाला, ढाबा, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस में एलपीजी गैस की खपत में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की जाती है।

# ऑपरेशन प्रहारः पहले दिन तीन बड़ी कामयाबी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सख्ती के बाद देहरादून पुलिस अपराधियों के खिलाफ एक्शन में आ गई है। 'ऑपरेशन प्रहार' के पहले दिन पुलिस को तीन बड़ी कामयाबी मिली हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पूरे प्रदेश में पुलिस टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। शहरों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाकर कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार रात को ही राज्य पुलिस को सख्त निर्देश जारी किए थे कि अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री की सख्ती का असर साफ दिखाई दे रहा है।



राजपुर क्षेत्र में हुई फायरिंग एवं हत्या की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित तीन अन्य नामजद आरोपियों शामली (उत्तर प्रदेश) निवासी आदेश गिरी, समीर चौधरी निवासी मंगलौर हरिद्वार तथा मोहित अरोड़ा निवासी उत्तम नगर नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। रात में बार में विवाद के बाद दो पक्षों के बीच सुबह रोडरेज में फायरिंग में जोहड़ी गांव निवासी पूर्व सैन्य अधिकारी की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में पूर्व में 4 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।



महाराष्ट्र के रायगढ़ जनपद के अलीबाग क्षेत्र में 18 .5 लाख की डकैती के मामले में फरार चल रहे योगेश रमेश लहारे को दून व महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम ने ऋषिकेश क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। लंबे समय से फरार चल रहे योगेश को सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र एवं सघन चेकिंग अभियान के माध्यम से चिन्हित कर गिरफ्तार कर महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।



ओडिशा के कटक जिले से छह माह पूर्व जेल तोड़कर फरार हुए एक लाख के इनामी अपराधी राजा साहनी (34) मूल निवासी बेगूसराय (बिहार) को भी मंगलवार को ऋषिकेश क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। राजा के ऋषिकेश में छिपे होने की सूचना ओडिशा पुलिस ने दी थी। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं सघन चेकिंग अभियान में त्रिवेणी घाट क्षेत्र में पंजाब नंबर की संदिग्ध कार से राजा को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर डकैती और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।

# स्टेट प्रगति पोर्टल से होगी योजनाओं की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में स्टेट प्रगति पोर्टल की समीक्षा में कहा कि विभागों द्वारा संचालित राज्य एवं केंद्रपोषित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा स्टेट प्रगति पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी। विभागों द्वारा अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं को इसमें शीघ्र से शीघ्र अपलोड किया जाए।

मुख्य सचिव (सीएस) ने नियोजन विभाग द्वारा तैयार पोर्टल पर इस प्रकार डिजाइन किए जाने के निर्देश दिए कि योजनाओं की विभागवार एवं योजनावार समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि विभागों को अपने प्रोजेक्ट्स के विभिन्न स्तर के माइलस्टोन निर्धारित करने होंगे, ताकि धीमी प्रगति वाले और प्रोजेक्ट्स पर नजर रखी जा सके।

इससे योजनाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करने में सहायता मिलेगी।

सीएस ने पोर्टल में सभी विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार की सभी योजनाओं को भी शामिल किए जाने की बात कही। कहा कि हम इन योजनाओं से अब तक कितना रोजगार उत्पन्न कर पाए हैं, इसका विश्लेषण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए नियोजन विभाग को सभी विभागों की स्वरोजगार से सम्बन्धित योजनाओं का पिछले 3 से 5 वर्षों का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं की समीक्षा हो सके और उसकी खामियों को समझकर दूर किया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम, अपर सचिव झरना कमठान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

- पोर्टल में सभी विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार की सभी योजनाएं होंगी शामिल

### सीएस ने लिया पोर्टल का ट्रायल

मुख्य सचिव ने स्टेट प्रगति पोर्टल का ट्रायल लेते हुए विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीएस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों आदि के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण कार्यों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को मैन पावर और मशीन अपग्रेडेशन को भी अपनी योजनाओं में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए हॉलिस्टिक प्लान तैयार किए जाने की बात कही। साथ ही भवन निर्माण में बेसमेंट पार्किंग को अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने पर जोर दिया।

## दोस्तों के सामने डूबा युवक

**रुद्रप्रयागः** रुद्रप्रयाग जनपद के खांकरा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गधेरे में नहाने गए 21 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, अंशुल जमलोकी (21) पुत्र विनोद जमलोकी, निवासी ग्राम कोठड़ा, गुप्तकाशी का रहने वाला था, जो वर्तमान में अध्ययनरत था। मंगलवार को वह अपने दोस्तों के साथ खांकरा क्षेत्र घूमने आया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी युवक बदरीनाथ नेशनल हाईवे के समीप सम्राट होटल के पास स्थित मोलदा गधेरे में नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान अचानक अंशुल गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके और युवक देखते ही देखते पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही तत्काल अलर्ट किया गया।

# सीएम ने दी स्व. जोशी को श्रद्धांजलि

- गोलीबारी का शिकार हुए पूर्व सैन्य अधिकारी का अंतिम संस्कार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** देहरादून में दो कारों में सवार युवकों के बीच गोलीबारी की चपेट में आकर जान गंवाने वाले सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। गमगीन माहौल के बीच जोशी के बेटे ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

जोशी (74) सोमवार सुबह मसूरी रोड पर जोहड़ी गांव में सैर पर निकले थे जहां फार्च्यूनर और स्कॉपियो कार में सवार दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान गोली लगने से उनकी मौत हो गई थी। इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोहड़ी गांव में स्थित स्वर्गीय जोशी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धामी ने उनके शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात करने के बाद संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आम लोगों की सुरक्षा को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि अधिकारियों को प्रदेश में 'ऑपरेशन प्रहार' चलाकर अवांछित और हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम धामी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सीएम के साथ सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। इस सनसनीखेज प्रकरण में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि चार अन्य की तलाश की जा रही है।



स्व . मुकेश जोशी (सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर) के परिजनों से वार्ता कर शोक जताते सीएम।

# रिश्वतखोरी पर सख्त कार्रवाई पारदर्शी सिस्टम में बड़ा कदम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जीरो टॉलरेंस नीति का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से जमीन पर दिखाई दे रहा है। डोईवाला क्षेत्र में तैनात उप शिक्षा अधिकारी को महिला सहयोगी को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया जाना सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, इस घटना को केवल एक कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को साफ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। आरटीई प्रतिपूर्ति जैसे संवेदनशील विषय में रिश्वत की मांग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर गरीब बच्चों के अधिकारों के साथ अन्याय भी है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, प्रदेश में सतर्कता विभाग एवं अन्य जांच एजेंसियों द्वारा लगातार ट्रैप ऑपरेशन संचालित किए जा रहे हैं और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है। दोषियों को रंगे हाथ पकड़कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है, जिससे सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही निरंतर सुदृढ़ हो रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन नीतियों को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करना ही प्राथमिकता है। यही कारण है कि राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई अब तेज और परिणामकारी होती नजर आ रही है। इस प्रकार की सख्त कार्रवाइयों से आम जनता का सरकार और प्रशासन पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। नागरिकों को यह भरोसा मिल रहा है कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई होगी और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा एवं रिश्वत के प्राप्त हो सकेगा।

**आदेश**

हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद दी अनुमति

# नैनीताल में अब ठेकेदार के माध्यम से होगी टोल वसूली

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नैनीताल नगर पालिका को बड़ी राहत देते हुए बारापत्थर, फांसी का गधेरा और लेक ब्रिज चुंगी से टोल वसूली ठेके के माध्यम से कराने की अनुमति दे दी है।

खंडपीठ ने यह आदेश पर्यावरणविद प्रोफेसर अजय रावत की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को दिए। पालिका की ओर से प्रार्थना पत्र दायर कर अदालत से अपने पुराने आदेश में संशोधन कर निविदा जारी कर ठेकेदार के माध्यम से टोल वसूलने की मांग की गई थी। नगर पालिका की ओर से कहा गया कि उसके पास संसाधनों की कमी है। वह स्वयं के संसाधनों से टोल वसूली करने में अक्षम है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। खंडपीठ ने एसएसपी को निर्देश दिए कि अदालत ने पूर्व में टैक्सी के रूप में चल रहे दोपहिया वाहनों (टीबी नंबर) के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए थे। उस आदेश के अनुपालन के संबंध में तीन सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट पेश करें।



**सूपी गांव का मुद्दा पहुंचा हाईकोर्ट : नैनीतालः** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने फल पट्टी के रूप में जाने जाने वाले रामगढ़ ब्लॉक के सूपी ग्राम सभा में सड़क निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और मंडी समिति को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। सूपी निवासी रूप सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई।

### ड्राफ्ट्समैन भर्ती में सिविल डिप्लोमा धारक भी पात्र

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने ड्राफ्ट्समैन (मानचित्रकार) भर्ती प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने एकलपीठ के उस पुराने आदेश को पूरी तरह से रद्द कर दिया है, जिसमें केवल 'ड्राफ्ट्समैन ट्रेड' के सर्टिफिकेट धारकों को ही शहरी विकास विभाग में नियुक्ति के योग्य माना गया था। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि नियोक्ता विभाग किसी तकनीकी पद के लिए योग्यता की व्याख्या करता है, तो अदालत को उसमें तब तक हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जब तक वह मनमाना या नियमों के विरुद्ध न हो। इस फैसले से अब सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा और आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। यह पूरा मामला साल 2023 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा निकाली गई 77 पदों की भर्ती से शुरू हुआ था। विज्ञापन में शहरी विकास विभाग के लिए योग्यता 'संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा/आई टी आई' मांगी गई थी। इस पर आयोग ने विभाग से स्पष्टीकरण मांगा, जिस पर विभाग ने कहा कि 'संबंधित ट्रेड' में सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप भी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने अब सभी अंतरिम रोक हटाते हुए उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को तत्काल चयन प्रक्रिया पूरी करने और नियुक्तियां देने की स्वतंत्रता दे दी है।

## सिटी ब्रीफ

### यूओयू में 9 अप्रैल तक ऑनलाइन लें प्रवेश

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दी है। यह बदलाव यूजीसी-डेब के 31 मार्च के नए दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। विवि प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों को अब 9 अप्रैल तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का मौका दिया है। अध्ययन केंद्र और विद्याशाखाओं से अपेक्षा की गई है कि वे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें, जिससे अधिक से अधिक इच्छुक प्रवेशार्थी प्रवेश ले सकें। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि विवि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी अभ्यर्थियों से समय रहते प्रवेश लेने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए विवि की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### खाली प्लॉट में लगी आग तारों के बंडल राख

**हल्द्वानी :** गौजाजाली क्षेत्र के गणपति विहार फेज-2 में बुधवार को एक खाली प्लॉट में अचानक आग लग गई। आग ने वहां रखे तारों के बंडलों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग तेजी से फैलते हुए चार बंडल तारों तक पहुंच गई, जो कुछ ही देर में जलकर राख हो गए। इन तारों के जलने से उठे घने काले धुएं ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के पीछे अराजक तत्वों की भूमिका की आशंका जताई जा रही है।

### पहाड़ों पर हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड में आगामी दिन मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है। राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों (3500 मीटर या उससे अधिक) में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश, गरज-चमक के साथ वर्षा तथा बर्फबारी हो सकती है। वहीं, राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने फिलहाल किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है, जिससे साफ है कि स्थिति सामान्य बनी हुई है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में आसमान मुख्यत: साफ से आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

### बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण: 31 मार्च तक बंटे पीएम आवास योजना के 8 हजार से अधिक फार्म

# चिह्नित हुए 4365 घर, पीएम आवास को 6900 फार्म जमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में रेलवे की भूमि पर काबिज परिवारों को सुप्रीम कोर्ट ने बसाने का अधिकार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 20 मार्च से बनभूलपुरा में 6 स्थानों पर कैंप लगा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म बांटने का काम शुरू किया गया और 1 अप्रैल को इसकी मियाद खत्म हो गई। रेलवे की भूमि पर 4365 घर को कब्जे के तौर पर चिह्नित किया गया और कैंपों के जरिए 1 अप्रैल तक 8 हजार से ज्यादा फार्म वितरित किए जा चुके हैं। जबकि 6900 लोग फार्म जमा कर चुके हैं।



उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि 20 मार्च से बनभूलपुरा क्षेत्र में 6 स्थानों पर कैंप लगाकर फार्म वितरण और जमा कराने का काम शुरू किया गया था। कैंप 31 मार्च तक ही आयोजित किए जाने थे, लेकिन लोगों की सुविधा को देखते हुए इसे एक दिन और 1 अप्रैल तक बढ़ाया गया। 14 मार्च से विभिन्न टीमों ने घर-घर जाकर फार्म वितिरित किए थे। इस दौरान 8 हजार से ज्यादा फार्म वितरित किए गए और 1 अप्रैल तक 6900 लोगों ने अपने फार्म भर कर जमा किए। त्रिपाठी का कहना है कि तमाम लोगों ने फार्म गलत भर दिए थे, जिसकी वजह से फार्म का वितरण ज्यादा हुआ। अब भी जो लोग फार्म जमा करने से वंचित रह गए हैं, उनके लिए नगर निगम में एक विंडो खोली जा रही है। फार्म जमा करने से वंचित लोग 2 और 4 अप्रैल को इस विंडो पर अपने फार्म जमा कर सकते हैं।

#### 31 हेक्टेयर भूमि पर 50 हजार आबादी

आरटीआइ एक्टीविस्ट रवि शंकर जोशी की जनहित याचिका पर उत्तराखंड हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में हल्द्वानी में रेलवे स्टेशन से लगी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए थे। यहां 31 हेक्टेयर भूमि पर 4365 घर अतिक्रमण के दायरे में चिन्हित किए गए, जिनमें करीब 50 हजार की आबादी निवासरत है। क्षेत्र में पांच सरकारी स्कूल, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चार मदरसे, 20 मस्जिद और पांच मंदिर हैं। इस आदेश के विरुद्ध जनवरी 2023 में हल्द्वानी के अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट का आदेश स्टे कर दिया था।

#### इसी माह होगी अगली सुनवाई

बीती फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाया था। अपने फैसले में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि झुग्गियों में रहने वालों के प्रति पूरी हमदर्दी है। बेहतर और सुरक्षित जगह पर रहने का अधिकार सबका है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जा हटाना जरूरी है और यह उत्तराखंड के अन्य अतिक्रमण मामलों पर लागू नहीं होगा। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल 2026 में होगी। तब तक रेलवे जमीन से अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं होगी।

# 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल कराने पर ही मिलेगा रिफंड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय रेल ने टिकट रद्द करने के नियमों में अहम बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। बुधवार से काठगोदाम और हल्द्वानी समेत देशभर में ये नियम प्रभावी हो गए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 8 घंटे से कम समय पहले कन्फर्म टिकट कैंसिल कराने पर यात्रियों को कोई रिफंड नहीं मिलेगा। इससे पहले यह समय सीमा 4 घंटे निर्धारित थी। रेलवे की ओर से जारी नए नियमों के अनुसार, यात्रियों को पूरा रिफंड पाने के लिए टिकट ट्रेन के निर्धारित समय से कम से कम 72 घंटे (तीन दिन) पहले रद्द कराना होगा, जबकि पहले यह सीमा 48 घंटे (दो दिन) थी। वहीं, 24 से 72 घंटे के बीच टिकट कैंसिल कराने पर कुल किराये का 25 प्रतिशत शुल्क काटा जाएगा। इसी तरह 8 से 24 घंटे के बीच टिकट कैंसिल करने पर 50 प्रतिशत राशि काटी जाएगी। काठगोदाम के सीआरसी महेश प्रसाद ने बताया कि नए नियमों का उद्देश्य अंतिम समय में टिकट कैंसिल होने से खाली सीटों की समस्या को कम करना और प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि टिकट रद्द कराने से पहले नए नियमों की जानकारी जरूर लें, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।

# एक माह से नए रसोई गैस कनेक्शन मिलना पूरी तरह से बंद

### उपभोक्ताओं की परेशानियां बरकरार, इंडेन गैस का वितरण खासा प्रभावित, कई जगह नहीं पहुंचे रहे सिलेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की परेशानियां दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक माह से नए गैस कनेक्शन मिलना पूरी तरह से बंद हो गए हैं। अभी लोगों की जद्दोजहद केवल किसी तरह से गैस सिलेंडर पाने की है।

एक मार्च से गैस सिलेंडर का संकट शुरू हो गया था। एक माह बीत गया है और यह संकट अभी भी चल ही रहा है। इस बीच गैस उपभोक्ताओं के लिए कई नियम बदले गए। पहले जहां घरेलू गैस सिलेंडर 15 दिन की रिफलिंग के बाद बुक हो जाता था वहीं अब यह मियाद 25 दिन की चल रही है। इसमें भी इंडेन गैस उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान हैं। उनको डीएसी नंबर मिलने के बाद भी सिलेंडर के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

इधर एक समस्या और भी है। चाहें घरेलू हो या कमर्शियल किसी भी तरह के ग्राहक को नया कनेक्शन नहीं मिल रहा है। यह सुविधा एक माह से बंद की जा चुकी है। लोगों को बताया जा रहा है कि जब तक यह संकट ठीक नहीं होता है तब तक कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा दिक्कत कमर्शियल गैस सिलेंडर वालों को है। रेस्टोरेंट जैसे नए कारोबार शुरू करने वाले इस इंतजार में बैठे हैं कि कब यह संकट खत्म हो और उन्हें नया कमर्शियल गैस कनेक्शन मिले।

सुभाषनगर निवासी सुधीर कुमार ने बताया कि वह एक रेस्टोरेंट खोलने की शुरूआत करने वाले थे लेकिन नया कमर्शियल गैस कनेक्शन ही नहीं मिल रहा है। तल्ली बमौरी निवासी विकास पांडे ने बताया कि अपने रेस्टोरेंट की एक नई फूड चेन खोलने पर काम कर रहे थे लेकिन फिलहाल गैस कनेक्शन नहीं मिलने की वजह से योजना रद्द कर दी गई है।



हल्द्वानी में गैस सिलेंडर लेने के लिए इंतजार में खड़े लोग।

> अभी केवल पुराने उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। अब बैकलॉग भी कम हो रहा है। धीरे-धीरे स्थिति में सुधार होगा, फिलहाल किसी को भी नया गैस कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है।
> **-गणेश सिंह नेगी,** प्रबंधक, इंडेन गैस, शीशमहल- हल्द्वानी

#### पेट्रोल-डीजल के रेट में बदलाव नहीं

हल्द्वानी में पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एचपी के पेट्रोल पंप पर सादा पेट्रोल 92.89 रुपये, प्रीमियम पेट्रोल 99.89 रुपये और डीजल 87.70 रुपये में मिल रहा है। जिस एक्सट्रा प्रीमियम पेट्रोल के मूल्य बढ़े हैं वह 160 रुपये लीटर तक पहुंचा है। उसका उपयोग लग्जरी वाहनों और स्पोर्ट्स बाइक में होता है। फिलहाल इसके उपभोक्ता हल्द्वानी में बेहद कम हैं।

#### 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर अब 2168 रुपये में

**हल्द्वानी :** सरकारी कंपनियों ने 19 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। इसमें अब 170 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है और एक माह पूर्व एक मार्च को इसमें 114.50 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। एक माह में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 284.50 रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई है। व्यवसायिक उपभोक्ताओं को जहां सिलेंडर मुश्किल से मिल रहा है तो वहीं अगर मिल भी रहा है तो ज्यादा दामों में मिल रहा है। राज्य में कुल 60976 गैस उपभोक्ताओं के पास कमर्शियल गैस सिलेंडर हैं। इमनें सबसे ज्यादा उपभोक्ता देहरादून में हैं और सबसे कम चंपावत में हैं। नैनीताल जिले में 1068 गैस उपभोक्ताओं के पास कमर्शियल गैस सिलेंडर हैं। अब 19 किलो कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 2168.50 रुपये हो गया है जबकि एक माह पूर्व तक करीब 1998.50 रुपये तक में मिल रहा था। गैस कंपनियों का कहना है कि नई दर लागू होते ही सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं। डीएसओ मनोज बर्मन ने बताया कि हमारे जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर में करीब 170 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। जो नए सिलेंडर आ रहे हैं उनका फइायदा यह है कि सिलेंडर में गैस पूरी तरह से खत्म होती है।



#### कालाबाजारी पर हमारी पूरी नजर: डांगी

**हल्द्वानी :** नगर निगम हल्द्वानी की बोर्ड बैठक में गैस सिलेंडर कालाबाजारी को लेकर बहुत हंगामा हुआ। पार्षदों ने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोका जाए। इधर पूर्ति निरीक्षक राहुल डांगी ने कहा कि विभाग लगातार अभियान चलाता है। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि बद्रीपुरा क्षेत्र में इंडेन गैस के ठेकेदार के कर्मचारी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते हुए पकड़े गए थे। इस पर पूर्ति विभाग की काफी किरकिरी भी हुई थी।



# एलपीजी कालाबाजारी पर अब तक चार एफआईआर

संवाददाता, हल्द्वानी

- एडीएम प्रशासन ने दी जानकारी जिले में गैस सिलेंडरों की स्टॉक भी मौजूद

**अमृत विचार:** गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी के लग रहे आरोपों के बीच प्रशासन ने कदम उठाया है। कालाबाजारी रोकने और गैस सिलेंडर की शत-प्रतिशत स्पॉट आपूर्ति के लिए प्रशासन ने त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) का गठन किया है। इसके तहत कार्रवाई भी हुई हैं।

एडीएम प्रशासन ने विवेक रायत ने अवगत कराया कि एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर अभी तक चार एफआईआर दर्ज हुई हैं। 12 घरेलू गैस सिलेंडर और 28 व्यवसासयिक गैस सिलेंडर और 22 छोटे सिलेंडरों के साथ ही एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है। क्यूआरटी ने 60 गैस एजेंसियों, 78 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और 73 गैस डिलीवरी वाहनों का निरीक्षण किया गया है।साथ ही औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि शासन ने जो टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराए थे उन पर गैस उपभोक्ताओं की कुल 53 शिकायतें दर्ज हुई हैं। उनकी समस्या का समाधान किया गया है। सभी गैस कंपनियों के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया गया है। बताया कि 31 मार्च को जिले में 8391 घरेलू और 487 व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

साथ ही 7648 उपभोक्ताओं को घरेलू और 587 व्यवसायिक उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिए जाना निश्चित हुआ है। जिले में घरेलू गैस का 6729 और व्यवसायिक का 1980 गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है।

#### गैस की कालाबाजारी दिक्कत पर यहां करें फोन

टोल फ्री नंबर-1077

लैंड लाइन नंबर-05942-231179, 231178

व्हाट्सएप नंबर-8272080884

# विधायक का दावा: ₹2500 में ब्लैक हो रहे गैस सिलेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदों द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का मुद्दा उठाना एकदम सही है।



उन्होंने सरकार पर निशाना साधा कि, केंद्र, राज्य और नगर निगम तीनों जगह इनकी सरकार है। विधायक ने दावे के साथ चुनौती दी कि रसोई गैस की कालाबाजारी हो रही है और 2500 रुपये में सिलेंडर मिल रहा है। इसे सरकार व प्रशासन रोककर दिखाएं। विधायक ने कहा कि पार्षद फ्रंट लाइन में रहते हैं, उन्हें हकीकत अच्छी तरह से पता है। सत्यता को नहीं छिपाया जा सकता है।

वहीं, विधायक सुमित हृदयेश ने अपने बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि राजधानी देहरादून अब सुरक्षित नहीं रह गई है और यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो गई है। उन्होंने मांग की कि शस्त्र लाइसेंस जरूरत होने पर ही जारी किए जाएं न कि स्टेट्स सिंबल के लिए। कहा कि, राज्य में गन कल्चर के प्रचलन को खत्म करना चाहिए। आरोप लगाया कि, हल्द्वानी में भी एक पार्षद ने लाइसेंसी बंदूक से हत्या की घटना की थी।

### बस के इंजन में लगी आग, कप्तान ने बुझाई

**हल्द्वानी :** अल्मोड़ा से हल्द्वानी आ रही रोडवेज बस के इंजन में आग लग गई। इस दौरान एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बस रुकवाकर अग्निशामक यंत्र से आग बुझाई।

एसएसपी बुधवार रात नैनीताल रोड पर भ्रमण पर थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि जजी परिसर के पास बस के इंजन से लपटें निकल रही हैं। तत्काल उन्होंने बस रुकवाई और पेट्रोल पंप से अग्निशामक यंत्र लाकर करीब 10 मिनट में आग पर काबू पाया। बस में 15 यात्री थे। चालक ने एसएसपी को बताया कि क्लच प्लेट ज्यादा गर्म होने के कारण स्पार्किंग कर गए होंगे जिस वजह से आग लग गई। गनीमत रही कि एसएसपी ने समय रहते तत्परता दिखाई और बड़ा हादसा बच गया।



ब्लॉक प्रमुख से मुलाकात करतीं नगर पालिका अध्यक्ष।

#### गैस सिलेंडर वितरण की व्यवस्था दुरुस्त हो

**भीमताल :** गैस सिलेंडर को लेकर हो रही परेशानी के समाधान के लिए पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह के साथ ब्लॉक परिसर स्थित गैस बुकिंग कार्यालय पहुंचकर डीएसओ से वार्ता की। कहा कि भीमताल क्षेत्र में गैस सिलेंडरों का वितरण रोस्टर अनुसार नियमित किया जाए। जिन क्षेत्रों के लिए वाहन भेजा जाए, वहीं पर सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। डीएसओ ने बताया कि 2 अप्रैल को सिलेंडर की गाड़ी डांठ क्षेत्र वार्ड नंबर-2 के लिए पहुंचेगी, जो डांठ रामलीला मंच के पास खड़ी रहेगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट से शिष्टाचार मुलाकात कर विभिन्न योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श भी किया।

# ब्लॉक सभागार में उठा गैस का मुद्दा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल ब्लॉक सभागार में बुधवार जनसंवाद दिवस में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने जन समस्याओं को सुना। विभागीय अधिकारियों को बुलाकर निराकरण करवाया। जनसंवाद में आए फरियादियों ने गैस वितरण से संबंधित समस्या को रखा।

डॉ. बिष्ट ने जिला पूर्ति अधिकारी को जनसंवाद में बुलाकर समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए। गैस का वितरण रोस्टर अनुसार सुचारू आपूर्ति हो। डॉ. बिष्ट ने इसके तत्काल आदेश जारी करने को कहा। बिष्ट ने कहा जिनकी गैस बुकिंग पहले है उन्हें पहले गैस वितरण करे। जंगलिया गांव बूढ़ाधूरा, मलुवाताल, खेरोला, सलड़ी हरीनगर के जनप्रतिनिधियों ने बताया माह फरवरी से गैस की गाड़ी नहीं पहुंची प्रमुख ने गैस वितरण में किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाए। ग्रामीण एवं भीमताल शहर को संतुलित व नियमित रोस्टर अनुसार गैस का वितरण करे। जिस क्षेत्र में गैस वितरण होनी है वहां के जनप्रतिनिधियों को एक दिन पूर्व सूचित कर दे। साथ ही सभी क्षेत्र वासियों से अपील की गैस पर्याप्त मात्रा में आ रही हैं। सभी लोग धैर्य रखे किसी प्रकार की पैनिक स्थिति हड़बड़ी न बनाए। जिस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने गैस सिलेंडर के रोस्टर अनुसार निर्धारित छेत्र में वितरित करने के निर्देश दिए। पूर्ति अधिकारी ने इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रबंधक को पत्र जारी किया है। बेलुवाखान से आए ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को लेकर समाधान की माग की प्रमुख ने दूरभाष से जल संस्थान विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करने के निर्देश दिए। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा,जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान लक्ष्मण गंगोला, ममता दुमका , प्रेमलता देवी, प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश पलड़िया,सभासद रामपाल गंगोला, बीडीसी पंकज सूर्या, मनोज भट्ट, पवन साह, कमल जंतवाल, ललित मोहन, गौरव रमोला, हरेंद्र बिष्ट, उमेश ओली, किशन बिष्ट आदि रहे।

# हालात: बेस अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन है एक साल से बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

- बेस अस्पताल में रोजाना होते थे 10-20 मरीजों के सीटी
- स्कैन मशीन बंद होने से निजी अस्पतालों के लगा रहे हैं चक्कर

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल, हल्द्वानी में सीटी स्कैन मशीन पूरी तरह से बंद हो गई है, जिससे न केवल हल्द्वानी बल्कि पूरे कुमाऊं क्षेत्र से आने वाले मरीजों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, जब नैनीताल रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा था, उस दौरान मशीन को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था, लेकिन बाद में इसे दोबारा इंस्टॉल नहीं किया जा सका।

बताया जा रहा है कि यह मशीन पहले से ही काफी पुरानी हो चुकी थी और अब पूरी तरह से निष्क्रिय हो गई है। वर्तमान में इस मशीन के लिए नया टेंडर प्रस्तावित है, लेकिन प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग





10 से 20 मरीजों के सीटी स्कैन होते थे, जिनमें सिर की चोट, ब्रेन से जुड़ी समस्याएं और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीज शामिल रहते थे। मशीन बंद होने से इन मरीजों को अब निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनका आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

वहीं, पहले सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) में सीटी स्कैन मशीन खराब होने की स्थिति में मरीजों के पास बेस अस्पताल का विकल्प रहता था, लेकिन अब यह सुविधा भी समाप्त हो गई है।

स्थिति को और गंभीर बनाते हुए बेस अस्पताल में न्यूरोसर्जन का आना भी बंद हो गया है, जिससे न्यूरो से संबंधित सभी सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। हल्द्वानी में पहाड़ से काफी संख्या में लोग आते हैं और स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने से उन्हें मायूसी हाथ लगती है।

पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने इस संबंध में बताया कि मशीन की स्थिति से शासन को अवगत करा दिया गया है और उम्मीद है कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर नई मशीन की व्यवस्था की जाएगी।

# पिता ने नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

- सौतेली मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा

**अमृत विचार:** नगर से सटे एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। नशे के आदी पिता ने अपनी ही 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर पिता-पुत्री के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया। घटना के सामने आते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

पीड़िता की सौतेली मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पति, जो अक्सर नशे में रहता है, ने अपनी पहली पत्नी से जन्मी नाबालिग बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की देखभाल सौतेली मां ही कर रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (2), 115 (2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एन) व 6 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सुशील कुमार, प्रभारी निरीक्षक रामनगर कोतवाली ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने आरोपी को देर शाम गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी की दो शादियां हुई थीं। पहली पत्नी से जन्मी बालिका की परवरिश सौतेली मां कर रही थी। सौतेली मां ने साहस दिखाते हुए मामले की शिकायत पुलिस में की।

### युवक पर किया हमला बेहोश होने तक पीटा

**हल्द्वानी:** रोडवेज के पास बुधवार शाम एक युवक पर हमला कर उसे बेहोश होने तक पीटने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रेम सिनेमा के पास शाम के समय बाइक सवार दो युवक पहुंचे और वहां पहले से मौजूद युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद हाथापाई में बदल गया और दोनों हमलावरों ने मिलकर युवक को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट इतनी गंभीर थी कि युवक बेहोश होकर सड़क किनारे नाली में जा गिरा। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और कई लोग वीडियो बनाते नजर आए। इसी बीच एक राहगीर ने मानवता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी और घायल युवक को बेस अस्पताल भिजवाया, जहां उसे होश नहीं आया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि जानकारी जुटाई जा रही है।

# कार पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हमला, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, कालाढूंगी

- रेता-बजरी कारोबार के विवाद के चलते हुई वारदात

**अमृत विचार:** चकलुवा क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक ने दबंगई दिखाते हुए ढाबे में खड़ी कार को कई बार टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में कार सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। वारदात के बाद चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी को वाहन समेत गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार रात हल्द्वानी-कालाढूंगी हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के पास स्थित न्यू पहाड़ी ढाबे में हिमांशु देउपा निवासी लच्छमपुर विदरामपुर अपने दोस्त के साथ कार में बैठे थे। तभी प्रवीण देउपा निवासी चौधरी गेट विदरामपुर ट्रैक्टर लेकर आया और तेज गति से कार को एक के बाद एक चार बार टक्कर मार दी। घटना से ढाबा संचालक, कर्मचारी और ग्राहक भयभीत हो गए। हमले में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ढाबे की दीवार, फर्नीचर और शीशे भी टूट गए। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बुधवार को पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों के बीच निहाल नदी से रेत-बजरी कारोबार को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि जल्द मामले की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### हाईकोर्ट के आदेश पर सुबह 8 बजे से पहले पहुंची टीम, भारी पुलिस बल के साथ ध्वस्त किया अतिक्रमण

# चोरगलिया में वन विभाग ने 40 साल पुराना अतिक्रमण हटाया

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार:** लाखन मंडी ग्राम सभा के दुबेलबेरा गांव में वन विभाग ने बुधवार सुबह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। वन विभाग की टीम सुबह 8 बजे से पहले ही मौके पर पहुंच गई और लगभग 40 वर्षों से बसे परिवार का अतिक्रमण हटाया गया।

बताया गया कि हरिश्चंद्र पोखरिया का परिवार पिछले चार दशकों से पशुपालन और मजदूरी कर यहां जीवनयापन कर रहा था, जबकि वन विभाग इस भूमि को अतिक्रमण बता रहा था। इससे पहले 7 अगस्त 2025 को भी एसडीओ गणेश जोशी के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को एसडीओ गणेश जोशी, रेंजर एलएस मर्तोलिया, जौलाशाल रेंज के अधिकारी, पुलिस विभाग के सीओ लालकुआं तथा चोरगलिया थाना पुलिस सहित वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। अतिक्रमण स्थल से करीब 500 मीटर पहले ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके बाद सुबह 8 बजे से पहले ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली गई। वन विभाग ने मौके से बरामद सामान को रेंज कार्यालय में जमा कर दिया है।


चोरगलिया में इसी स्थान से हटाया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार


अतिक्रमण स्थल से बरामद सामान। ● अमृत विचार


ओखलकांडा के किटौड़ा में ब्लॉक प्रमुख और पूर्व विधायक का स्वागत करते ग्रामीण।

### गलनी से किटौड़ा तक सड़क निर्माण से ग्रामीणों में उत्साह

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के अंतर्गत गलनी से किटौड़ा तक निर्मित सड़क के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक प्रमुख डी रूबाली और पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी ने सड़क का निरीक्षण किया। जैसे ही उनका वाहन गांव पहुंचा, ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख डी रूबाली ने कहा कि यह कार्य यहीं तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में इस सड़क को गुरूम, टिमर और बडोन धुरा तक जोड़ा जाएगा, जिससे दूरस्थ गांव भी मुख्य मार्ग से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह सड़क स्थानीय युवाओं, किसानों और आम जनमानस के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी और क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि उमेश चिलवाल का विशेष सहयोग रहा, जिनके संयुक्त प्रयासों से यह सपना साकार हो सका।

# जिला बार एसोसिएशन के अरुण सिंह बिष्ट अध्यक्ष, संजय सचिव बने

### उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल ने दर्ज की जीत, शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चुनाव

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। कड़े मुकाबले में अध्यक्ष पद पर अरुण सिंह बिष्ट और सचिव पद पर संजय सुयाल विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल ने जीत दर्ज की।

सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम तीन बजे तक चली। इसके बाद मतगणना के उपरांत शाम करीब पांच बजे मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश चंदोला ने परिणाम घोषित किए। अध्यक्ष पद पर अरुण सिंह बिष्ट को 96 मत मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीरज साह को 88 और हरिशंकर कंसल को 71 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर संजय सुयाल को 130 मत मिले, जबकि अनिल सिंह बिष्ट को 124 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल को 152 मत मिले, जबकि प्रमोद तिवाड़ी को 98 मतों से संतोष करना पड़ा। चुनाव में पंजीकृत 300 से अधिक अधिवक्ताओं में से 257 ने मतदान किया। परिणाम घोषित होने के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नये पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में सह-निर्वाचन अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान, मुकेश चंद्र, शिवांशु जोशी तथा बार क्लर्क आनंद कुमार का योगदान रहा।


प्रमाण पत्र के साथ नैनीताल जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

#### कई अधिवक्ता नहीं डाल सके वोट

बार एसोसिएशन चुनाव में कई अधिवक्ता मतदान से वंचित रह गए। जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 के बाद पंजीकृत अधिवक्ताओं को मतदान की अनुमति नहीं दी गई। इसके अलावा जिन अधिवक्ताओं ने शुल्क जमा नहीं किया था, वे भी मतदान नहीं कर सके। नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को मतदान का अधिकार दिया गया जिनका पंजीकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर हुआ और जिनकी सभी देनदारियां जमा थीं।

#### संयुक्त सचिव सहित चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

जिला बार एसोसिएशन में संयुक्त सचिव पद पर नीरज गोस्वामी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद पर तारा आर्या, प्रेमा आर्या, निर्मल कुमार और मोहम्मद बिलाल निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी के पांच पदों में से चार पर ही नामांकन होने के कारण चुनाव की आवश्यकता नहीं पड़ी। पांचवां पद जिला न्यायाधीश की संस्तुति से भरा जाएगा।


भीमताल परिसर का निरीक्षण करते कुलपति।

# कुलपति ने किया निरीक्षण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने छात्रावासों का जायजा लिया और विद्यार्थियों से अलग कक्ष में बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

इसके बाद कुलपति ने बायोटेक विभाग का निरीक्षण किया। साथ ही पीएम ऊषा मेरू योजना, राज्य सरकार एवं स्ववित्त पोषित लॉ कॉलेज, फार्मेसी ब्लॉक, होटल मैनेजमेंट भवन, बायोटेक अनुसंधान भवन, फार्मेसी लैब तथा एमबीए गेस्ट हाउस के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुलपति ने फार्मेसी विभाग में सूक्ष्म अणुओं पर गहन अध्ययन के लिए स्थापित अति संवेदनशील उपकरण प्रयोगशाला का भी अनावरण किया। उन्होंने शिक्षकों और शोधकर्ताओं को शोध कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान परिसर निदेशक प्रो. एल.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे, संकायाध्यक्ष तकनीकी संकाय प्रो. अनीता सिंह, विभागाध्यक्ष फार्मेसी प्रो. कुमुद उपाध्याय, संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल साइंस प्रो. महेंद्र राणा सहित शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### शौचालय की दीवार गिरी, दो छात्र घायल

**नैनीताल:** नैनीताल के निकटवर्ती ग्राम भूमियाधार में बड़ा हादसा हो गया, जब स्कूल परिसर में स्थित जर्जर शौचालय की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। हादसे में दो छात्र इसकी चपेट में आकर घायल हो गए।

घायलों में एक छात्र मयंक के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद भवाली अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। दूसरे छात्र को भी हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि शौचालय काफी समय से जीर्णशीर्ण अवस्था में था। दीवार को बिना मजबूत बीम के खड़ा किया गया था, जिससे उसकी मजबूती पर पहले से ही सवाल उठ रहे थे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिभुवन आर्य ने बताया कि शौचालय की खराब स्थिति को लेकर पहले ही संबंधित अधिकारियों को लिखित सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और स्कूल भवनों की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

# एडीजी ने कैडेट्स की सराहना की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कैडेट कोर के अपर महानिदेशक मेजर जनरल समीर भल्ला ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल का निरीक्षण किया। इस दौरान कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिससे परिसर में अनुशासन और गौरव का माहौल दिखाई दिया।

निरीक्षण के दौरान मेजर जनरल भल्ला ने मुख्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों का जायजा लिया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और अधीनस्थ इकाइयों के कमान अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 5 नेवल यूनिट एनसीसी के शिप मॉडलिंग इंस्ट्रक्टर कमलेश जोशी ने इकाई की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों ने प्रशिक्षण वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

इस दौरान कैडेट्स ने फायरिंग उपकरण, रॉक क्लाइम्बिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, शिप मॉडलिंग और ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया, जिसकी अधिकारियों ने सराहना की। मेजर जनरल भल्ला ने नैनीताल ग्रुप मुख्यालय को उत्कृष्ट और अनुकरणीय इकाई बताते हुए कहा कि कैडेट्स को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देकर जिम्मेदार नागरिक बनाया जाए। उन्होंने आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित कैडेट्स की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।


एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत मॉडल का निरीक्षण करते अपर महानिदेशक।

### मुकदमा निरस्त करने की मांग, ज्ञापन भेजा

**लालकुआं:** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले पत्रकारों ने खटीमा के पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ दर्ज मुकदमे के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

पत्रकारों ने तहसीलदार पूजा शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पत्रकार दीपक फुलेरा ने गैस किल्लत से संबंधित खबर को प्रकाशित कर जनता की समस्याओं को उजागर किया और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। यह कार्य पत्रकारिता के मूल उद्देश्य के अनुरूप था, लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने दर्ज मुकदमे को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के राष्ट्रीय पार्षद बीसी भट्ट, नगर अध्यक्ष रंजीत बोरा, महामंत्री दीप जोशी, शानू, संजय जोशी रहे।

# नए लेबर कोड्स का विरोध किया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** एक अप्रैल से देशभर में लागू किए गए नए लेबर कोड्स के विरोध में बुधवार को विभिन्न संगठनों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मासा (मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान) के आह्वान पर इस दिन को देशव्यापी काला दिवस के रूप में मनाया गया।

इसी क्रम में इंकलाबी मजदूर केंद्र, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, समाजवादी लोक मंच और परिवर्तनकामी छात्र संगठन के कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया और चारों नए लेबर कोड्स को रद्द करने की मांग की गई। इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रुहेला ने कहा कि नए लेबर कोड्स के तहत फैक्ट्री मजदूरों, ऑफिस कर्मचारियों, पत्रकारों और स्कूल, अस्पताल व होटल जैसे क्षेत्रों में कार्यरत कामगारों के संगठित होने और स्थायी रोजगार पाने के अधिकार पर हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के तहत महिला मजदूरों से रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट शिफ्ट में काम कराने का प्रावधान भी किया गया है, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है।

प्रदर्शन करने वालों में भुवन चंद्र, प्रभात ध्यानी, इंद्र सिंह मनराल, योगेश सती, तुलसी छिंवाल, राधा देवी, गिरीश चंद्र, जमनराम, किशन शर्मा, रवि कुमार और विनोद कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


एसडीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग।

**नमामि गंगे** "गंगा स्वच्छता पखवाड़ा" के समापन पर रंगारंग कार्यक्रम, विजेताओं को किया सम्मानित

# प्रतियोगिताओं में दीप्ति, मोनिका व कोमल विजेता

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई द्वारा आयोजित "गंगा स्वच्छता पखवाड़ा" का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.सी. पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत निबंध, भाषण, स्लोगन, पोस्टर, मेहंदी और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में दीप्ति लोहल ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय और निर्मल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, नेहा रावत द्वितीय और कुमकुम बौड़ाई तृतीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, नेहा रावत द्वितीय और पदमा तृतीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, रावत ने द्वितीय और दीक्षा मनराल तथा प्रियंका मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में दिव्या, करिश्मा और डॉली ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कहा कि गंगा स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कहा कि युवाओं के सहयोग से ही पर्यावरण की रक्षा संभव है। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. नीमा राणा, चीफ प्रॉक्टर एस.एस. मौर्य, प्रो. पुनीता कुशवाहा, डॉ. लोतिका अमित, डॉ. ऋतु, डॉ. सुरेश चंद्रा, डॉ. रीमा, डॉ. डी.एन. जोशी, डॉ. इंदु, डॉ. मुरलीधर कापड़ी, प्रशासनिक अधिकारी गोविंद जंगपागी, छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी पुरस्कार के साथ।

### मां नयना देवी मंदिर में होगी भागवत कथा

**नैनीताल।** श्री मां नयना देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली श्रीमद देवी भागवत कथा इस वर्ष 15 जून से 23 जून 2026 तक मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शुरू होगी।

इस वर्ष कथा के व्यासपीठ पर पंडित चन्द्रशेखर अधिकारी निवासी बग्वालीपोखर विराजमान होंगे। यह देवी भागवत कथा का चौथा वर्ष है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही नैनीताल भ्रमण पर आने वाले पर्यटक भी इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे। मंदिर का स्थापना दिवस 23 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी दिन कथा का समापन होगा। इस अवसर पर कुलपूजा, कन्या कुमारी पूजन, भंडारा और भजन संध्या सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।


खनस्यूं में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के स्वागत में उमड़ी भीड़।

### कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का भव्य स्वागत

**धानाचूली :** राम सिंह कैड़ा के उत्तराखंड सरकार में शहरी विकास एवं जलागम मंत्री बनने के बाद पहली बार गृह क्षेत्र ओखलकांडा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्र में जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और उत्सव जैसा माहौल बन गया। खनस्यूं, गलनी, साल, झड़गांव तल्ला, झड़गांव मल्ला, पतलोट, बद्रेठा, अधोड़ा और डुंगरी सहित कई गांवों में हजारों लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और बाइक रैली के साथ मंत्री का स्वागत किया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री कैड़ा ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र और राज्य के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लंबित विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। मंत्री कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। मंत्री के इस दौरे से क्षेत्र में विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है।

## सिटी ब्रीफ

### 22 लोगों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी :** रोटरी क्लब ऑफ हल्द्वानी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में निशांत गरकोटी, उदय भट्ट, समर्थ अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन मनोज शाह, शिविर आयोजक रोटेरियन विनोद गरकोटी, रोटेरियन वीके शर्मा, रोटेरियन गिरीश बिष्ट, रोटेरियन प्रेम मदान, रोटेरियन एलएम भट्ट एवं रोटेरियन डीएन जोशी मौजूद रहे। शिविर का संचालन सरकारी बेस अस्पताल हल्द्वानी की डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम ने किया। इस दौरान कुल 22 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

### जंगली सूअर के आतंक से ग्रामीण परेशान

**भीमताल :** ग्राम सभा रानीबाग के चौहानपाटा और इंदिरानगर क्षेत्र में गुलदार के बाद जंगली सुअरों का भी आतंक बढ़ गया है। पिछले दिनों इंदिरानगर क्षेत्र में गुलदार घर के आंगन से कुत्ते को पकड़ कर ले गया था। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक दीपक नौगांई ने बताया कि रात होते ही जंगली सूअर गांव की ओर आने लगे हैं। कुछ दिन पहले जंगली सूअर ने सुबह के समय अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने आई रानीबाग की महिला रेनू पर हमला कर दिया था। कल रात जंगली सुअर दीपक नौगांई के घर के पीछे खाली प्लॉट में देखे गए। वन्यजीवों के गांव की ओर रुख करने से गांव वाले शाम के बाद घरों से निकलने में डर रहे हैं।

# कॉपी-किताबों की बढ़ी कीमतें बनीं मुसीबत

## आसानी से भी नहीं मिल रही कॉपी-किताबें, स्टेशनरी दुकानों पर जुट रही अभिभावकों की भारी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होते ही शहर के स्कूलों में एक ओर जहां बच्चों की चहल-पहल और उत्साह देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में अभिभावक कॉपी-किताबों और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए दुकानों और बैंक्वट हॉल में लाइन लगाते हुए नजर आए। सत्र के पहले ही दिन बड़ी संख्या में अभिभावकों ने कॉपी-किताबों और ड्रेस की खरीदारी की।

कुछ अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्कूलों की ओर से जल्द से जल्द किताबें खरीदने के लिए कहा जा रहा है, जबकि शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किताबों और ड्रेस जल्दी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। अभिभावक किताबें खरीदने के लिए दुकानों में पहुंच रहे हैं, जबकि बाजार में सभी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में उन्हें फिर से दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। एक अभिभावक को किताबें खरीदने में औसतन आधे से पौने घंटे तक का समय लग रहा है। ड्रेस को लेकर भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। प्रत्येक निजी स्कूल की अलग-अलग डिजाइन, रंग और लोगो वाली ड्रेस अनिवार्य किए जाने से अभिभावकों को सीमित दुकानों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। जबकि शिक्षा विभाग के मानकों के अनुसार किसी विशेष दुकान या डिजाइन को अनिवार्य नहीं किया जा सकता। इस साल अधिकांश किताबों की कीमतों में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे उन निजी कंपनियों में कार्यरत अभिभावकों को अधिक दिक्कतें हो रही हैं, जिन्हें वेतन 7 तारीख के बाद मिलने से उन पर आर्थिक दबाव है।


एक दुकान पर स्कूल ड्रेस की खरीदारी करते अभिभावक।

### 280 तक एमआरपी, 43 प्रतिशत तक डिस्काउंट देकर लुभा रहे

**हल्द्वानी :** कॉपियों पर भी अभिभावकों को डिस्काउंट के धोखे में रखकर अच्छा मुनाफा वसूला जा रहा है। हिंदी की सिंगल लाइन कॉपियों की एमआरपी 70 रुपए तक रखी गई है। जिसमें डिस्काउंट के नाम पर अभिभावकों को लुभाया जा रहा है। इसी तरह गणित के 180 पेज के रजिस्टर पर 120 रुपए और अंग्रेजी के 280 पेज के रजिस्टर पर 180 एमआरपी छापी गई है। चौथी क्लास की कॉपी-किताबें भी करीब 4 हजार तक पहुंच रही हैं। इसी तरह नौवीं, दसवीं से लेकर बारहवीं क्लास की किताबों की कीमतें 6 से 8 हजार तक पहुंच रही हैं।

> कॉपी-किताबों और ड्रेस खरीदने को लेकर सभी स्कूलों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इसमें शिथिलता बरती जाए। ड्रेस खरीदने के लिए 20 अप्रैल तक का समय पूर्व के आदेश में दिया गया है। इसे लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> **- गोविंद राम जायसवाल,** मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल

### हर साल बदला जाता है सिलेबस

अभिभावकों ने बताया कि सीबीएसई की ओर से हर बार सिलेबस बदला जाता है। जिससे नए शैक्षणिक सत्र में पुरानी किताबें कबाड़ में चली जाती हैं। हर साल किताबों में कुछ न कुछ बदलाव किया जाता है। ताकि प्रत्येक सत्र में अभिभावकों से किताबों के नाम पर मोटी रकम वसूली जा सके। अभिभावक इसे लेकर पूर्व में भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।


देवलचौड़ के सरकारी स्कूल में किताबों के साथ विद्यार्थी, पार्षद व शिक्षक।

# नया शैक्षणिक सत्र शुरू बुक बैंक से बांटी किताबें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर बुधवार को राजकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों का स्वागत किया गया। नए प्रवेशित बच्चों ने स्कूल के माहौल को जाना। वहीं, जिले के राजकीय स्कूलों में बुधवार को पुस्तक वितरण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को बुक बैंक से किताबें बांटी गईं। ब्लॉक में विभिन्न स्कूलों में किताबें दी गईं। वार्ड 56 मानपुर पश्चिम के राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ में पार्षद भागीरथी बिष्ट की उपस्थिति में बच्चों को निशुल्क किताबें वितरित की गईं। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका पुष्पा सुयाल, शिक्षिका आभा भैसोंडा, पूर्णिमा जोशी, दीपा बिष्ट, कुसुम मुरारी, मुक्त कुड़ाई, मदन सिंह बर्त्वाल, प्रदीप नेगी, मोहन सिंह नेगी, बालम सिंह बिष्ट और सुरेश सुयाल मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी तरह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बागजाला में भी बुक बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबों का वितरण किया गया। शिक्षक डिकर सिंह पडियार ने बच्चों को किताबें बांटी। बीईओ तारा सिंह ने बताया कि समय पर किताबों की उपलब्धता से विद्यार्थियों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री ने दी कालाढूंगी विस क्षेत्र को बड़ी सौगात

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी विस क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम उपलब्धि मिली है। विधायक बंशीधर भगत के निरंतर प्रयासों व हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में हुई मुलाकात के बाद शासन ने राज्य योजना में विकास खंड हल्द्वानी व कोटाबाग क्षेत्र की 10 किमी लंबी 6 महत्वपूर्ण सड़कों के नवनिर्माण, सुधारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

2.31 करोड़ की लागत से इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। विधायक भगत ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार जताते कहा कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण एवं सुधारीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात दी है।

### विधायक से मिले डिप्लोमा इंजीनियर

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को विधायक बंशीधर भगत से उनके आवास पर मुलाकात कर 27 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष पुष्कर आर्या और सचिव गणेश रौतेला के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने इंजीनियरों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। इस दौरान विधायक भगत ने वित्त सचिव दिलीप जावलकर से फोन पर वार्ता कर मामले में शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आज (गुरुवार) शासन स्तर पर अधिकारियों और हड़ताल पर डटे इंजीनियरों के बीच महत्वपूर्ण वार्ता प्रस्तावित है, जिससे गतिरोध खत्म होने की उम्मीद है।


मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

# भगवान विष्णु ने चूर किया अभिमान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन के पहले दिन नटी सूत्रधार, नारद मोह और रावण परिवार के भगवान शंकर की आराधाना का मंचन किया गया। बुधवार को आयोजित महिला रामलीला मंचन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शांति महरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया एवं संस्था की अध्यक्ष लता बोरा द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर मंचन का शुभारंभ किया।

रामलीला मंचन के पहले दिन नारद मोह के शानदार मंचन में जब नारद जी को अपनी तपस्या का अभिमान हुआ। तब भगवान विष्णु ने उनके अभिमान को चूर करने के लिए माया रची और उन्हें वानर का रूप प्रदान किया गया। तो वहीं दूसरी ओर रावण ने भगवान शंकर की कठिन तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रावण ने दस बार अपना सिर काटकर उनके चरणों में चढ़ा दिया। शिव से वारदान पाकर रावण ने साधु-संतों व देवताओं को परेशान करना शुरू कर दिया। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने राक्षकों के समूल नाश के लिए पृथ्वी पर अवतार लिए जाने का सुंदर मंचन किया गया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा रहे।


पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन का दृश्य। ● अमृत विचार

# राम नाम से गूंजा शहर, भक्त हनुमान की जय-जयकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ, श्रीबालाजी मंदिर रूपनगर के तत्वावधान में बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा शहर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। राम नाम के उद्घोष से गूंजती इस शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया।

शोभायात्रा का शुभारंभ बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर से बालाजी महाराज की ध्वज पताका के साथ हुआ। इससे पूर्व समिति के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक, शहर विधायक सुमित हृदयेश, आंचल दूध डेरी अध्यक्ष मुकेश बोरा एवं कार्यक्रम संयोजक अतुल गुप्ता ने विधिवत ध्वज पूजन कर यात्रा को रवाना किया।


श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा।

शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, भगवान श्री राम, हनुमान जी की वीर सेना, पंचमुखी हनुमान, भव्य राम दरबार, मां काली का अखाड़ा, महाकाल की भस्म आरती, जगत जननी माता के विभिन्न स्वरूप, जगन्नाथ जी की झांकी, लंका दहन और राक्षस वध जैसे जीवंत दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। शहर के विभिन्न मार्गों—सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, जेल रोड, मुखानी चौराहा और हीरानगर—से गुजरते हुए शोभायात्रा रूपनगर स्थित बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। सुमधुर भजनों की धुन पर बच्चे, महिलाएं और युवा नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

समिति के संयोजक अतुल गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को प्रातः चार बजे बालाजी महाराज का विशेष सोने का श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद सुबह सात बजे से सुंदरकांड पाठ, साढ़े 11 बजे से विशाल भंडारा और शाम साढ़े सात बजे भव्य दरबार सजाया जाएगा। रात्रि आठ बजे से संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें दिल्ली के विवेक शर्मा, रुद्रपुर के शुभम सक्सेना और किच्छा-सितारगंज की नेहा कोरंगा सहित कई कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के समापन पर महाआरती, 56 भोग और 101 किलो चूरमे के लड्डुओं का विशेष प्रसाद अर्पित किया जाएगा। शोभायात्रा में समिति के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक, अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, संरक्षक गोविन्द सिंह रौतेला, गणेश उनियाल, अपूर्व जोशी, खीमानन्द बृजवासी, दीप चन्द्र तिवाड़ी, दर्शन लाल अरोरा, संजीव अग्रवाल, गजेन्द्र सिंह बोरा, संजय कुमार अग्रवाल, प्रतीक सडाना, प्रखर शर्मा, हेम कोठारी, मधुर भट्ट, बंटी गुप्ता, संतोष नेगी, कन्हैया लाल सिंधी, गोपाल भट्ट, राजन भट्ट, लाल बाबू यादव, वैभव गुप्ता, सम्राट गुप्ता, गजेन्द्र सिंह बिष्ट, चन्द्रशेखर, दीपक साह, जीवन सिंह नेगी, वरांश शर्मा, शिवांश सती, रवि पांडे, हर्षित सनवाल, हरेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी, हेमा पाठक, बीना पंत, कुसुम गुप्ता, नीतू नेगी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फिजियोथेरेपिस्ट दीप चन्द्र जोशी को विदाई

**हल्द्वानी:** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर वर्षों से सेवाएं दे रहे दीप चन्द्र जोशी के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को कॉलेज परिसर स्थित लेक्चर थियेटर में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने कहा कि दीप जोशी मई 2000 से संस्थान में कार्यरत रहे और अपने पूरे सेवाकाल में उन्होंने कर्मठता, निष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में उनका योगदान सेवा-भाव और समर्पण का उदाहरण रहा है।

# राज्य से 1366 जायरीन जाएंगे हज पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बेस अस्पताल में 173 यात्रियों का टीकाकरण
- हज यात्रियों के साथ भेजे जाएंगे हज इंस्पेक्टर

**अमृत विचार :** हज यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में हज यात्रियों का टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हज कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद की मौजूदगी में जायरीनों को टीके लगाए गए।

खतीब अहमद ने बताया कि इस वर्ष उत्तराखंड से कुल 1366 लोग हज यात्रा पर जाएंगे। बेस अस्पताल में नैनीताल और अल्मोड़ा जनपद के 173 हज यात्रियों का टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। उन्होंने हज यात्रियों को मुबारक सफर की शुभकामनाएं देते हुए देश और दुनिया में अमन-चैन की दुआ करने की अपील की। हज यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हज कमेटी पूरी तरह तत्पर है। यात्रियों के साथ हज इंस्पेक्टर भी भेजे जाएंगे, जो पूरी यात्रा में सहयोग करेंगे।

दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर सऊदी अरब तक की सभी व्यवस्थाएं सेंट्रल हज कमेटी पूर्व की भांति सुनिश्चित करेगी। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री दिनेश आर्या, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन, कुमाऊं संयोजक महबूब अली, नगर अध्यक्ष अनवर अली, हज कमेटी सदस्य तरन्नुम खान, शाहिदा सिराज, जिला मंत्री शानू खान, डॉ. जेड ए वारसी, हज अधिकारी मो. अहसान, अब्दुल कादिर, गुलशन अली आदि मौजूद रहे।

### महा मारूति रूद्र यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**रामनगर:** हनुमान धाम अंजनी ग्राम छोई में श्री हनुमान जन्मोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत अखंड रामायण पाठ के परायण के बाद महा मारूति रूद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में रामनगर, काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी और मुरादाबाद से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद महाराज ने शिरकत की। धाम के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य विजय और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। स्वामी यतीन्द्रानंद महाराज ने कहा कि हनुमान धाम अलौकिक स्वरूप में विराजमान हैं।

# 114 खनन वाहनों के चालान, 15 सीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला खनन क्षेत्र में ओवरलोडिंग की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग कर रहे और बिना ढके खनिज पदार्थ ले जा रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 114 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 15 ओवरलोडेड वाहनों को सीज किया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान के नेतृत्व में चले संयुक्त अभियान में छह टीमों ने क्षेत्र में सघन जांच की। इस दौरान वाहनों के कागजात, फिटनेस और निर्धारित भार क्षमता की जांच की गई। आरटीओ (प्रवर्तन) अरविंद पांडे के निर्देश पर हुई कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करने वाले मालवाहनों पर कार्रवाई की गई। वाहन स्वामियों और चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार ही खनिज पदार्थों का परिवहन करें और बिना ढके वाहन नहीं चलाएं।


वाहनों की चेकिंग करते परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम के लोग।


राजेंद्र ढैला को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### साहित्यकार राजेंद्र ढैला को मिला 'गिर्दा सम्मान'

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड भाषा संस्थान, देहरादून द्वारा आयोजित उत्तराखंड गौरव सम्मान समारोह 2025-26 में कुमाउनी भाषा के कवि और लेखक राजेंद्र ढैला को गिरीश तिवारी 'गिर्दा' सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान उनकी पुस्तक 'कुमाउनी साहित्यकार कोश साक्षात्कार' के लिए प्रदान किया गया। देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाषा मंत्री खजान दास और वन एवं स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल की मौजूदगी में यह सम्मान प्रदान किया। अल्मोड़ा जनपद के लमगड़ा क्षेत्र के मूल निवासी और वर्तमान में हल्द्वानी के काठगोदाम में रह रहे राजेंद्र ढैला सिडकुल रुद्रपुर में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे कुमाउनी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अपनी टीम 'घुगुती जागर' के साथ वे गीत-संगीत के माध्यम से लोकभाषा को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### युवक को घेरकर पीटा फायरिंग का आरोप

**रामनगर:** गुलरघट्टी निवासी युवक सानू ने कुछ युवकों पर मारपीट और हवाई फायरिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार शाम वह एक बर्गर ठेले पर खड़ा था, तभी 5-6 युवक वहां पहुंचे और उसके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोप है कि जैनू, सरान, इसान पव्वा और सुजल सहित अन्य युवक दो वाहनों में सवार होकर आए थे।

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। उसने बताया कि आरोपियों के पास असलहे भी थे और वे उसे लगातार धमका रहे थे। घटना के बाद पीड़ित ने देर रात पुलिस को सूचना दी और लिखित तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**जज्बा**

उद्यान विभाग की योजना से अपनाया खेती का नया तरीका, इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के बाद नौकरी छोड़ लौटे पहाड़

# फूलों की खेती से महकी किस्मत, गुजरात छोड़ गुलजार किया पहाड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले के धारी विकासखंड स्थित पहाड़पानी गांव के कमलेश महतोलिया ने यह साबित कर दिया है कि यदि युवा दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में प्रयास करें तो गांव में रहकर भी सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा हासिल करने के बाद गुजरात में नौकरी कर रहे कमलेश का मन हमेशा अपनी मिट्टी और परिवार से जुड़ा रहा। यही लगाव उन्हें वापस पहाड़ खींच लाया और उन्होंने पारंपरिक रास्ते से हटकर कुछ नया करने का निर्णय लिया और फूलों की खेती से पहाड़ को गुलजार कर दिया।

गांव लौटने के बाद कमलेश ने खेती को ही अपना भविष्य बनाया, लेकिन पारंपरिक खेती की सीमाओं को समझते हुए उन्होंने आधुनिक बागवानी की ओर कदम बढ़ाया। इसी दौरान उन्हें उत्तराखंड सरकार की योजनाओं के तहत उद्यान विभाग से करीब 14 लाख रुपये का ऋण मिला, जिसने उनके सपनों को साकार करने की मजबूत नींव रखी। सरकारी सहयोग के बाद कमलेश ने बंजर भूमि को उपजाऊ बनाते हुए फूलों और फलों की आधुनिक खेती शुरू की। शुरुआत में मात्र 10 नाली से शुरू हुआ यह सफर आज 40 नाली में फैली उन्नत फूलों की खेती में बदल चुका है। वे लिलियम के साथ-साथ ओरिएंटल और एशियाटिक प्रजातियों के फूल उगा रहे हैं, जिनकी मांग नैनीताल समेत अन्य जनपदों में तेजी से बढ़ रही है।

फूलों की खेती के साथ ही कमलेश ने 30 नाली भूमि पर सेब, कीवी और स्ट्रॉबेरी जैसी नगदी फसलों का उत्पादन भी शुरू किया है। इससे उनका व्यवसाय न सिर्फ मजबूत हुआ बल्कि आय के स्रोत भी बढ़े हैं। कमलेश की इस पहल का सकारात्मक प्रभाव स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। उनके उद्यम से 8 से 10 लोगों को स्थायी रोजगार मिला है। सभी खर्चों को निकालने के बाद वे प्रतिमाह लगभग दो लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और नवाचार का प्रत्यक्ष परिणाम है।


कमलेश महतोलिया द्वारा उगाए गए फूल। ● अमृत विचार

### सरकार की पहल बनी आधार



**हल्द्वानी :** राज्य सरकार द्वारा स्वरोजगार और कृषि आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास अब धरातल पर असर दिखा रहे हैं। उद्यान विभाग की वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग से युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। कमलेश महतोलिया की सफलता यह संदेश देती है कि यदि युवा आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करें तो वे गांव में रहकर भी अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं और प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** पुलिस ने एक युवक को तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया है। मंगलवार की देर रात्रि उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह टीम के साथ आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाबा चौक से रेलवे स्टेशन मार्ग होते हुए मॉडल कॉलोनी की ओर जाते समय एक संदिग्ध युवक निर्माणाधीन गेट के पास बैठा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक सकपकाने लगा। जिसे पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसकी जेब से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अमन कुमार निवासी ट्रांजिट कैंप बताया। साथ ही बताया कि वह तमंचा अपने पैतृक घर बरेली से लेकर आया था। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### सिडकुल कंपनी का स्टोर सुपरवाइजर निकला चोर

**रुद्रपुर :** सिडकुल पंतनगर स्थित मैनी स्कैफोल्ड सिस्टम कंपनी में एल्युमिनियम स्क्रैप चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंपनी के एचआर मैनेजर मोर सिंह ने स्टोर सुपरवाइजर झनकार सिंह के खिलाफ थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 28 मार्च की रात वाहन से भेजे गए 288 कट्टों में से 5 कट्टे कम पाए गए थे। जांच में चोरी की पुष्टि होने पर 31 मार्च को आरोपी झनकार सिंह को बनशक्ति मंदिर के पास से चोरी के माल के साथ पकड़ा गया। स्टोर इंचार्ज शिवकुमार की मदद से पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आठ लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गश्त के दौरान एक अभियुक्त को ई-रिक्शा की आड़ में कच्ची शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर रात दरोगा हृदयेश परिहार पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने मछली बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा की आड़ में कच्ची शराब बेच रहे आजादनगर निवासी शीतल कुमार को आठ लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### प्राथमिक और जूनियर के बच्चों को दीं पुस्तकें

**खटीमा :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय खटीमा द्वितीय और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित पुस्तक वितरण कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन रमेश चंद्र जोशी ने बच्चों को पुस्तक वितरित की। उन्होंने बच्चों से मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने अभिभावकों को विभाग व सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सोबरन सिंह राणा, अरविंद गोस्वामी, महेश पाल सिंह रौतेला, मोनिका सक्सेना, शांति, दीपा, सावित्री मुड़ेला, चंपा कन्याल, गीता सती, गौरी शंकर जोशी आदि उपस्थित रहे।

### रिटायरमेंट पर ऑनरेरी कैप्टन का स्वागत

**खटीमा :** बंगाल इंजीनियर्स के ऑनरेरी कैप्टन गणेश चंद के सेवानिवृत्त होकर आने पर क्षेत्र के लोगों ने उनके लोहियाहेड मार्ग स्थित आवास पर ढोल नगाड़ों से स्वागत किया और उपहार देकर सम्मानित किया। वह वर्ष 1996 में सेना में भर्ती हुए थे। इस अवसर पर पूनम चंद, अमन चंद, यश चंद, तेज बहादुर चंद, मीना देवी, कैलाश चंद, विक्रम सिंह रुमाल, बहादुर खोलिया, कमला चंद, मंजू चंद, यशोदा देवी, जंगी चंद, मोहिनी पोखरिया, रंदीप पोखरिया, जगत चंद, रमेश चंद जोशी, पुष्पा रुमाल, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0132309 इंटरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 0073997 एवं बी.ए. तृतीय वर्ष कुमाऊं यूनिवर्सिटी वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3121436 की अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गई है। कु० ज्योति देवी पुत्री सुखदेव सिंह नानकमत्ता, उधम सिंह नगर।

# चार श्रमिक विरोधी कानूनों को लेकर श्रमिकों में आक्रोश

## गांधी पार्क में सभा कर फूंकीं श्रम कोड्स की प्रतियां, बोले-केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक करने से बच रही केंद्र सरकार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मोदी सरकार द्वारा लाए गए चार श्रमिक विरोधी कानूनों को आज से लागू करने के विरोध में श्रमिक संगठनों में आक्रोश है। विरोध में श्रमिक संगठनों ने श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले काला दिवस मनाया। इसके बाद नाराज श्रमिकों ने बाटा चौक पर श्रम कोड्स की प्रतियां फूंकीं।

बुधवार को गांधी पार्क में सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम-विरोधी, नियोक्ता-समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं। जिन्हें श्रम सुधार और व्यापार सुगमता के नाम पर लाया गया है। 12 फरवरी की आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है।

इसके अलावा इन संहिताओं के मसौदा तैयार करने से पूर्व या इस दौरान ट्रेड यूनियनों से कोई परामर्श नहीं किया गया। इतने गंभीर मुद्दे पर जो देश के कार्यबल के जीवन से जुड़ा है, लंबे समय से भारतीय श्रम सम्मेलन भी नहीं बुलाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों का उल्लंघन है, जिनके प्रति भारत एक राष्ट्र के रूप में प्रतिबद्ध है। ये श्रम संहिताएं देश के श्रमिकों-जो संपत्ति के वास्तविक सृजनकर्ता हैं को फिर से ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास है।

इस अवसर पर भाकपा( माले) जिला सचिव ललित मटियाली, कैलाश भट्ट, दिनेश, धीरज कुमार, हीरा राठौर, साहेब सिंह, जीवन लाल, चंदन गोस्वामी, राहुल चौहान, दिनेश तिवारी, अमर सिंह, अनिता अन्ना, सुब्रत विश्वास, राजीव कुमार, नागेंद्र यादव, मुनीब यादव, गणेश बोरा, महेश कोठारी, संतोष गुप्ता, नरेश कुमार, विजय शर्मा, रंजन विश्वास आदि मौजूद रहे।



बाटा चौक पर श्रम कोड्स की प्रतियां फूंकते श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

# 102 श्रमिकों के सवेतन कार्यबहाली की मांग

- जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग
- मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऐरा श्रमिक संगठन से जुड़े श्रमिकों ने अपेक्स बिल्डसिस कंपनी के 102 स्थायी श्रमिकों को सवेतन कार्यबहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद श्रमिकों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

बुधवार को ऐरा श्रमिक संगठन के बैनर तले कई श्रमिक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। इस दौरान श्रमिकों ने कहा कि अपेक्स बिल्डसिस कंपनी की एनसीएलटी की दिल्ली शाखा के निर्देश पर 27 फरवरी 2019 को निलामी प्रक्रिया शुरू हुई।

सार्वजनिक सूचना 4 मई 2022 को जारी हुई। इसमें कंपनी को जसमृत डिजाइनर ने खरीदा। अपेक्स बिल्डसिस कंपनी ने 25 मई 2022 को जसमृत कंपनी को 102 स्थायी श्रमिकों और कर्मचारियों को हस्तांतरित किया।

उन्होंने कहा कि कंपनी के स्वामित्व और प्रबंधन हस्तांतरण में तैयार किये गये कागजों और नीलामी प्रक्रिया में तैयार कागजों में यह साफ दर्ज है। जबकि उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 और केंद्रीय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 स्पष्ट रूप से दर्ज है कि पूर्व में तालाबंदी व मिलबंदी के बाद यदि कोई कंपनी दोबारा चालू होती है तो ऐसे प्रतिष्ठान में मिलबंदी के समय छंटनी किए गये, गेट बंदी के शिकार हुए श्रमिकों को सबसे पहले नियोजन में लिया जाएगा।

बावजूद श्रमिकों को आज तक कंपनी में नहीं लिया गया है। जबकि कंपनी में नये लोगों को भर्ती किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों पर जल्द कोई निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ऐरा श्रमिक संगठन के अध्यक्ष दीवान सिंह, महामंत्री दिनेश कुमार, दिनेश कुमार, सुनील कुमार प्रकाश, धर्मेंद्र यादव, अब्दुल शाह, मदन मोहन शर्मा, जयदेव, बुद्ध सेन, प्रदीप, विनोद कुमार, मुन्ना यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

**रुद्रपुरः** पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर बिलासपुर क्षेत्र से बांस की झाड़ियों में छिपाई गई एक और चोरी की बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस ने अभियुक्त के फरार साथी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात पुलिस टीम भूरारानी रोड सत्संग भवन के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान विशाल निवासी बिलासपुर को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के दौरान विशाल ने बताया कि उसने अपने साथी आकिब के साथ मिलकर बाइक चोरी की बात स्वीकार की। साथ ही बताया कि उन्होंने एक और बाइक चोरी की है।

बाइक बिलासपुर रोड स्थित बांस के झाड़ियों में छुपाकर रखी हुई। अभियुक्त की निशानदेही में पुलिस ने चोरी की दूसरी बाइक भी बरामद कर ली है। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जबकि फरार आरोपी आकिब खान निवासी बिलासपुर रामपुर की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी पकड़ लिया जाएगा।



शोभा यात्रा में शामिल विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रुद्रपुर में निकली भव्य शोभा यात्रा

**रुद्रपुर :** पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति गल्ला मंडी के बैनर तले आयोजित हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मुख्य बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जो पंचमुखी हनुमान मंदिर गल्ला मंडी पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विधायक शिव अरोरा भी शामिल हुए। हनुमान के स्वरूप पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बुधवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा यात्री निकाली गयी। जो मुख्य बाजार से होते हुए वापस मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि 2 अप्रैल को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव की धूम नजर आएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोड़ा, भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, अंशुल शुक्ला, जगदीश तनेजा, गुलशन नारंग, गगन वाधवा, राजकुमार सीकरी, विजय फुटेला, सर्वेश मौर्य, पवन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नरेश ग्रोवर, पंकज खुराना आदि मौजूद रहे।

# ट्रांजिट कैंप में किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

- महापौर बोले- 8.73 लाख से बनाई जाएगी सड़क
- स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** महापौर विकास शर्मा ने ट्रांजिट कैंप वार्ड संख्या 10 में पिछले 20 वर्षों से बदहाल पड़ी सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण 8.73 लाख की लागत से किया जाएगा। वर्षों से लंबित मांग पूरी होने पर पार्षद मुकेश रस्तौगी और स्थानीय लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। वहीं लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी।

बुधवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि यह सड़क पिछले दो दशकों से उपेक्षित थी। पार्षद मुकेश रस्तौगी के आग्रह और जनभावनाओं को देखते हुए नगर निगम ने इसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया है। जल्द ही यह मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सड़क के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि साथ में बनने वाली नालियों से क्षेत्र की जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा।

उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप में गृहकर लागू करने की मांग पर नगर निगम ने विस्तृत खाका तैयार कर लिया है। इससे क्षेत्र के हजारों वाशिंदों को उनके मकानों का मालिकाना हक मिल सकेगा। इस अवसर पर पार्षद राजेश जग्गा, राजेंद्र राठौर, एमपी मौर्य, पवन राणा, कविता सागर, आकाश यादव, संदीप वाल्मीकि, अक्षित छाबड़ा, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, असलम, किशन सुखीजा आदि उपस्थित रहे।



शिलान्यास के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाते महापौर व अन्य। ● अमृत विचार

# पहले दिन केंद्रों पर गेहूं की खरीद शून्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हालांकि पहले दिन जनपद के किसी भी क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। सुबह से क्रय केंद्र प्रभारी किसानों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन पांच बजे तक कोई भी किसान क्रय केंद्र में नहीं पहुंचा।

बुधवार को सुबह से ही क्रय केंद्र प्रभारी क्रय केंद्रों पर पहुंच गये थे। सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक गेहूं की खरीद होनी थी। लेकिन तय समय पर कोई भी किसान न तो केंद्र में पंजीकरण के लिए पहुंचा और न ही गेहूं की नमी की जांच के लिए पहुंचा। जनपद ऊधमसिंह नगर में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तोल कांटे खोले गये हैं। खाद्य विभाग की क्रय केंद्र प्रभारी चित्रा जोशी ने बताया कि पहले दिन कोई भी किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा। हालांकि उन्होंने आने वाले दिनों में गेहूं खरीद की उम्मीद जताई है।



गल्ला मंडी क्रय केंद्र में किसानों का इंतजार करतीं क्रय केंद्र प्रभारी। ● अमृत विचार

> जनपद में सभी क्रय केंद्र खुल गये हैं। लेकिन पहले दिन किसी भी क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। संभावना है कि अभी किसानों ने गेहूं की फसल नहीं काटी है। जल्द ही क्रय केंद्रों में गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

## काशीपुर के क्रय केंद्रों में लगी फ्लेक्सी

**काशीपुरः** गेहूं खरीद केंद्र बुधवार से खुल गए हैं। अमृत विचार की टीम ने मंडी परिसर स्थित क्रय केंद्रों की पड़ताल की तो क्रय केंद्रों में फ्लेक्सी तो लगी थी, लेकिन केंद्र शुरू नहीं हुए थे। क्रय केंद्र संचालन के लिये सामान एकत्र किया जा रहा था।काशीपुर में कुल सात खरीद केंद्र बनाए गए हैं। दो मंडी समिति के अलावा फसियापुर, नूरपुर, कुंडेश्वरी समिति मुख्यालय, उपभोक्ता सहकारी संघ और काशीपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय में बनाए गए हैं। मंडी समिति के एसएमओ अतुल चतुर्वेदी ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक कोई गेहूं तुलने नहीं आया है। अभी गेहूं की काटन शुरू हुई है। हफ्ते भर बाद ही तुलान शुरू होगा।

# टीवी शो में रोहित ने किया नाम रोशन

- ट्रॉफी के साथ जीता नकद पुरस्कार
- भंजूराम अमर इंटर कॉलेज के कक्षा आठ के छात्र हैं रोहित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रुद्रपुर नगर के भंजूराम अमर इंटर कॉलेज के कक्षा आठ के छात्र रोहित ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। बेहद साधारण और निर्धन परिवार से आने वाले रोहित ने लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

रोहित के पिता शिवकुमार और माता पुष्पा ने बताया कि यह कार्यक्रम एचडी पंजाबी चैनल पर प्रसारित होता है, जिसका आयोजन पंजाब स्थित एक विश्वविद्यालय में किया गया था। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रोहित ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से निर्णायकों का दिल जीता और विजेता घोषित हुए। उन्हें ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

रोहित के पिता शिवकुमार ने बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के सपनों को पूरा करने में कोई रुकावट नहीं आने दी। उन्होंने बताया कि रोहित बचपन से ही खेलों में रुचि रखता है। इसके अलावा स्कूल व स्थानीय प्रतियोगिताओं में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस उपलब्धि के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों ने भी रोहित की सफलता पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ रोहित।

**अवसर** | विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित, पिछले तीन माह से चल रहा था राउप्रावि में शिविर

# प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग के तहत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छतरपुर में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाने के साथ ही कई तकनीक सिखायी।

बुधवार को शिविर में विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमलता लोहनी ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के साथ आजकर जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को केवल आत्मरक्षा की तकनीक ही नहीं सिखा रहा, बल्कि उनमें आत्मसम्मान, सतर्कता, साहस और निर्णय क्षमता का भी सशक्त विकास कर रहा है। राष्ट्रीय पदक विजेता और कोच गुलशन कुमार ने छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना समेत कई महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में रागिनी, लक्ष्मी, चांदनी मौर्य, शिखा यादव ने स्वर्ण पदक, प्रिंशी, नंदिनी, कविता मिश्रा, मधु ने रजत पदक एवं अमृता, वैशाली, रोली, सलोनी, कोमल, हेमा, नेहा सरोज, हिमांशी वर्मा ने कांस्य पदक जीते। समापन अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के महासचिव व प्रशिक्षक सिहान ऋषि पाल भारती, शिक्षक मदन लाल लोधी, मनोरमा कांडपाल, बीना जोशी, स्मृति भट्ट आदि मौजूद रहे।



पदक के साथ छात्राएं, प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार



छात्रों को पुस्तक वितरण करते चेयरमैन सुमित मंडल व अन्य। ● अमृत विचार

### नि:शुल्क पुस्तक पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**शक्तिफार्म :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत, नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने छात्रों को पुस्तकों का महत्व बताते हुए, नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किताबें जीवन में सफलता की कुंजी हैं, इसलिए उनका सही उपयोग जरूरी है। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को विभिन्न विषयों की पुस्तकें वितरित की गईं। इस मौके पर प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, सीआरसी समन्वयक दिव्यांश प्रताप सिंह, बलाई दास, विनोद कुमार, बीएल पटेल, राजकमल सिंह, आनंद भास्कर, शंकर डाकुआ, आशीष राय, सुशील उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### डॉ. समीप गोयल ईएनटी सर्जन के रूप में देंगे सेवाएं


डा. समीप गोयल।

**बाजपुर :** नगर के मेधावी युवा चिकित्सक डॉ. समीप गोयल ने प्रतिष्ठित नीट पीजी परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें देहरादून स्थित श्री गुरु राम राय मेडिकल कॉलेज में एमएस (ईएनटी) पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला है। प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक गोयल के सुपुत्र डॉ. समीप ने नीट यूजी में उत्तराखंड में 35वीं रैंक प्राप्त की थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल अल्मोड़ा में तीन वर्ष सेवाएं दीं और कोविड काल में भी सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. समीप का लक्ष्य क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनकी इस सफलता पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 19 अप्रैल को मनेगी परशुराम जयंती

**काशीपुर :** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की बुधवार को एक बैठक हुई। बैठक में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती को धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य रूप से 19 अप्रैल को परशुराम जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग राज्य सरकार से की गई। परशुराम जयंती कलश मंडप परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी। वहीं बार एसोसिएशन के विजयी ब्राह्मण पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी, डॉ. सतीश शर्मा, एडवोकेट विधुशेखर शर्मा, लता शर्मा, मोहन पपनै, चंद्रभूषण डोभाल, पंकज पंत आदि मौजूद रहे।

### निर्वाचन मैपिंग को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण

**बाजपुर :** तहसील परिसर में बुधवार को निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) मैपिंग को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डिजिटल माध्यमों और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए निर्वाचन कार्य की बारीकियों को समझाया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का आधार मतदाता सूची की शुद्धता है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि मैपिंग के दौरान प्रत्येक बिंदु का गंभीरता से परीक्षण किया जाए ताकि डेटा संकलन में किसी भी प्रकार की मानवीय या तकनीकी त्रुटि की संभावना न रहे। इस अवसर पर तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान, कानूनगो कृपाल सिंह राठौर, मनीष कुमार, नेहा मौजूद रहे।

# जंगल में मवेशी चराने गई वृद्धा को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सुरई रेंज के सरपुड़ा क्षेत्र में बुधवार को बाघ के हमले में एक वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। जंगल में मवेशी चराने गई महिला पर झाड़ियों में घात लगाकर बैठे बाघ ने हमला कर दिया और उन्हें खींचकर भीतर ले गया। वन विभाग और ग्रामीणों की संयुक्त खोजबीन के बाद महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है।


गोपुली देवी (फाइल)।

जानकारी के अनुसार, सरपुड़ा निवासी गोपुली देवी (62 वर्ष), पत्नी दुर्गा सिंह, बुधवार सुबह करीब 11 बजे अन्य चरवाहों के साथ सुराई रेंज के जंगल में जानवर चराने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। साथ मौजूद ग्वालों के शोर मचाने के बावजूद बाघ वृद्धा को घसीटते हुए घने जंगल की ओर ले गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बीट अधिकारी यशपाल सिंह को दी। सूचना मिलते ही उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा और वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र मनराल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। भारी संख्या में ग्रामीणों और वन कर्मियों ने जंगल में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद सुरई पंचम बीट से महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला अस्पताल भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया।

### श्रीदुर्गा मंदिर हरिपुरा व चरनपुर में मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव, प्रतिमा का किया स्वर्ण चोला श्रृंगार

# बालाजी महाराज के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** श्री दुर्गा मंदिर हरिपुरा व चरनपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में स्थापित श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा का स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। इस दौरान श्री बालाजी महाराज के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

बुधवार को श्री बालाजी भक्त मान सिंह कोरंगा के सानिध्य में बालाजी दरबार सजाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा को स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात भक्तों द्वारा गणेश वंदना व हनुमान चालीसा पाठ के बाद भक्तों ने भजनों का दौरा शुरू किया। भक्त मान सिंह कोरंगा ने तुम्हारे दर पर आए हुए हैं.......व घाटे वाले तेरा शुक्रिया, तूने जीवन में सब कुछ दिया........, और इंद्रा कोरंगा ने श्री बालाजी इतनी कृपा बनाए रखना...., व जो प्रेम से बोलेगा बाबा तेरे जयकारे...., आदि सुंदर भजनो की प्रस्तुति सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इधर शिव मंदिर चरनपुर में स्थापित श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा को पंडित केवल कृष्ण पाठक ने परिवार सहित स्वर्ण चोला सिंगार चढ़ाया गया। इस दौरान मंदिर पुजारी विक्रम डोगरा व आलोक पाठक आदि सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर समाजसेवी कमल सिंह कोरंगा, भाजपा नेत्री दीपा पपोला, भावना कोरंगा, राधा कोरंगा, पुष्पा भंडारी, रिंकी कोरंगा, बसंती देऊपा, पूजा कोरंगा, रश्मि रावत, इंदिरा खनका, गीता कोरंगा, रुचि कोरंगा, पिंकी कोरंगा, नरेंद्र सिंह कार्की, पुष्पेंद्र कोरंगा, तारा कोरंगा आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के हरिपुरा मंदिर में भजन गाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# दुआ गैस एजेंसी पर ताला लगा देख चढ़ा विधायक का पारा

## एजेंसी स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश, फोन करने के बाद भी डीएम की बैठक में नहीं पहुंचा एजेंसी स्वामी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी की बैठक में दुआ गैस एजेंसी के स्वामी के नहीं पहुंचने और फोन नहीं उठाने से नाराज विधायक, एडीएम, जिला पूर्ति अधिकारी के साथ एजेंसी पहुंचे। यहां एजेंसी में ताला लटका देख विधायक का पारा चढ़ गया। एजेंसी स्वामी को भनक लगते ही स्टाफ को एजेंसी भेजा। इस दौरान विधायक ने कर्मचारियों को जमकर फटकार लगायी। साथ ही एजेंसी स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गैस एजेंसी प्रबंधकों की बैठक थी। इसमें दुआ गैस एजेंसी के स्वामी नहीं पहुंचे। फोन करने पर भी बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे नाराज विधायक शिव अरोरा, एडीएम पंकज उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद कुमार के साथ एजेंसी पहुंचे। जहां ताला लटका नजर आया। जिस पर विधायक अरोरा का पारा चढ़ गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार गैस आपूर्ति को शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए बड़े कदम उठा रही है। वहीं दुआ एजेंसी के बाहर लोग भटक रहे हैं और इनका कार्यालय बंद नजर आ रहा है। यह बहुत गैर जिम्मेदाराना वाक्या है।

एजेंसी स्वामी को उसकी जानकारी मिली तो आनन फानन में स्टॉप ऑफिस आया। जहां विधायक अरोरा ने उनके कार्यालय में जमकर लताड़ लगायी। एडीएम भी उनकी कार्यशैली पर काफी नाराज नजर आए। विधायक अरोरा ने कहा कि दुआ एजेंसी के खिलाफ लगातार अनियमितता और कालाबाजारी की शिकायत सामने आ रही है। विगत दिनों सख्त हिदायत देने के बाद भी एजेंसी की कार्यशैली में कोई परिवर्तन नजर नहीं आया। उन्होंने एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही एजेंसी का लाइसेंस रद्द कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक ने कहा कि कालाबाजारी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


एजेंसी में फटकार लगाते विधायक शिव अरोरा, साथ में मौजूद एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

### गैस न मिलने से परेशान उपभोक्ताओं ने एजेंसी के बाहर लगाई लाइन

**सितारगंज :** गैस न मिलने से परेशान उपभोक्ताओं ने एजेंसी के बाहर लाइन लगा दी। एजेंसी प्रबंधक ने किसी तरह उपभोक्ताओं को समझाकर वापस भेजा। दरअसल, ग्रामीण इलाकों में निर्धारित तिथि पर गैस की गाड़ी नहीं पहुंच रही है। इससे उपभोक्ताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी जब गांव में तय समय पर गैस की गाड़ी नहीं पहुंची तो उपभोक्ता क्रोधित हो गए। उन्होंने गैस लेने के लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगा दी। वहीं, मौके पर पहुंचे एसएसआई राजेंद्र मोनियाल और प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी व गांव में गैस की गाड़ी भेजने का आश्वासन देकर किसी तरह वापस लौटाया। उपभोक्ताओं का कहना है कि निर्धारित दिनों में गैस की गाड़ी नहीं आ रही है। जबकि बुकिंग हुए कई दिन हो गए हैं। पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट ने बताया कि करीब 4800 सिलेंडर का बैकलॉग चल रहा है। उपभोक्ताओं को घरों में गैस पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कालाबाजारी पर होगी एफआईआर दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गैस एजेंसी प्रबंधकों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी गैस एजेंसी द्वारा गैस डिलीवरी में लापरवाही या गलत तरीके से गैस डिलीवरी कराई तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

बुधवार को जिला सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी गैस एजेंसी के ऑपरेटर ने किसी भी गैस उपभोक्ता के मोबाइल पर बिना गैस सिलेंडर डिलीवर हुए गलत तरीके से गैस डिलीवरी का मैसेज भेजा तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से गैस गोदामों में स्टाक की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही गैस एजेंसी प्रबंधकों को गैस बुकिंग होने के बाद निर्धारित समय पर होम डिलीवरी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गैस गोदाम व एजेंसी से किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर न दिया जाए। पूरी पारदर्शिता के साथ गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी किया जाए। उन्होंने लोगों से कहा है कि किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें। गलत अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी घरेलू अथवा व्यावसायिक गैस की कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।


गैस एजेंसी प्रबंधकों को निर्देश देते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

### केवल होम डिलिवरी से ही गैस वितरित करने के निर्देश

**रुद्रपुर :** जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी ने बताया कि घरेलू एवं व्यवसायिक गैस उपलब्धता पर नजर रखी जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को केवल होम डिलिवरी के माध्यम से ही गैस वितरित करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 31 मार्च तक 11616 गैस सिलेंडरों को वितरण हुआ है, जबकि 9392 शेष बचे हैं। इसके अलावा 404 व्यवसायिक गैस सिलेंडर वितरित किये गये, जबकि 1366 सिलेंडर शेष बचे हैं।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, गैस एजेंसी प्रबंधक रीतु नेगी, वर्तिका सिंह, प्रमोद पांडे, लाल कृष्ण, विनोद कुमार, आशा पांडे, रिंकी, करन कुमार आदि मौजूद थे। इसके अलावा इंडियन गैस आयल के प्रतिनिधि हरीश पंत, भारत पेट्रोलियम के मनीष कुमार व हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के महेश मीणा वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# तड़के 4 बजे से लाइन में लगे उपभोक्ता

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** शक्तिफार्म क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि राजकीय इंटर कॉलेज के समीप गैस सिलेंडर पाने के लिए बुधवार सुबह 4 बजे से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। घंटों इंतजार के बाद भी जब गैस वितरण वाहन मौके पर नहीं पहुंचा, तो उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने नाराजगी व्यक्त करनी शुरू कर दी।

गैस वितरक से संपर्क न हो पाने के कारण स्थिति तनावपूर्ण होने लगी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, उप जिलाधिकारी रविंद्र जुबांठा, तहसीलदार हिमांशु जोशी और पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट से फोन पर बात की। अधिकारियों के हस्तक्षेप और आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश के बाद गैस वितरण वाहन मौके पर पहुंचा।


गैस के लिए लाइन में लगे लोगों से वार्ता करते चेयरमैन सुमित मंडल। ● अमृत विचार

### होम डिलीवरी के निर्देश कागजों तक सीमित

**शक्तिफार्म :** जिलाधिकारी द्वारा रसोई गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देशों का क्षेत्र में कोई असर होता नहीं दिख रहा है। धरातल पर स्थिति इसके उलट है। लोग रात-भर जागकर लाइनों में लगने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद कई उपभोक्ताओं को स्टॉक खत्म होने के कारण खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### चंपावत में सितारगंज की छात्राओं को सीएम धामी ने किया सम्मानित

**सितारगंज :** पीजी महाविद्यालय सितारगंज की छात्राओं ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। चंपावत में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाविद्यालय की दो मेधावी छात्राओं, अंशिका जायसवाल और निभा कुमारी को 'सी फॉर स्टेम' कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रदान की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना है। छात्राओं की इस सफलता पर महाविद्यालय में खुशी की लहर है। प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है।

# रुद्रपुर के पांच सितारा होटल में दिल्ली की महिला की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- **दिल्ली से कैंची धाम के दर्शन के लिए बिजनेस पार्टनर के साथ आई थी महिला, पुलिस आज कराएगी शव का पोस्टमार्टम**

**अमृत विचार:** होटल रेडिसन ब्लू में दिल्ली निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है।

शुरुआती जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को पार्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोदी रोड, नई दिल्ली निवासी 40 वर्षीय ज्योति शर्मा अपने बिजनेस पार्टनर अमित निवासी छतरपुर, नई दिल्ली के साथ मंगलवार को कैंची धाम में दर्शन के लिए दिल्ली से आयी थी। रात अधिक होने के कारण वह अपने पार्टनर के साथ रुद्रपुर में होटल रेडिसन ब्लू में रुकी थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह काफी देर हने के बाद भी जब ज्योति नहीं उठी तो उसके पार्टनर ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन ज्योति के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई।

घबराहट में अमित रिशेप्सन पर पहुंचा और होटलकर्मियों से एम्बुलेंस बुलाने के लिए कहा। एंबुलेंस के पहुंचने पर अमित ज्योति को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने महिला को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस को सूचना दे दी गई।

सूचना पर थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत अस्पताल पहुंचे और अमित से पूछताछ की। साथ ही ज्योति के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सीओ पंतनगर डीआर वर्मा ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं, एसएसपी ऊधमसिंह नगर अजय गणपति ने कहा, मामले की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अलीनगर, बसघर व गोठा की दमदार जीत

**शक्तिफार्म :** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट में नॉकआउट मुकाबलों की शुरुआत हो गई है। खेले गए तीन मैचों में अलीनगर, बसघर और गोठा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बना ली। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में पहले मैच में जेलकैम्प ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 81 रन बनाए। जवाब में अलीनगर ने जाकिर खान के 32 रनों की बदौलत पांच विकेट से जीत हासिल की। जाकिर खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बसघर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 113 रन बनाए, जिसमें गौरव कुमार ने 38 रन बनाए। जवाब में गुरुग्राम की टीम 76 रन पर सिमट गई। बसघर के प्रेम ने दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच बने। तीसरे मैच में देवनगर की टीम 67 रन पर ऑलआउट हो गई। गोठा ने तीन विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली।


सेवानिवृत हुए चार शिक्षकों को विदाई देते प्रवक्ता। ● अमृत विचार

### सेवानिवृत्त प्रवक्ताओं सहित चार को दी विदाई

**खटीमा :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए प्रवक्ता मेवाराम, सहायक अध्यापक रामनरेश शर्मा, परिचारक शिखर चंद कोठारी और नरेश चंद्र पांडे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं प्रेरणादायी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को विद्यालय के लिए अमूल्य बताया। इस अवसर पर ललित जोशी, केडी जोशी, लिली सिंह, विवेक जोशी, आलोक सिंह, जागेश तिवारी, प्रमोद सिंह राणा, डॉ. भगवती प्रसाद पंत, डॉ. रामजी वर्मा, मनीषा कल्पसी, नामित तिवारी, महेंद्र सिंह धामी, नरेंद्र दिगारी, चांदनी, मनीषा पंत, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय पंत, युवराज आदि रहे उपस्थित रहे। संचालन एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने किया।

**उत्साह** — पूर्व विधायक के स्वागत में उमड़ी भीड़, चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज

# कांग्रेस पार्टी में पाल की एंट्री से बदले समीकरण

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पूर्व विधायक नारायण पाल के कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते ही सियासी पारा चढ़ गया है। उनके इस फैसले के बाद स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लोग भी विधानसभा चुनाव को लेकर तरह-तरह के कयास लगाते दिखाई दिए।

बुधवार को कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक नारायण पाल पहली बार सितारगंज पहुंचे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। सिरसा मोड़, सिसैया सहित कई जगह पर उनका फूल-मालाओं और नारेबाजी के साथ अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि सिडकुल को सितारगंज में स्थापित कराने के लिए उन्होंने तत्कालीन सीएम एनडी तिवारी सशक्त पैरवी की थी। स्थानीय को 70 फ़ीसदी रोजगार देने का प्रावधान भी लागू कराया। लेकिन, भाजपा की नीतियों के कारण सितारगंज में कोई नया उद्योग नहीं लगा और न ही रोजगार के अवसर बढ़े। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता को न्याय दिलाने के लिए वह ''नशा नहीं.. रोजगार दो.. काम का अधिकार दो'' नारें के साथ व्यापक स्तर पर जन आंदोलन करेंगे। इधर, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि किसान, मजदूर, युवा, गृहणी, व्यापारी, छात्र समेत समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई चरम पर है। अपराधी बेखौफ हैं। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, निर्भय पाल, वरिष्ठ कांग्रेसी राम नगीना प्रसाद, एडवोकेट जितेंद्र पाल, जिलानी अंसारी, नारायण बिष्ट, हरपाल सिंह, डॉ. गणेश उपाध्याय, हसनैन मलिक, बिपिन खोलिया, पूरन चौहान, शाकिर अली खान, रणजीत राणा, मनप्रीत सिंह, आजम मलिक, सुरेंद्र सिंह, मुख्तियार अंसारी मौजूद रहे।



पूर्व विधायक नारायण पाल का फूल माला पहनाकर स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।


भाजपा महिला मोर्चा नौसर मंडल का विस्तार करने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष।

### भाजपा महिला मोर्चा नौसर मंडल कार्यकारिणी का विस्तार

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी नौसर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान हल्दी घेरा कुलविंदर कौर ने भाजपा कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिनका जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सांगठनिक ढांचे को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से नौसर मंडल अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी। मंडल अध्यक्ष कौर ने क्षेत्र के समीकरणों और कार्यकर्ताओं के पिछले कार्यों को देखते हुए नाम की घोषणा की है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधकारियों में उपाध्यक्ष सोनी कौर, उपाध्यक्ष ओबीसी नवनीत कौर, उपाध्यक्ष दीपा, महामंत्री सीमा कौर, महामंत्री उषा राणा, मंत्री गुरप्रीत कौर, राजविंदर कौर, सोनिया कौर, कोषाध्यक्ष अमनदीप कौर, कार्यालय मंत्री उर्मिला, संयोजक सतविंदर कौर आदि शामिल हैं।

## सिटी ब्रीफ

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**काशीपुर** : उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए दो शिक्षकों 1992 में नियुक्त गणित प्रवक्ता रोशन लाल वर्मा और 1988 में नियुक्त गणित विज्ञान शिक्षक कपिल कुमार भारद्वाज की विदाई एवं सम्मान समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति और उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई द्वारा उन्हें सम्मान पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शिवनंदन प्रसाद अग्रवाल ने सेवानिवृत्त दोनों शिक्षकों के उत्तम कार्य की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू, उपाध्यक्ष हिमांशु गर्ग, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल, अभिषेक गोयल, अनिल कुमार सिंह, मनोज शर्मा, पंकज अग्रवाल, जयदीप सिंह, कौशलेश गुप्ता, रणधीर सिंह, बलजीत सिंह सूमेरिया समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### सट्टे की खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

**काशीपुर** : कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सट्टे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार सट्टा डायरियां, पेन और नगदी बरामद की है। मंगलवार को बांसफोड़ान चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह मेहता पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि श्मशान घाट के पास नया ढेला पुल के किनारे एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से एक युवक को धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रिजवान निवासी मोहल्ला अल्ली खां काशीपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पेन, चार सट्टा डायरियां जिनमें फरीदाबाद, दिसावर, गाजियाबाद और गली के सट्टा नंबर दर्ज थे और कुल 2020 रुपये बरामद हुए। उपनिरीक्षक मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल दसवें दिन भी जारी

**काशीपुर** : विभिन्न मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 10 वें दिन भी जारी रही। अभियंताओं ने सिंचाई खंड कार्यालय पर धरना देते हुए नारेबाजी की। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ काशीपुर के शाखा सचिव हिमांशु पंत की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अभियंता इस हड़ताल में शामिल हुए। महासंघ की प्रमुख मांगों में पात्रता के अनुसार वेतन विसंगति दूर करना और तीन पदोन्नति प्रदान करना शामिल है। यहां पर केशव सिंह, गौरव पाठक, मनमोहन सिंह ऐरी, ज्योति रावत, राजेश भट्ट, राजन पंत आदि रहे।

### दो आरोपियों को चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**काशीपुर** : पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो युवकों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुण्डा थाने के उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग पर थे। एक निजी हॉस्पिटल की ओर जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसकी पहचान अनुज निवासी मोहल्ला कटरा मालियान, काशीपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक बड़ा रामपुरी चाकू बरामद हुआ। वहीं, चैती मेले में तैनात उपनिरीक्षक पंकज कुमार और कांस्टेबल बलवंत सिंह ने नखासा बाजार में आशू कुमार निवासी मोहल्ला कटरा मालियान को पकड़ा, उसके पास से भी एक फोल्डिंग चाकू बरामद हुआ।

# राज्य कर विभाग ने पकड़ी करोड़ों की जीएसटी चोरी

## प्रारंभिक आकलन में 12 से 15 करोड़ रुपये की चोरी की आशंका

- फर्म संचालकों से लाखों की धनराशि जमा कराई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की टीम ने काशीपुर क्षेत्र में छापेमारी कर करोड़ों रुपये की जीएसटी पकड़ी है। टीम ने फर्म संचालकों से डीआरसी-03 के माध्यम से लाखों की धनराशि भी जमा कराई है।

विशेष अनुसंधान शाखा के उपायुक्त विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति और कर चोरी पर अकुंश लगाने के उद्देश्य से रूद्रपुर स्थित विशेष अनुसंधान इकाई ने महुआखेड़ागंज-काशीपुर में लेड इंगट बनाने वाली चार निर्माता फर्मों पर छापेमारी की। गठित जांच दलों ने संयुक्त रूप से सर्वेक्षण-जांच और अभिग्रहण की कार्रवाई की। कार्रवाई से पहले फर्मों की व्यापारिक गतिविधियों की गहन निगरानी की गई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि फर्मों ने वर्ष 2023-24 से


काशीपुर की फैक्ट्री में जांच करते जीएसटी अधिकारी। • अमृत विचार

फरवरी 2026 तक, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड की विवादास्पद फर्मों अथवा आपूर्ति श्रृंखला के विवादास्पद आपूर्तिकार फर्मों से खरीद प्रदर्शित करते हुए अपनी देयता का भुगतान बोगस आईटीसी से किया है।

इस संबंध में फर्म संचालकों से पूछताछ की गई। सर्वे के दौरान व्यापार-स्थल के डिजिटल रिकाड्र्स को अग्रेतर जांच के लिये कब्जे में लिया गया। प्रारंभिक जांच में लगभग 12 से 15 करोड़ के कपटपूर्ण आईटीसी उपलब्ध एवं दावा करते हुए गलत उपभोग किए जाने के संकेत मिले हैं। ओझा ने बताया कि जांच के दौरान डीआरसी-03 के माध्यम से फर्म संचालकों से लाखों रुपये की धनराशि जमा कराई गई है। बताया कि निरीक्षण के दौरान दो इकाइयों में बैट्री स्क्रैप व बैट्री चुरा से भरे दो वाहनों को माल उतारने से पूर्व ही कब्जे में लेकर सचल दल अधिकारियों को अग्रिम जांच के लिये सुपुर्द किया गया।

## बीएसवी कॉलेज के मिश्रा बने प्रधानाचार्य

**जसपुर:** क्षेत्र में पहचान रखने वाले दो मुख्य इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो गए। दो कॉलेजों में अब नए प्रधानाचार्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्थानीय बीएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पीयूष अग्रवाल और रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के नरेश चौहान सेवानिवृत्त हो गए। बीएसवी इंटर कॉलेज में एनसीसी के पूर्व लेफ्टिनेंट, वरिष्ठ प्रवक्ता एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा को कॉलेज की बागडोर सौंपी गई है। वहीं विद्या मंदिर में काशीपुर के राजीव कुमार गंगवार को प्रधानाचार्य बनाया गया है। दोनों कॉलेजों में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीयूष अग्रवाल एवं नरेश चौहान को विदाई दी गई। साथ ही नये प्रधानाचार्य का स्वागत किया गया। इस दौरान पीयूष अग्रवाल ने अपने संस्मरण साझा किए। शिक्षकों से बच्चों को मन लगाकर पढ़ाने को कहा। नये प्रधानाचार्य स्वतंत्र मिश्रा ने स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का भरोसा दिलाया। उधर राजीव कुमार गंगवार ने भी बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि महुवाडाबरा स्थित रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एक मात्र ऐसा स्कूल है जहां से प्रत्येक वर्ष ज्यादा संख्या में बच्चे मेरिट में स्थान लाते हैं।

# भूमि विनियमितीकरण की मांग


काशीपुर में आयोजित मासिक बैठक में चर्चा करते किसान। • अमृत विचार

- किसान विकास क्लब की मासिक बैठक में किसानों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** किसान विकास क्लब की मासिक बैठक में किसानों ने भूमि विनियमितीकरण की मांग को उठाया। साथ ही कृषि अधिकारी ने योजनाओं की जानकारी दी।

बुधवार को अनाज मंडी स्थित गेस्ट हाउस में किसान विकास क्लब की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में किसानों ने कृषि योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ अपनी लंबित भूमि समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कल्याण सिंह ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित नवीनतम लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि पर पर प्रकाश डाला। अधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे कृषि संबंधी किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए उनसे कभी भी संपर्क कर सकते हैं। बैठक के दौरान किसानों ने अपनी पुरानी मांगों को लेकर नाराजगी जाहिर की। किसानों का कहना था कि वे लंबे समय से वर्ग 4 और वर्ग 1 (ख) की भूमि के विनियमितीकरण की आवाज उठा रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। किसानों ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हम एक बार फिर पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि इन दोनों श्रेणियों की भूमि का शीघ्र विनियमितीकरण किया जाए।

बैठक का संचालन सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि कुमार सिंह, सत्यपाल सिंह आर्य, सुभाष चौधरी, संजय रावल, राजीव मिश्रा, अपूर्व मेहरोत्रा, संदीप चतुर्वेदी, देवी सिंह यादव, डॉ. अशोक अरोड़ा, दिलबाग सिंह, रमेश सपरा, अर्जुन सिंह, कैलाश मैठाणी और सुभाष चंद शर्मा सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# नगर मंदिर पहुंचा मां बाल सुंदरी का डोला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चैती मंदिर से मंगलवार की अर्धरात्रि मां बाल सुंदरी देवी का डोला पंडा आवास पहुंच गया है।

मंगलवार की अर्ध रात्रि 12.30 बजे तंत्रोक्त विधि से हवन शुरू हुआ और ढाई बजे पूर्णाहुति के बाद मां को नारियल एवं जायफल की प्रतीकात्मक बलि दी गई। 3.15 बजे मां की स्वर्ण प्रतिमा को लेकर डोले में विराजमान किया गया और बुधवार तड़के 4.20 बजे मोहल्ला कानूनगोयान स्थित नगर मंदिर पहुंची मां बाल सुंदरी की प्रातः काल आरती की गई। बता दें कि चैती मेला मैदान स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में बीती 26 मार्च की तड़के मां भगवती का डोला आने के बाद से शहर के अलावा


काशीपुर में चैती मंदिर से नगर मंदिर को जाता मां बाल सुंदरी देवी का डोला।

अन्य प्रदेशों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचने का क्रम जारी था। मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री बताते हैं कि इस दौरान बुक्सा समाज के लोग भी यहां अपनी कुलदेवी मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन करने पहुंचते हैं। बुक्सा श्रद्धालु यहां चैती मेला परिसर में रहकर भगवती का गुणगान और प्रतिदिन मां बाल सुंदरी की पूजा-अर्चना करते हैं। उधर, चैती मेला अपने पूरे शबाब पर है। डोला विदाई से पहले बीती शाम मंदिर प्रांगण में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायकों ने मां भगवती का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# रामनगर रोड के लिए 17.51 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

- महापौर दीपक बाली ने कहा- बारिश से पहले शुरू होगा काम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने कहा कि काशीपुर-रामनगर रोड किलोमीटर 1 से 28 तक का एस्टीमेट तैयार कर पहले 16 करोड़ 30 लाख 15 हजार रुपये का प्रस्ताव बनाया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 17.51 करोड़ रुपये कर दिया गया है और यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है। जनता की समस्या को देखते हुए वर्तमान में भी गड्ढों का भरान कराया जा रहा है। नगर निगम की ओर से तीन हाईटेक शौचालय स्वीकृत कराए गए हैं।

महापौर बाली बुधवार को नगर निगम कार्यालय में पत्रकारों से


प्रेस वार्ता करते महापौर दीपक बाली।

वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामनगर रोड की दुर्दशा को लेकर जनता और मीडिया लगातार सवाल उठा रहे हैं। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अंतर्गत आती है। इसलिए इस पर सीधे नगर निगम काम नहीं कर सकता। इसके बावजूद उन्होंने इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए कई बार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया और अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि पहले भी सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराई गई थी। अब इस मामले को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में लाया गया है। सीएम ने सड़क की धनराशि जल्द स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अप्रैल माह के भीतर धनराशि स्वीकृत हो सकती है और वर्षा ऋतु से पहले टेंडर प्रक्रिया शुरू कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य इसलिए भी जरूरी हो गया है, क्योंकि सड़क का फोरलेन प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन फोरलेन निर्माण में समय लगेगा और तब तक मौजूदा सड़क को चलने लायक बनाना आवश्यक है।

बताया कि नगर निगम की ओर से तीन हाईटेक शौचालय स्वीकृत कराए गए हैं। इनमें से एक खड़कपुर-देवीपुरा क्षेत्र में लगभग 79.82 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। दूसरा चैती मेला प्रांगण में लगभग 76.87 लाख रुपये की लागत से बनेगा, जबकि तीसरे शौचालय का प्रस्ताव टांडा तिराहे से बदल कर द्रोणा सागर क्षेत्र के लिए किया गया है, जिसकी लागत लगभग 63 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि तीनों शौचालय स्वीकृत हो चुके हैं, केवल एक स्थान परिवर्तन संबंधी औपचारिकता शेष है, जिसके बाद धनराशि भी जारी हो जाएगी।

कहा कि नगर निगम ने पूरे शहर में लगभग 100 नल लगाने का टेंडर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत होगी, वहां प्याऊ या वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे।

## संदिग्ध चर्बी से लदा कैंटर पकड़ा

**खटीमा :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खटीमा-सितारगंज रोड स्थित टोल प्लाजा के पास संदिग्ध चर्बी से लदे एक दिल्ली नंबर के कैंटर को चालक सहित पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने कैंटर को पुलिस के सुपुर्द करते हुए इसमें भरी चर्बी के गोवंशीय पशुओं की होने का गंभीर आरोप लगाया है। बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष क्षितिज अरोड़ा ने बताया कि उन्हें पिछले कई दिनों से इस तस्करी की सूचना मिल रही थी। बुधवार को सटीक जानकारी के आधार पर घेराबंदी कर वाहन को दबोचा गया। आरोप है कि इस्लामनगर गौटिया क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की चर्बी को गलाकर टीन के कनस्तरों में भरकर बाहर भेजा जा रहा था।


बाजपुर कोतवाली में तहरीर लेकर पहुंचे छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा।

## छात्रसंघ अध्यक्ष और छात्रा पक्ष के बीच भिड़ंत

**बाजपुर** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में बुधवार को छात्रसंघ अध्यक्ष और एक छात्रा पक्ष के बीच जमकर विवाद हुआ। हंगामे के चलते कॉलेज परिसर में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रसंघ अध्यक्ष के आरोप छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा का आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे एक छात्रा चार युवकों के साथ आई और उनके साथ गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की। इस घटना के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी अस्पताल ले जाना पड़ा। वहीं, राजीव नगर निवासी छात्रा गुनगुन का कहना है कि वह परीक्षा परिणाम सुधार के संबंध में ज्ञापन देने कॉलेज गई थी। आरोप है कि छात्रसंघ अध्यक्ष ने उसके हाथ से ज्ञापन छीनकर फाड़ दिया और गाली-गलौज की। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ अन्य छात्रों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे अपमानित किया और धमकी दी।

## युवक की गुमशुदगी दर्ज, शुरू की जांच

**काशीपुर:** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एक युवक के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बीती 13 मार्च से लापता युवक के मामले में उसकी गुमशुदगी को अब पुलिस ने अपहरण की धाराओं में दर्ज किया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार अनमोल गुप्ता 13 मार्च 2026 की दोपहर करीब 1 बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गया था। परिजनों के लिए चिंता का विषय यह है कि अनमोल के पास पिता की फर्म की उगाही के 5,00,000 रुपये भी थे। घटना के बाद से ही उसका मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहा है। लापता युवक के भाई बॉबी गुप्ता ने कोतवाली काशीपुर में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।


शोभायात्रा के दौरान महंत विकासनाथ महाराज को सम्मानित करते श्रद्धालु।

## मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ का स्थापना दिवस मनाया

**बाजपुर :** चकरपुर रोड स्थित सिंह कॉलोनी में मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ (बाजपुर धाम) के स्थापना दिवस पर नगर में भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। नाथ संप्रदाय के संतों के सानिध्य और पीठाधीश्वर मुख्य महंत विकासनाथ महाराज के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैंड-बाजों और रथों पर सवार साधु-संतों के साथ निकली। यह यात्रा मुख्य मार्ग, रेलवे क्रॉसिंग और पांडेय मोड़ से होते हुए चकरपुर रोड स्थित मंदिर परिसर पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा और संतों का भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ और महाआरती का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार, भगवंत सिंह म्यान, अनिल वाल्मीकि, गणेश यादव आदि मौजूद रहे।

## एलुमनी मीट का किया आयोजन

**काशीपुर:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में वित्तीय साक्षरता एवं एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। रामनगर रोड प्रतापपुर स्थित छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उर्वशी दत्त बाली और खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व छात्र सत्यम, प्रिंस एवं नैतिक ने अपने छात्रावास के अनुभव शेयर किए। वार्डन ज्योति राणा ने बताया कि छात्रावास में अपवंचित वर्ग के 6 से 18 साल के 50 बच्चे निवासरत हैं। जिनके सर्वांगीण विकास के लिए उर्वशी दत्त बाली के सहयोग से रोजगारपरक कार्यक्रम जैसे फोटोग्राफी, कंप्यूटर शिक्षा, कढ़ाई-सिलाई, बिजली फिटिंग, ब्यूटी पार्लर आदि चलाए जा रहे हैं। जिससे बच्चे स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर हैं।

# यूपीसीएल से 4.11 करोड़ रुपये वापस दिलाने का वाद खारिज

संवाददाता, काशीपुर

- एक फैक्ट्री ने उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच में दाखिल किया था परिवाद

**अमृत विचार:** यूपीसीएल काशीपुर से एडिशनल सरचार्ज क्रॉस सब्सिडी, इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी और ग्रीन सैस के अन्तर्गत जमा रकम करीब 4.11 करोड़ रुपये वापस दिलाने का वाद उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच ने खारिज कर दिया।

गलबलिया इस्पात उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, नारायण नगर, बाजपुर रोड के द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, ऊधमसिंह नगर में परिवाद दायर कर कहा गया कि उनके पास 27500 केवीए का विद्युत कनेक्शन है। उनके द्वारा उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अलावा इंडियन एनर्जी एक्सचेंज और केप्टिव पावर के माध्यम से ऑनलाइन बिजली खरीदी जाती है। विद्युत विभाग के द्वारा बाजार से खरीदी गयी बिजली पर एडिशनल सरचार्ज, क्रॉस सब्सिडी, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी और ग्रीन सेस लगाया गया है, जिससे उनको आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है और यह कुल मिलाकर अब तक 4,11,58,484 रुपये (चार करोड़ ग्यारह लाख अठावन हजार चार सौ चौरासी रुपये) बनता है, जो कि विद्युत विभाग से वापस दिलाया जाये। विद्युत विभाग की ओर से अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने जवाब दाखिल कर बहस में कहा कि विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केप्टिव जनरेशन प्लांट के माध्यम से लेने वाले उपभोक्ताओं के लिये केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण का गठन किया गया है, जहां सभी केप्टिव पावर प्लांटस को रजिस्ट्रेशन कराया जाना आवश्यक है। वर्तमान में इस प्लांट का रजिस्ट्रेशन नहीं है, जिस कारण केप्टिव यूजर नहीं माना जा सकता है और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा ही हल निकाला जा सकता है। इसलिए गलबलिया इस्पात उद्योग प्राइवेट लिमिटेड को यहां पर परिवाद करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। गलबलिया इस्पात उद्योग प्राइवेट लिमिटेड का 4,11,58,484 रुपये वापस दिलाने का परिवाद अस्वीकार कर दिया गया।


काशीपुर में निशुल्क पुस्तकों के साथ छात्र, साथ में अतिथि। • अमृत विचार

## मुख्य शिक्षा अधिकारी ने किया पुस्तकों का वितरण

**काशीपुर :** रतन रोड स्थित सुदामालाल रा .उ .प्रा .वि में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार बॉबी तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्रों को सरकार द्वारा प्रदत्त निशुल्क पुस्तकें प्रदान कीं। साथ ही मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को पूर्ण मनोयोग से अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। वहीं उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू की मौजूदगी में छात्रों को पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शिवनंदन प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष हिमांशु गर्ग, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल, अभिषेक गोयल समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। उधर शिवलालपुर ढल्लू में राप्राावि में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार बॉबी ने छात्रों को पुस्तकें प्रदान कीं।

# राम कथा से मिलती है मर्यादित जीवन की सीख

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर चार स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में आयोजित श्री रामकथा के दौरान बुधवार को बाल व्यास कपिल देव महाराज ने श्रद्धालुओं को मर्यादित जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा मानव जीवन को अनुशासन, आदर्श और मर्यादा में रहने की प्रेरणा देती है। सनातन संस्कृति में मर्यादित जीवन को ही श्रेष्ठ जीवन माना गया है। कथा के दौरान क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ भी पहुंचे, जहां कथा व्यास कपिल देव महाराज ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक बेहड़ ने व्यास पीठ पर शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की और आयोजन


विधायक बेहड़ का अंग वस्त्र पहना कर स्वागत करते कथावाचक कपिल देव महाराज।

समिति की सराहना की। इससे पूर्व मुख्य यजमान मानसिंह कोरंगा एवं भास्कर कोरंगा ने वैवाहिक जोड़ी के साथ विधि-विधान से श्री गणेश पूजन, भूमि पूजन, व्यास पूजन एवं पंचदेव पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। कार्यक्रम में सैनिक संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा, टीका सिंह नेगी, पुष्कर सिंह कोरंगा, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी, ललित बिष्ट, हेमचंद्र सूंठा, विमल कोरंगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रीबालाजी घाटा मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ शुरू

**बाजपुर** : हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मोहल्ला बांकेनगर स्थित श्रीबालाजी घाटा मंदिर में विश्व कल्याण की कामना के साथ अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। मुख्य यजमान विकास अग्रवाल ने सपरिवार पूजन के बाद ज्योति प्रज्ज्वलित कर पाठ का आरंभ कराया। अखंड पाठ का समापन 2 अप्रैल को सुबह 8 :30 बजे आरती, हवन और सवामनी भोग के साथ होगा। 2 अप्रैल को दोपहर 2 :00 बजे अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर से भव्य ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा मुख्य मार्ग, बेरिया रोड और रामराज रोड होते हुए बालाजी घाटा मंदिर पहुंचेगी। समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता 'छन्नू' ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर की ओर से निशुल्क ध्वज वितरित किए जाएंगे। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### सुलह के बीच फिर भड़का विवाद, हंगामा

**बाजपुर**। युवक को जबरन कार में बैठाकर जंगल ले जाने और मारपीट के मामले में सुलह के दौरान बुधवार को फिर विवाद हो गया। कोतवाली परिसर में दोनों पक्षों के बीच माफी मांगने के तरीके को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। आरोप है कि पैर पकड़कर माफी मांगने और वीडियो बनाने को लेकर मामला दोबारा भड़क गया। इससे पहले 30 मार्च को एक युवक को कार में बैठाकर जंगल ले जाकर मारपीट और तमंचा दिखाकर धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया है।

# सरकारी स्कूलों में उत्साह से मनाया गया प्रवेशोत्सव

## नए छात्र-छात्राओं का किया स्वागत, निशुल्क किताबें भी बांटी गईं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले भर में बुधवार को प्रवेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नए छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को निशुल्क किताबों का भी वितरण किया गया।

विकासखंड हवालबाग के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौन डाल में प्रवेशोत्सव मनाया गया। स्कूलों में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं को जल्द प्रवेश लेने को प्रेरित किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य गोपाल सिंह बिष्ट ने नवागत छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने इस मौके पर विद्यालय की ओर से अभिभावकों को विद्यालयों में विद्यार्थियों को दी जा रही सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी। उधर, राजकीय इंटर कॉलेज कमलेश्वर में भी प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके अलावा विद्यालय में ओण दिवस भी मनाया गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने बच्चों को जंगलों में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने आदि की जानकारी दी। यहां प्रवेशोत्सव में प्रभारी प्रधानाचार्या संगीता पंत, रेणुका जोशी, शर्मिला, निर्मला लोहुमी, विशाखा, डॉ. इन्द्रा बिष्ट, नरेन्द्र सिंह बनकोटी, अंजना, ललिता रौतेला समेत अभिभावक मौजूद रहे।


राइंका कमलेश्वर में एक छात्र को पाठ्य पुस्तक देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### निशुल्क किताबों का किया वितरण

प्रवेशोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न विकासखंडो के विद्यालयों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नि :शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकों को पाकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। वहीं, आभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों का प्रवेश कराने का आह्वान किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान स्यूनराकोट हरीश राम आदि मौजूद रहे।

### नए बच्चों को विशेष भोज कराकर किया स्वागत

राप्रावि कनरा में बुधवार को प्रवेशोत्सव के दौरान नए छात्रों का विशेष भोज कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से बच्चों को निशुल्क गणवेश, पुस्तकें, कॉपी और अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। विद्यालय की ओर से उपस्थित अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें।

## पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए संघर्ष का आह्वान

**अल्मोड़ा** : एनएमओपीएस संगठन की बुधवार को वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही तय हुआ कि आगामी 19 अप्रैल को अल्मोड़ा विरोध रैली निकाली जाएगी।

बैठक में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। कहा कि अल्मोड़ा में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 19 अप्रैल रैली निकाली जाएगी। वहीं, 17 मई को हल्द्वानी में मंडलीय रैली निकलेगी।

संगठन की मजबूती के लिए स्वायत्तता अभियान की रसीदें काटने की भी बात कही। सभी ब्लॉकों को दस अप्रैल तक दो ऑनलाइन व एक भौतिक बैठक अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए।

यहां बैठक में संरक्षक डॉ. मनोज जोशी, अध्यक्ष गणेश सिंह भंडारी, भूपाल चिलवाल, धीरेंद्र पाठक, दीपक तिवारी, मीनाक्षी जोशी, संजय जोशी, रमेश मेहरा, डीके जोशी, मोहन जोशी, दीपक पांडे, बसंत पांडे, सुशील बाराकोटी, तारा बिष्ट, नरेंद्र बोरा, मनीष पांडे, ममता नेगी, शांति जुयाल, गोपाल रावत, मोहन जोशी, रमेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# चम्पावत को स्कॉच अवार्ड पालिकाध्यक्ष ने किया ग्रहण


चम्पावत में पालिकाध्यक्ष प्रेमा पांडेय को पुरस्कार प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** नगर आजीविका केंद्र, नगर पालिका परिषद चम्पावत को उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्कॉच अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। 31 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में पुष्कर सिंह धामी ने पालिकाध्यक्ष प्रेमा पांडेय को यह पुरस्कार प्रदान किया।

नगर आजीविका केंद्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सॉफ्ट टॉय, ऐपण उत्पाद, खाद्य सामग्री, गृह सज्जा और ऊनी उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। भरत त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी ने बताया कि केंद्र के माध्यम से चम्पावत नगर के 95 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अब तक 42.70 लाख रुपये का कारोबार किया है।

यह केंद्र केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और उत्तराखंड शहरी विकास विभाग की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित किया जा रहा है। चम्पावत नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित यह उत्तराखंड का पहला नगर आजीविका केंद्र है।

केंद्र के माध्यम से महिलाओं के लिए सॉफ्ट टॉय निर्माण सेंटर और सिलाई सेंटर जैसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से आती है समृद्धिः उपाध्याय



**दिनेशपुर** : श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खटोला में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते व्यास नवीन चंद्र उपाध्याय शास्त्री ने कहा श्रीमद् भागवत श्री नारायण का स्वरूप है। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा के लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि कथा श्रवण करने से मनुष्य के परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

उन्होंने कहा मन के मैल को दूर कर शुद्ध करने का मात्र एक ही साधन श्रीमद् भागवत शास्त्र है। बुधवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खटोला में व्यास नवीन चंद्र उपाध्याय के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा वाचन से पूर्व आचार्य राजेश पांडे, आचार्य नवीन जोशी, आचार्य राजेश भट्ट व कुलदीप उपाध्याय ने प्रातः 8 बजे मुख्य यजमान डिगर सिंह कार्की, त्रिलोक सिंह पानू, नंदन सिंह कार्की, चंदन सिंह गड़िया, भूपाल सिंह कार्की व नंदाबल्लभ बेलवाल से पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। अनुष्ठान में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, धर्मानंद जोशी, रेवती कार्की, इंद्रा कार्की, कलावती कार्की, निशा कार्की, लक्ष्मी मेहता, नीमा जोशी, निशा कार्की रहे।

# लोहाघाट महाविद्यालय में रोजगार मेला आज, कई पदों पर होगी भर्ती

- आठ से अधिक कंपनियां लेंगी साक्षात्कार, 10 से 25 हजार तक मिलेगा वेतन

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन चम्पावत के तत्वावधान में 2 अप्रैल को स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में लगभग 2,000 रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

जिला सेवायोजन अधिकारी आर.के. पंत ने बताया कि मेले में हेता ऑर्गेनिक, पुखराज हेल्थकेयर, क्वैस क्रॉप, जेबीएम ग्रुप, गणेश प्रा. लि., नील मेटल, सनसेरा और स्पार्क मिंडा युवा शक्ति फाउंडेशन सहित आठ से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के एचआर प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। रोजगार मेले के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक और बीटेक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल चम्पावत, पंतनगर, रुद्रपुर, नोएडा और हरियाणा रहेगा। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है तथा चयनित उम्मीदवारों को 10,000 से 25,000 रुपये तक वेतन दिया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति, बायोडाटा और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रातः 10 बजे महाविद्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं। प्रतिभागियों के लिए नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने युवाओं से रोजगार मेले में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील की है।

## वाणिज्यिक सिलिंडर में 195 रुपये की बढ़ोत्तरी

**टनकपुर/चम्पावत:** देश में रसोई गैस सिलिंडर के दाम में तेजी से इजाफा हुआ है। भले ही घरेलू गैस सिलिंडरों की कीमत में वृद्धि नहीं की गई है, लेकिन वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। चम्पावत में व्यावसायिक सिलिंडर 31 मार्च को 2001.50 रुपये का था, जो आज पहली अप्रैल से 195.50 रुपये बढ़कर 2196 रुपये हो गया है। 5 किग्रा का व्यावसायिक सिलिंडर अब बढ़कर 610 रुपये का हो गया है। चम्पावत इंडेन गैस वितरण केंद्र के प्रबंधक डीएस रावत ने बताया कि बढ़ी हुई कीमतें आज 1 अप्रैल से लागू हो गई है। 14.2 किग्रा एलपीजी घरेलू गैस सिलिंडर का दाम पहले की तरह 950.50 रुपये हो गया है।

# फील्ड में पहुंच कार्य पूरा करें अधिकारीः डीएम

- अल्मोड़ा में डीएम ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली
- कार्यों और लक्ष्यों को तय समय में पूरा करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः डीएम अंशुल सिंह ने बुधवार को 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संबंधित विभागों से कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले कार्यों, लक्ष्यों एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने योजनाओं में कम प्रदर्शन करने वाले विभागों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कड़े निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। कहा कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम सरकार का बहुत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसके तहत विभिन्न विभागों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर रैंकिंग तैयार की जाती है। उन्होंने निम्न रैंकिंग प्राप्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैंक सुधार के लिए कार्यों का क्रियान्वयन सही और पारदर्शी तरीके से शत प्रतिशत किया जाए। कहा कि प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधिकारी फील्ड स्तर पर पहुंचकर कार्यों को पूरा करें। यहां बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते डीएम अंशुल सिंह। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज, साथ में तीमारदार। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन

**बागेश्वर** : जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं के विरोध में संघर्ष वाहिनी ने प्रदर्शन कर सीएमएस को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बंद पड़े शौचालय खोलने और मरीजों को बाहर से जांच कराने की मजबूरी खत्म करने की मांग उठाई। संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल के छह शौचालय बंद पड़े हैं। चिकित्सक मरीजों को रक्त जांच और दवाइयां बाहर से खरीदने के लिए लिख रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने मरीजों को पर्याप्त बेड उपलब्ध कराने, तीमारदारों के लिए स्टूल की व्यवस्था, सिटी स्कैन तकनीशियन और अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग की। इस दौरान अंकुर उपाध्याय, नीरज मनवाल, महेश नगरकोटी, विनोद थापा, नवीन चौबे, वीरेंद्र नेगी सहित कई कार्यकर्ता रहे।

# बीयरशिवा में धूमधाम से मनाई ग्रेजुएशन सेरेमनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** बीयरशिवा स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान बच्चों के परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। साथ में कंफिनिटी हाल का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय की अकादमिक डायरेक्टर दीपिका विल्सन ने बताया कि 28 मार्च को कक्षा छह से नौ और 11 वीं का परीक्षाफल घोषित किया था। इधर, अब यूकेजी से पांच तक के बच्चों का परीक्षाफल घोषित हुआ। उप प्रधानाचार्य हरीश कांडपाल ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। प्राइमरी वर्ग में हवनिका भोज 99.85 और जूनियर वर्ग में अनुष्का तिवारी ने 99.38 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया। जूनियर में आलराउंडर युवराज थापा, सीनियर में यशराज मटेला, अनुशासन जूनियर में मणिकर्णि व सीनियर में स्वाति बिष्ट, उपस्थिति में भार्गव पंत, दिव्यांशी जोशी, वैभव शैली और सपना आर्या रहीं। इसी तरह कक्षा एक में शिवम, दो में हनविका, तीन में कोईनश्री, चार में रिद्धिमन, पांच में प्रशा, छह में आयांशी, सात अ में गरिमा, सात ब में मयंक, आठ अ में अक्षत, आठ ब में अनुष्का, नौ अ में लक्ष्य, नौ ब में संजीवनी, 11 ए में अक्षरा, 11 बी में अभिलाषा, 11 सी में अमन पहले स्थान पर आए। अव्वल आने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक निरुपमा भट्ट तलवार, सचिव तिलक राज तलवार, अध्यक्ष निरूपेंद्र तलवार, मुस्कान तलवार ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।


अल्मोड़ा के बीयरशिवा स्कूल में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# सुहागरात पर पति को पीटा पंचायत में सिर फोड़ डाला

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में दुल्हन ने सुहागरात पर पति को पीट दिया। इसके बाद पंचायत में दुल्हन पक्ष के लोगों ने ईंट से दामाद का सिर फोड़ दिया। मामला थाने पहुंचा, जहां नवविवाहिता ने पति के साथ रहने से इनकार कर दिया और समझौते के बाद अपने परिजनों के साथ मायके लौट गई।

पुलिस के अनुसार, लक्ष्मीनगर निवासी कन्हैया की शादी रविवार को ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के कस्बा किच्छा निवासी युवती से हुई थी। ससुराल में देर शाम तक दावत और खुशी के दौर के बाद देर रात सुहागरात का मौका आया लेकिन कुछ देर बाद ही कमरे से चीख पुकार की आवाजें आने लगीं। परिजनों ने दरवाजा खुलवाया तो दूल्हे ने बताया कि दुल्हन ने उसे जमकर पीटा है। इसके बाद परिजनों ने रात में ही दुल्हन के परिजनों को फोन कर दिया। मंगलवार को नवविवाहिता के परिजन पुलिस थाने पहुंचे जहां, दोनों पक्षों में समझौता हो गया। समझौतानामा लिखवाने के लिए सभी लोग तहसील गए। वहां भी दूल्हन और दूल्हे के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान दुल्हन और उसके परिजनों ने दूल्हे का सिर ईंट से फोड़ दिया। लहूलुहान होकर दूल्हा गिर गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाल जीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**जागरूकता** शीतलाखेत महाविद्यालय में मनाया गया ओड़ दिवस, जंगलों को नहीं जलाने का भी लिया गया संकल्प

# जल, जंगल और जमीन को बचाना सभी की जिम्मेदारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय शीतलाखेत में बुधवार को 'ओड़ दिवस' दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी ने एक स्वर में जंगलों में लगने वाली आग को रोकने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि जंगल हमारे हैं और हमको ही इसे बचाना हैं।

कार्यक्रम के दौरान जंगल के दोस्त संस्था के संरक्षक आरडी जोशी ने कहा कि नदियों को बचाना हो या जंगल की आग पर काबू पाना हो ये सभी कार्य जनसहभागिता के बिना संभव नहीं है। उन्होंने जनसहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि यह जल, जंगल और जमीन हम सभी के हैं। इनका संरक्षण करने का दायित्व भी हम सभी का है। कहा कि जनसहभागिता से ही जंगल की आग पर काबू पाया जा सकता है। प्राचार्य ललन प्रसाद वर्मा ने कहा कि जंगल की आग से बहुत से नुकसान हमारे पर्यावरण को होते हैं। इससे जंगली जानवरों, पक्षियों एवं छोटे छोटे कीड़े मकोड़े भी नष्ट हो जाते हैं, जो पर्यावरण संतुलन में अपनी अपनी भूमिका अदा करते हैं। वहीं, डॉ. प्रकाश चंद्र जांगी ने शीतलखेत मॉडल पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


शीतलाखेत में ओड़ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।



रानीखेत में महाविद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत मौजूद अतिथि।

### ओड़ दिवस पर वनाग्नि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रानीखेत** : ओड़ दिवस पर राजकीय महाविद्यालय रानीखेत में वनाग्नि से बचाव पर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वनाग्नि से वन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा पर व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी, रेड क्रॉस, रोवर रेंजर्स एवं एनएसएस परकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ.जेएस रावत ने वनाग्नि के कारणों, प्रभावों एवं बचाव के उपायों पर व्याख्यान देते हुए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। रोवर्स रेंजर्स के डॉ. पी.के. जोशी एवं पारुल भरद्वाज तथा देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त 12 छात्र-छात्राओं ने आपदा प्रबंधन और वन संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखंड में वनाग्नि एक गंभीर समस्या है, जिसे जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही रोका जा सकता है। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स एवं रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। रोवर रेंजर्स द्वारा अग्निशमन उपकारणों कि जानकारी प्रदान कि गई। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. कमला देवी एवं एनसीसी प्रभारी डॉ. शंकर कुमार द्वारा किया गया। यहां डॉ. किरण, डॉ. आस्था अधिकारी, डॉ. रेखा भट्ट, डॉ. निर्मला जोशी, एवं नीरज सहित उपस्थित रहे। सभी ने वनाग्नि रोकथाम हेतु सामूहिक शपथ ली।

# शराब की दुकान हटाने को अनशन शुरू

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** शामा में शराब की दुकान हटाने समेत दस सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा रामलीला मैदान में आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

पूर्व में जिला पंचायत सदस्य विजया कोरंगा और भूपेंद्र कोरंगा ने शराब की दुकान के समीप एक अप्रैल से आंदोलन शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में रामलीला मैदान में अनशन प्रारंभ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार क्षेत्र में शराब की दुकान खोल रही है, जबकि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। आरोप लगाया गया कि शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते और अस्पतालों में चिकित्सक व अन्य स्टाफ भी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। साथ ही सीएमओ कार्यालय द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य विजया कोरंगा ने कहा कि जनता के निर्णय के अनुसार शराब की दुकान हटाने के साथ नौ अन्य मांगें भी जोड़ी गई हैं। अब दस सूत्रीय मांगों को लेकर निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र कोरंगा ने कहा कि मांगें पूरी होने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

क्षेत्र पंचायत सदस्य पुष्पा देवी (गोगिना) और शांति देवी (शामा) ने चेतावनी दी कि मांगें न माने जाने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। धरने में महिला मंगल दल अध्यक्ष खस्टी देवी, पूर्व प्रधान खड़क सिंह कोरंगा, मंजू, छात्रा उपाध्यक्ष हल्द्वानी ज्योति दानू, महिपाल सिंह कोरंगा आदि बैठे।


शामा में आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारी। ● अमृत विचार



आप दीवार के चित्रों को बदल कर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते।
**–जवाहर लाल नेहरू**, पूर्व प्रधानमंत्री



# भगवान भरोसे भीड़

बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ की घटना महज एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पंगुता और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है। 8 महिलाओं की मृत्यु और 15 से अधिक का घायल होना यह सवाल उठाता है कि क्या आधुनिक भारत में नागरिक के जीवन का मूल्य केवल कुछ हजार रुपयों के मुआवजे तक सिमट कर रह गया है? इस त्रासदी का मुख्य दोषी पंडा कमेटी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन का वह 'अहंकारी समन्वय' है, जिसने 25 हजार की भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया। पंडा कमेटी का पुलिस से सुरक्षा की मांग न करना उनकी अक्षमता और वर्चस्ववादी सोच को दर्शाता है, लेकिन क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से केवल इसलिए पल्ला झाड़ सकता है कि उसे व्यवस्था प्रबंध हेतु 'आमंत्रण' नहीं मिला? खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस को हर साल चैत्र के आखिरी मंगलवार को जुटने वाली इस भीड़ का पूर्वानुमान क्यों नहीं था? क्या पुलिस इतनी दिशाहीन हो गई है कि उसे 25,000 लोगों के जमावड़े की आहट तक नहीं मिली? सबसे विडंबनापूर्ण स्थिति सुरक्षा प्राथमिकताओं की है। जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2,500 पुलिसकर्मी तैनात थे, जबकि मंदिर में 25,000 आम नागरिकों के लिए एक भी नहीं। यह 'अतिविशिष्ट' बनाम 'आम जनता' का वह असंतुलन है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। घटना के बाद कुछ अधिकारियों का निलंबन मात्र प्रशासनिक 'खानापूरी' है, जिससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं होता। एंबुलेंस और सहायता में देरी यह पुष्टि करती है कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। देश में मंदिरों और बाबाओं के समागमों में होने वाली भगदड़ की घटनाओं में पिछले कुछ बरसों में 12,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सत्य है कि आस्था भीड़ लाती है, लेकिन सच यह भी है कि प्रशासन को उस भीड़ का प्रबंधन करना होता है। हर विफलता के बाद शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर बच निकलता है।

इन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल संवेदना प्रकटीकरण या मुआवजा पर्याप्त नहीं है। हमें एक 'राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल' की आवश्यकता है। हर धार्मिक स्थल की एक 'वहनीय क्षमता' तय होनी चाहिए। भीड़ बढ़ने पर 'होल्डिंग एरिया' का निर्माण और प्रवेश पर नियंत्रण अनिवार्य हो। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से वास्तविक समय में भीड़ की घनत्व की निगरानी की जानी चाहिए ताकि 'क्राउड क्रिटिकल पॉइंट' की पहचान पहले ही हो सके। धार्मिक समितियों और पुलिस के बीच एक अनिवार्य समन्वय केंद्र हो, जहां बिना किसी औपचारिक मांग के भी पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए। तंग जगहों पर स्थित मंदिरों में 'वन-वे' प्रवेश और निकास के साथ आपातकालीन निकासी मार्ग की सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। समाज और सरकार को यह समझना होगा कि व्यवस्था की कमी से होने वाली मौतें 'ईश्वर की इच्छा' नहीं, बल्कि 'मानवीय भूल' हैं। यदि हमने आदिवासी नक्सल प्रभावित जैसे दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था पहुंचा दी है, तो हम अपने तीर्थस्थलों पर बुनियादी सुरक्षा ढांचा क्यों नहीं विकसित कर सकते? आस्था का सम्मान तभी होगा जब श्रद्धालु सुरक्षित घर लौट सकें।

## प्रसंगवश

# भौतिक सुखों के बीच गुम होती आत्मिक प्रसन्नता

खुशी क्या है? इस सवाल का जवाब शायद ही किसी को ठीक-ठीक पता हो, लेकिन सरल शब्दों में कहा जाए, तो आत्मसंतुष्टि ही वास्तविक खुशी है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम अक्सर इस संतुष्टि के भाव को समझ ही नहीं पाते। यदि हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो पाएंगे कि हम अपनी खुशी को दूसरों के व्यवहार से जोड़ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम सच में अपने भावनाओं पर नियंत्रण रखने वाले इंसान हैं या फिर दूसरों के व्यवहार से संचालित होने वाली मशीन? निःसंदेह, इंसान होने के नाते हमारे भीतर अपार शक्ति और आत्मनियंत्रण की क्षमता होती है। जैसे-जैसे व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ता है, उसके भीतर आत्मविश्वास और प्रसन्नता के बीज स्वतः अंकुरित होने लगते हैं, लेकिन वर्तमान समय में धैर्य और संयम का अभाव विशेष रूप से युवाओं में साफ दिखाई देता है। आज का युवा भीड़ में खुद को खोया हुआ महसूस कर रहा है। आंतरिक सुख मानो उसके भीतर कहीं दब गया है, जबकि भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर उसका झुकाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं। ये कुछ समय के लिए तो आनंद दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतुष्टि नहीं दे सकते। हमारे शास्त्र भी दीर्घकालिक सुख की खोज पर जोर देते हैं, जो केवल भौतिक साधनों से संभव नहीं है। आज के दौर में भौतिक सुख-सुविधाओं में सबसे प्रमुख स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।



**शिवालिक अवस्थी**
लेखक

आज लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है, लेकिन इसके कारण परिवार के बीच रहकर भी लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों का विघटन और मोबाइल की बढ़ती लत ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर युवा वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार हो रहा है, जो अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि मोबाइल का उपयोग केवल कॉल या जरूरी कार्यों तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। भावनाओं और व्यवहार में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई युवा मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वास्तविक खुशी उनसे दूर होती जा रही है। हाल ही में जारी हुई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2026 भी इस स्थिति की पुष्टि करती है। इस रिपोर्ट में 147 देशों को विभिन्न मानकों-जैसे प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के आधार पर आंका गया। फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क जैसे देश शीर्ष स्थानों पर रहे, जबकि भारत 4.536 अंकों के साथ 116 वें स्थान पर है। यह आंकड़े बताते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक संतुष्टि का स्तर अभी भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 2.5 घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जबकि सीमित उपयोग लाभकारी हो सकता है। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग ज्ञानवर्धन और सूचना प्राप्ति के लिए किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक समय चैटिंग, रील्स और गेम्स में बिताना उचित नहीं है। हमारी खुशी हमारे अपने हाथों में है। साधन केवल उपयोग के लिए होते हैं, उनका सही या गलत इस्तेमाल हम पर निर्भर करता है। यदि हम मोबाइल और सोशल मीडिया से कुछ समय निकालकर परिवार, आत्मविकास और ज्ञान की ओर ध्यान दें, तो न केवल हमारा मन शांत रहेगा, बल्कि जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव भी संभव हो सकेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# ऊर्जा संकट के बीच भारत की राह






**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहरे संकट में डाल दिया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता ने न केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिरता को भी चुनौती दी है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रहा है। बढ़ती ऊर्जा कीमतें महंगाई, चालू खाता घाटा और औद्योगिक लागत को बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकती हैं।

ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सरकार और आम नागरिक मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालें, ताकि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। सरकार के स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण होना चाहिए। भारत को केवल खाड़ी देशों पर निर्भर रहने के बजाय रूस, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस आयात के विकल्प बढ़ाने होंगे। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट का प्रभाव कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में देश के पास पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो। यह नीति न केवल अल्पकालिक राहत देगी, बल्कि दीर्घकाल में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम नवीकरणीय ऊर्जा पर तेजी से निवेश बढ़ाना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करे और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़े। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत को कम किया जा सके। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संकट का सीधा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। इसके लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर करों में अस्थायी राहत दी जा सकती है। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लक्षित सब्सिडी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, ताकि उनकी क्रय शक्ति पर असर न पड़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सस्ता, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि लोग निजी वाहनों के बजाय बस, मेट्रो और ट्रेन का उपयोग करेंगे, तो ईंधन की खपत कम होगी और आयात बिल भी नियंत्रित रहेगा।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्योगों को ऊर्जा बचाने वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों पर सब्सिडी देना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। इससे उत्पादन लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार को कूटनीतिक स्तर पर भी सक्रिय रहना होगा, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे और भारत को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जहां सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखना, एलईडी बल्ब का उपयोग करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनाना सरल, लेकिन प्रभावी उपाय हैं। रसोई में गैस के उपयोग को नियंत्रित करना और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव भी एलपीजी की खपत को कम कर सकता है। निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना भी एक बड़ा कदम हो सकता है। कार-पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे विकल्प अपनाकर न केवल ईंधन की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसके अलावा, जो लोग सक्षम हैं, वे सोलर पैनल जैसे विकल्पों में निवेश करके अपनी बिजली की जरूरतों को आंशिक रूप से स्वयं पूरा कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव भी इस संकट से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आज के समय में उपभोग की आदतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। यदि नागरिक "कम उपभोग और अधिक बचत" की नीति अपनाएं, तो न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि आर्थिक स्थिरता भी बनी रहेगी। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना भी एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे परिवहन पर होने वाली ऊर्जा खपत कम होती है।

अंततः यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है। यदि सरकार दूरदर्शी नीतियों के साथ आगे बढ़ती है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं, तो भारत न केवल इस संकट से उबर सकता है, बल्कि भविष्य में एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यही समय है जब ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर एक संतुलित और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है।

## आमने



जैसे नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं, वैसे ही मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर रहे हैं। पिनाराई विजयन अपने भ्रष्टाचार के कारण मोदी के दबाव में हैं। एलडीएफ सरकार अब वामपंथी नहीं, बल्कि 'कॉर्पोरेट फंडेड' सरकार बन गई है। यह इस बात का सबूत है कि बीजेपी और एलडीएफ के बीच 'सीक्रेट डील' है।
**–राहुल गांधी**, सांसद कांग्रेस

## सामने

यह समझ नहीं आता कि राहुल को कौन सलाह दे रहा है और वे ऐसे बेतुके बयान क्यों दे रहे हैं। राहुल जमीन से कटे हुए नेता हैं, जिन्हें केरल की वास्तविकता का पता नहीं है। खुद 'इंडिया' गठबंधन के नेता बनने का दावा करते हैं, तो वे उसी गठबंधन के साथियों पर इस तरह के हमले कैसे कर सकते हैं?
**– पी. संदोष कुमार**
सांसद सीपीआई



# उपभोग की मृगतृष्णा को भुनाता बाजार



**डॉ. शिवम भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारतीय लोकजीवन में दो वाक्य लंबे समय से समानांतर रूप से चलते आए हैं- "तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर" और "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।" पहली कहावत मर्यादा, संयम और यथार्थ के साथ जीवन जीने की सीख देती है, दूसरी, जो चार्वाक दर्शन से जुड़ी है, तत्काल सुख के लिए भविष्य की चिंता से मुक्त होने का आग्रह करती है। ये दोनों सूत्र केवल लोकोक्तियां नहीं हैं, वे भारतीय समाज के भीतर मौजूद दो मानसिकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज का भारत इन्हीं दो ध्रुवों के बीच झूलता दिखाई देता है। एक ओर विवेक, दूसरी ओर उपभोग का आकर्षण, जो कई बार आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लंबे समय तक भारतीय समाज, विशेषकर मध्यवर्ग, पहली दृष्टि के साथ जीता रहा। सीमित आय, सीमित संसाधन और सीमित इच्छाएं इन तीनों के बीच एक सहज संतुलन था। आर्थिक आत्मनिर्भरता और ऋणमुक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा का हिस्सा थीं। बचत करना केवल आर्थिक विवेक नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार था। एक ऐसा संस्कार, जो भविष्य के प्रति भरोसा पैदा करता था।

उदारीकरण के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ी, तो परिवर्तन केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा। इसके साथ एक नई उपभोक्ता संस्कृति भी समाज में तेजी से फैलने लगी। बाजार ने केवल वस्तुएं नहीं दीं, उसने इच्छाओं का एक विस्तृत संसार रचा और धीरे-धीरे आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को अनिवार्यता में बदल दिया। "अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें" का आकर्षक नारा जीवनशैली का हिस्सा बन गया। क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और आसान किश्तों ने उपभोग को तत्काल संभव बना दिया। उपलब्ध सत्यापित आकलनों के अनुसार, दिसंबर 2025 तिमाही तक भारत का खुदरा ऋण बाजार 162.7 लाख करोड़ तक पहुंच चुका था और सक्रिय ऋण खातों की संख्या 69 करोड़ हो गई थी। जनवरी, 2026 तक देश में प्रचलित क्रेडिट कार्डों की संख्या भी बढ़कर लगभग 11.66 करोड़ हो गई, जो पिछले कुछ वर्षों में खुदरा उधारी के तेज विस्तार को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, स्वर्ण ऋण जैसे उत्पाद खुदरा ऋण विस्तार के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं। दिसंबर 2025 तिमाही में TransUnion CIBIL का उपभोक्ता ऋण बाजार संकेतक (Consumer Credit Market Indicator) 102 तक पहुंच गया। स्वर्ण ऋण कुल खुदरा ऋण आपूर्ति का 36 प्रतिशत (मात्रा के आधार पर) और 39 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) हिस्सा लेने लगे। इस वृद्धि में पहली बार ऋण लेने वालों, 35 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं और गैर-महानगरीय क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

आज के मध्यमवर्गीय जीवन को देखें तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है। सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन आर्थिक दबाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है। उधारी से चमकती जीवनशैली के पीछे ऋण का एक स्थायी बोझ खड़ा होता है। आधुनिक उपभोक्ता के पास वस्तुएं अधिक हैं, पर आर्थिक स्वतंत्रता लगातार सिमटती जा रही है। घर, कार, मोबाइल, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, यहां तक कि छुट्टियां भी अब किश्तों में खरीदी जा सकती हैं। सुविधा का यह विस्तार दरअसल भविष्य की आय को वर्तमान में खींच लाने की प्रक्रिया है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत निर्णयों का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक दबाव भी काम करता है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और तीव्र बना दिया है। दूसरों की यात्राएं, महंगे शौक और सजी हुई जीवनशैली लगातार हमारी स्क्रीन पर दिखाई देती हैं। यह आभासी दुनिया एक ऐसा भ्रम पैदा करती है कि यदि हमारे पास वही चीजें नहीं हैं, तो हम कहीं पीछे रह गए हैं। इसी "फियर ऑफ मिसिंग आउट" के कारण बहुत से लोग अपनी वास्तविक आय से अधिक खर्च करने लगते हैं। क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें कई बार काफी ऊंचाई तक पहुंच जाती हैं। उधार का घी क्षणभर के लिए सस्ता लगता है, पर उसकी असली कीमत बाद में चुकानी पड़ती है।

इस प्रवृत्ति का व्यापक आर्थिक संदर्भ भी ध्यान देने योग्य है। 2024-25 में घरेलू शुद्ध जीडीपी के लगभग 6.0 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि घरेलू वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 4.7 प्रतिशत थीं। यह संकेत देता है कि महामारी के बाद घरेलू देनदारियों में तेज वृद्धि अवश्य हुई, लेकिन हाल के वर्षों में उसमें कुछ नरमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। वास्तविक समृद्धि केवल वस्तुओं के संग्रह से नहीं आती। वह आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक शांति और भविष्य की सुरक्षा से आती है। यदि उपभोग हमें स्वतंत्र बनाने के बजाय कर्ज के बोझ से बांध दे, तो वह समृद्धि नहीं, बल्कि एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा है।

आज आवश्यकता आधुनिक जीवन से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। तकनीक, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर प्रगति के स्वाभाविक हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक विवेक और संयम की परंपरा को पूरी तरह त्याग देना बुद्धिमानी नहीं होगी। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है। यह केवल अभाव की स्वीकारोक्ति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और संतुलन का सिद्धांत है।

आज के भारत के सामने यही चुनौती है कि उपभोग की ऊर्जा और संयम की परंपरा के बीच संतुलन बनाना। यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो समृद्धि का अर्थ केवल वस्तुओं का विस्तार नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और संतोष का विस्तार भी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# केरोसिन युग की वापसी

खाड़ी युद्ध के लंबा खिचने से ईंधन की संभावित समस्या को देखते हुए सरकारों ने केरोसिन वितरण के आदेश दे दिए हैं, जिसे कोटेदारों और पेट्रोल पंपों से उपलब्ध कराया जाएगा। विगत एक दशक से केरोसिन (मिट्टी का तेल) का दिखना ही दुर्लभ हो गया था। पिछले साल गांव में तपनी जलाने के लिए जलावन की लकड़ियों पर मिट्टी का तेल छिड़कने की जरूरत हुई, तो मिट्टी का तेल ढूंढने से भी नहीं मिला। गांव के कोटेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए। कभी मिट्टी का तेल गांव की रोजमर्रा की जिंदगी में अच्छी दखल रखता था। स्टोप से खाना इसी मिट्टी के तेल से बनता था। लालटेन से लेकर पेट्रोमेक्स तक इसी मिट्टी के तेल से कस्बों का अंधेरा दूर करते थे। शादी-व्याह के मंडप, शामियाना आलोकित होते। घर-घर शाम की दिया-बत्ती इसी केरोसिन से जलती। अब केरोसिन से जुड़ी जुगतें, साजो-सामान भी लुप्त हो गए। मुझे याद है कि मेरे गांव में तीसेक वर्ष पहले बिजली आई, तदनंतर गैस का चूल्हा और सिलेंडर। धीरे-धीरे केरोसिन की जरूरत खत्म होती गई और फिर मांग न होने से केरोसिन भी मिलना बंद हो गया। पहले केरोसिन रंगहीन होता था बाद में इसे हल्के नीले रंग का कर दिया गया। बताया गया कि मिट्टी का तेल मिलावट में इस्तेमाल न हो इसलिए ऐसा किया गया।



**डॉ. अरविंद मिश्रा**
वरिष्ठ विज्ञान लेखक

आशय यह कि मिट्टी का तेल गावों में एक जरूरी कमोडिटी बन गया था। एक महिला की मुझे याद है, जिनके पति घर में एक लीटर मिट्टी के तेल की व्यवस्था कर परदेश चले गए थे। पांच साल बाद लौटे तो एक छोटी शीशी में कुछ तेल अभी भी बचा था। छोटी शीशी दिए में तब्दील हो गई थी। महिला खाना तो ऊपली और लकड़ी की अंगीठी पर बनाती, मगर शाम को कुछ मिनटों के लिए देहरी पर उजाला इसी दिए से करती। इतनी किफायत से ही वह बस शाम को कुछ मिनट का उजाला एक लीटर मिट्टी के तेल से पांच साल करती रही। घर की देहरी के शाम के चंद मिनट के उजाले में वह पति का बाट जोहती रही।

अब फिर उसी केरोसिन के युग की वापसी ने कितने ही यादों को स्फुरण दे दिया है। न जाने यह शकुन है या कोई अपशकुन यह तो आने वाला समय ही बताएगा। खाड़ी युद्ध न जाने कौन कौन सी परिस्थितियां उत्पन्न करेगा यह प्रश्नचिह्न अब बड़ा आकार लेने लगा है।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# कुप्रबंधन की भेंट चढ़ती आस्थावान जिंदगी

बिहार राज्य के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ में 8 लोगों की दर्दनाक मौत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की कुप्रबंधन और घोर बदइंतजामी को उजागर करता है। जब मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अच्छी तरह अवगत था कि चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है, तो फिर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा व्यवस्था की बदइंतजामी और कुप्रबंधन के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो हर कोई जल्दी दर्शन करना चाहता था, जिससे बैरिकेड्स और कतारें टूट गई। लोग एकदूसरे के उपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होते, तो कतारें और बैरिकेड्स नहीं टूटते और न ही लोगों की जान जाती। यह पर्याप्त नहीं कि जिला प्रशासन एसएचओ को सस्पेंड कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लें। उचित होगा कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब कुप्रबंधन के कारण दर्शनाथियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। याद होगा अभी पिछले वर्ष ही 27 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर मची भगदड़ में आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। पिछले वर्ष ही प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ में दर्जनों श्रद्धालुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देखा जाए, तो इन सभी धार्मिक स्थलों पर हुए हादसे के लिए पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन, मंदिर प्रबंधन तंत्र और श्रद्धालुओं की अनुशासनहीनता ही प्रमुख रुप से जिम्मेदार रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह कि हर हादसे में शासन-प्रशासन और मंदिर प्रबंधतंत्र अपनी गलतियां स्वीकारने के बजाए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराता नजर आता है।



**अरविंद जयतिलक**
वरिष्ठ पत्रकार

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्यों? क्या राज्य सरकारें और आयोजकगण हादसों को लेकर गंभीर और संवेदनशील नहीं होते हैं? या यह समझा जाए कि हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना है? गौर करें तो ये दोनों ही बातें सच हैं। अगर सरकारी अमला, मंदिर प्रबंधनतंत्र और आयोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें, तो इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। ध्यान देना होगा कि देश में बहुतेरे मंदिर हैं, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर सुरक्षा और संभावित हादसों को टालने का पूरा इंतजाम होना चाहिए। उचित होगा कि इन धार्मिक स्थानों पर दर्शन कराने की समुचित व्यवस्था हो और सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए बैरीकेड की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग मार्ग हो। रास्ते में श्रद्धालुओं के आराम की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ लोगों पर नजर रखने के लिए सेवादार और राज्य का खुफिया तंत्र मजबूत हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें, स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र और श्रद्धालुगण सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। दर्शन के समय श्रद्धालुगणों का व्यवहार अत्यंत संयमित और सहनशील होना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करें। सरकारी प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र एवं धार्मिक आयोजकगण अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। श्रद्धालुओं की जानमाल की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत**, **कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### ऑटो रिक्शा

जापान की सड़कों पर लोग एक अनोखे वाहन में सफर करते थे। यह वाहन था "जिनरिकिशा"- एक ऐसा रिक्शा, जिसे इंसान अपनी ताकत से खींचता था। तीन पहियों वाला यह साधन आम लोगों के लिए सस्ता और सुविधाजनक था, लेकिन इसे खींचने वाले के लिए यह मेहनत भरा काम था। समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और दुनिया ने आराम की ओर कदम बढ़ाया। इंसानी ताकत की जगह अब मशीनों ने लेनी शुरू कर दी। तभी एक नया विचार आया- क्यों न इस रिक्शे को इंजन से चलाया जाए? यहीं से जन्म हुआ "ऑटो रिक्शा" का। "ऑटो" शब्द ग्रीक भाषा के "Autos" से आया, जिसका अर्थ है "स्वयं", यानी खुद चलने वाला। जब यह शब्द "रिक्शा" के साथ जुड़ा, तो बना "ऑटो रिक्शा" एक ऐसा वाहन, जो अब इंसान की मेहनत नहीं, बल्कि इंजन की ताकत से चलता था। धीरे-धीरे यह वाहन भारत जैसे देशों में पहुंचा और लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। तंग गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाली सड़कों तक, ऑटो रिक्शा हर जगह आसानी से चलने लगा। सस्ता किराया, तेज रफ्तार और आसानी से उपलब्धता- इन सबने इसे आम जनता का पसंदीदा बना दिया। दुनिया को "ऑटो-रिक्शा" शब्द देने का श्रेय भारत को जाता है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद देश में आत्मनिर्भरता की सोच ने जोर पकड़ा और कई उद्योगपतियों ने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना शुरू किया। इसी दौर में N.K. Firodia, जो Force Motors के संस्थापक थे, ने मोटर से चलने वाले रिक्शे के लिए "ऑटो-रिक्शा" शब्द गढ़ा।



यह शब्द धीरे-धीरे आम बोलचाल में इतना लोकप्रिय हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचाना जाने लगा। आज "ऑटो-रिक्शा" शब्द को Oxford English Dictionary में भी स्थान मिल चुका है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म जारी



- लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के लिए यह फॉर्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी सम सेमेस्टर के छात्र 13 अप्रैल तक भर सकेंगे। इसके बाद उन्हें अपना फार्म संबंधित विभाग में जमा करना होगा, जिसे विभाग द्वारा अग्रसारित कर 16 अप्रैल तक विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

### रोजगार मेला

- मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो प्राइवेट सेक्टर में बेहतर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मवाना क्षेत्र के रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 60 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस मेले में हर स्तर की योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए अवसर मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो 10 वीं पास से लेकर आईटीआई, नॉन-आईटीआई, टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल, स्नातक और परास्नातक कर चुके सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं।



# ई-कॉमर्स मैनेजमेंट
## ऑनलाइन कारोबार की रीढ़

तेजी से बदलते डिजिटल युग में खरीदारी का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज उपभोक्ता घर बैठे कपड़े, मोबाइल, किताबें ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद रहे हैं। इस बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने ई-कॉमर्स को एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित कर दिया है। ऐसे में किसी भी ऑनलाइन व्यवसाय को सफल बनाने के लिए ई-कॉमर्स मैनेजमेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ई-कॉमर्स मैनेजमेंट केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें वेबसाइट या ऐप का संचालन, प्रोडक्ट की प्रस्तुति, ग्राहकों से संवाद, ऑर्डर की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और डिलीवरी तक का पूरा प्रबंधन शामिल होता है। सही रणनीति और कुशल प्रबंधन के जरिए ऑनलाइन व्यवसाय को तेजी से विस्तार दिया जा सकता है।



सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### क्या है ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट का अर्थ है ऑनलाइन बिजनेस के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना। इसमें प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीमत निर्धारण, स्टॉक की निगरानी, ग्राहकों की समस्याओं का समाधान, सुरक्षित भुगतान व्यवस्था और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल होता है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

### मुख्य कार्य और जिम्मेदारियां

- **प्रोडक्ट मैनेजमेंट-** प्रोडक्ट की सही जानकारी, आकर्षक तस्वीरें और स्पष्ट विवरण ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छी प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।
- **ऑर्डर और इंवेंटरी मैनेजमेंट-** ऑर्डर को समय पर प्रोसेस करना और स्टॉक की सटीक जानकारी बनाए रखना जरूरी होता है। इससे ओवरसेलिंग या स्टॉक आउट जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- **कस्टमर एक्सपीरियंस-** ग्राहकों की संतुष्टि ई-कॉमर्स की सफलता का आधार है। उनके सवालों का त्वरित उत्तर देना, रिटर्न और रिफंड की सुविधा देना और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना आवश्यक है।
- **डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग-** सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग और पेड विज्ञापनों के माध्यम से ब्रांड की पहुंच बढ़ाई जाती है। आज डेटा आधारित मार्केटिंग (Data-driven Marketing) भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।





### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन

सही समय पर उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करना और सप्लाई चेन को सुचारु रखना ग्राहक संतुष्टि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नई तकनीकों की भूमिका

आधुनिक ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये तकनीकें ग्राहकों की पसंद को समझने, पर्सनलाइज्ड सुझाव देने और बिजनेस ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। साथ ही, मोबाइल कॉमर्स (एम-कॉमर्स) का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्मार्टफोन के जरिए खरीदारी और आसान हो गई है।

### जरूरी स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ प्रमुख कौशल आवश्यक हैं-
- डिजिटल मार्केटिंग की समझ
- डेटा विश्लेषण की क्षमता
- कस्टमर सर्विस स्किल
- टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का ज्ञान।

### समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट आज के डिजिटल कारोबार की रीढ़ बन चुका है। सही रणनीति, तकनीकी ज्ञान और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर इस क्षेत्र में न केवल सफलता हासिल की जा सकती है, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद ब्रांड भी स्थापित किया जा सकता है।

### करियर की संभावनाएं

ई-कॉमर्स सेक्टर में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, प्रोडक्ट मैनेजर, सप्लाई चेन मैनेजर और कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर जैसे कई पद उपलब्ध हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन व्यवसाय के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।



## कॉलेज का पहला दिन
# नए माहौल में नई शुरुआत

मेरा नाम दिव्या सिंह है। मैंने विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज से 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीसीए कोर्स में एडमिशन लिया। मेरे लिए सबसे खास बात यह रही कि मुझे सीधे कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला। यह मेरे जीवन का एक नया और महत्वपूर्ण अनुभव था।



दिव्या सिंह

कॉलेज का पहला दिन मेरे लिए उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों लेकर आया। स्कूल का माहौल काफी अलग होता है, जहां सब कुछ जाना-पहचाना होता है, लेकिन यूनिवर्सिटी का माहौल बड़ा और नया था। मैं पहले केवल एडमिशन के समय ही वहां गई थी, इसलिए पहले दिन सब कुछ नए जैसा लग रहा था। यूनिवर्सिटी का कैंपस काफी बड़ा और सुंदर है। वहां अलग-अलग कोर्स पढ़ने वाले बहुत सारे छात्र-छात्राएं आते हैं। मुझे यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ने के कई मौके भी मिलते हैं। मैंने बीसीए कोर्स चुना था, क्योंकि मुझे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में रुचि है। पहले दिन हमारी क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई, बल्कि सबसे पहले हम सबका परिचय कराया गया। टीचर्स ने हमसे कहा कि यह हमारे जीवन की एक नई शुरुआत है और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

मेरे लिए यह दिन थोड़ा अलग इसलिए भी था, क्योंकि मेरे साथ स्कूल का कोई दोस्त नहीं था। मैं अकेली ही यूनिवर्सिटी गई थी। शुरुआत में थोड़ा डर और झिझक महसूस हुई, खासकर जब आसपास नए लोग थे, लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि हर किसी की शुरुआत ऐसे ही होती है। एक लड़की होने के नाते कई बार मन में संकोच भी आता है, लेकिन अगर हमें आगे बढ़ना है, तो इस डर को छोड़ना जरूरी है। मैंने सोचा कि मुझे नई चीजें सीखनी हैं और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है।




पहले दिन मैंने नए लोगों से बात की, कैंपस को समझा और अपनी नई पढ़ाई की शुरुआत की। यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया। इसने मुझे सिखाया कि हर नई शुरुआत थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन अगर हम हिम्मत रखें तो सब आसान हो जाता है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत करने के लिए, लोकसभा ने 30 मार्च, 2026 को इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस सुधार का उद्देश्य इन्सॉल्वेंसी समाधानों में तेज़ी लाना, देरी को कम करना और लेनदारों का विश्वास बढ़ाना है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च, 2026 को गुजरात में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन भारत की समृद्ध जैन विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हुआ, जिससे इस कार्यक्रम को एक विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया। यह संग्रहालय गांधीनगर के कोबा गांव में स्थित 'श्री महावीर जैन आराधना केंद्र' में स्थित है।
- हाल ही में डॉ. थॉमस पुकाडिल को पुणे स्थित BRIC-NCCS का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ कोशिका जीव विज्ञान और अनुसंधान नवाचार के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव लेकर आएंगे। उनकी यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इस समय उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा समाधानों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगभग एक दशक लंबे अपने शानदार करियर का अंत किया। अपने करियर में उन्होंने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल किए। गुरजंत अपनी तेज रफ्तार, सटीक फिनिशिंग और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते रहे हैं।
- हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 15 से 17, 2026 तक फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह शिखर सम्मेलन एवियन-लेस-बेंस में आयोजित होगा।

## जॉब अलर्ट

### जामनगर जिला सहकारी बैंक भर्ती

- पदों के नाम- सहायक अधिकारी (IT, अनुपालन, ट्रेजरी, सांख्यिकी), क्लर्क, चपरासी
- कुल रिक्तियां-104 पद
- वेतनमान-पदानुसार
- योग्यता-10वीं पास (चपरासी), संबंधित विषय में स्नातक (क्लर्क और सहायक अधिकारी)
- आयु सीमा-18-30 वर्ष (क्लर्क और चपरासी), 25-35 वर्ष (सहायक अधिकारी) - 31 मार्च 2026 तक
- प्रोबेशन अवधि- सभी पदों के लिए 6 महीने
- आवेदन ऑनलाइन -(jamnagardccb.bank.in/career/ के माध्यम से)
- आवेदन की अंतिम तिथि-11 अप्रैल 2026

### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम-लोकल बैंक अधिकारी (JMGS-I)
- कुल रिक्तियां-1000
- वेतनमान-48,480 - 85,920 (JMGS-I स्केल, 3 वेतन वृद्धि के साथ) + DA, HRA, CCA आदि।
- योग्यता-स्नातक + किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक /क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी के रूप में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 18 महीने का शाखा अनुभव।
- आयु सीमा- 20 से 30 वर्ष (दिनांक 01.03.2026 के अनुसार)
- आवेदन का ऑनलाइन -punjabandsind.bank.in
- आवेदन शुल्क- SC/ST/PwBD : 100 + कर, सामान्य/EWS/OBC : 850 + कर
- आवेदन की अंतिम तिथि-20 अप्रैल 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम-असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No.01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2, शुरुआती वेतन- 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No.01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- आवेदन की अंतिम तिथि 14-06-2026

# 12 वीं के बाद: कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन-सा कोर्स बेहतर



कॉमर्स स्ट्रीम से 12 वीं पास करने के बाद छात्रों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है- सीए (चार्टर्ड) या सीएस (कंपनी सेक्रेटरी), आखिर कौन-सा कोर्स चुनें? दोनों ही प्रोफेशनल कोर्स हैं और देश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते हैं। इनमें करियर की अच्छी संभावनाएं, आकर्षक वेतन और सम्मानजनक पहचान मिलती है। हालांकि दोनों की पढ़ाई, कार्यक्षेत्र और करियर की दिशा अलग-अलग होती है, इसलिए सही चुनाव आपकी रुचि और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### क्या है चार्टर्ड अकाउंटेंट

सीए कोर्स भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स फाइनेंस और अकाउंटिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, कॉस्टिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं। सीएस बनने के बाद आप ऑडिट फर्म, बैंक, मल्टीनेशनल कंपनियों या खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। भारत में सीए की काफी डिमांड रहती है, खासकर टैक्स प्लानिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

शुरुआती वेतन आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ 15 से 25 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़े शहरों और कॉर्पोरेट सेक्टर में यह और भी ज्यादा हो सकता है।

### क्या है कंपनी सेक्रेटरी


सीएस कोर्स भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से कंपनी कानून, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस पर आधारित होता है। सीएस प्रोफेशनल किसी कंपनी के कानूनी मामलों, नियमों के पालन और बोर्ड मीटिंग्स से जुड़े कामों को संभालता है। यह भूमिका किसी भी कंपनी में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

सीएस के लिए शुरुआती वेतन लगभग 4 से 7 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। अनुभव बढ़ने पर यह 12 से 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़ी कंपनियों और लिस्टेड कंपनियों में इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

### कौन-सा कोर्स चुनें

यदि आपकी रुचि गणित, अकाउंटिंग और फाइनेंस में है, तो सीए आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपको कानून, कंपनी के नियम और मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें पसंद हैं, तो सीएस चुनना सही रहेगा। सीए और सीएस दोनों ही शानदार करियर विकल्प हैं। सही चुनाव वही है, जो आपकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप हो। किसी भी कोर्स को चुनने से पहले उसकी पढ़ाई, कठिनाई और करियर संभावनाओं को अच्छे से समझ लेना जरूरी है।



### सीए vs सीएस मुख्य अंतर

- **फोकस एरिया :** सीए में फाइनेंस, अकाउंट और टैक्सेशन पर ध्यान होता है, जबकि सीएस में कंपनी लॉ और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर।
- **कार्यक्षेत्र :** सीए वित्तीय सलाह, ऑडिट और टैक्सेशन में काम करता है, जबकि सीएस कंपनी के लीगल और कंप्लायंस मामलों को संभालता है।
- **कठिनाई स्तर :** सीए कोर्स आमतौर पर अधिक कठिन और समय लेने वाला माना जाता है, जबकि सीएस अपेक्षाकृत कम समय में पूरा किया जा सकता है (हालांकि यह भी आसान नहीं है)।
- **वर्क प्रोफाइल :** सीए का काम अधिकतर नंबर और फाइनेंस से जुड़ा होता है, जबकि सीएस का काम मीटिंग्स, लीगल डॉक्यूमेंट और कॉर्पोरेट निर्णयों से संबंधित होता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,134.32 | 22,679.40 |
| बढ़त | 1186.77 | 348 |
| प्रतिशत में | 1.65 | 1.56 |

सोना 1,55,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,46,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल ( प्रति कु0 )**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 151500, सोना गिन्नी 147500, चांदी (पक्की) 2400 ( अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**–
**चावल :** शरबती– 3900 मसूरी– 1000 बासमती– 7600–7800 परमल– 1200–3600
**दाल दलहन**–काला चना– 2000–3200 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7500–12600 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1400 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5200–10200 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/ करमानी– 1600–3200

# वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी
# सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

### पश्चिम एशिया में तनाव घटने के संकेतों से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। महावीर जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



- **लाभ में रहे**-अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एसबीआई, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन और इटर्नल
- **नुकसान में रहे**-एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल

### चांदी 9,000 रुपये मजबूत, सोना 3,500 चढ़ा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के संकेतों के बीच बाजार में तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी कारोबारी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,017.03 अंक चढ़कर 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 9,60,261 करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,01,433.48 करोड़ रुपये (4,460 अरब डॉलर) हो गया।

# मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में जीएसटी कलेक्शन करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह कर कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

बता दें कि जीएसटी की दरें करीब 375 वस्तुओं पर कम कर दी गई हैं जिससे सितंबर, 2025 से सामान सस्ता हुआ है। साथ ही, पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को पांच और 18 प्रतिशत की दो कर श्रेणी में तब्दील किया गया है। इसमें चुनिंदा अति विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत का कर निर्धारित किया गया है।




- **वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 22.27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया**
- **पिछले साल करीब 375 वस्तुओं पर घटी थीं जीएसटी की दरें, किए थे 5 और 18% के दो स्लैब**

परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम. एस. मणि ने कहा कि हालांकि ये संग्रह दर्शाते हैं कि उपभोग की भावना मजबूत बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में जहां संग्रह में मजबूत वृद्धि जारी है। वहीं हरियाणा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में धीमी वृद्धि देखी जा रही है।

पेशेवर सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल में हम सतर्कतापूर्ण रुख की उम्मीद करते हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों और वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव से उपभोग मांग में कमी आने के आसार हैं।

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी संग्रह राजकोषीय स्थिरता को मजबूत करता है...भारत की कर प्रणाली सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विस्तार के साथ तालमेल बैठा रही है जिससे सरकारों एवं व्यवसायों दोनों को वृद्धि की स्थिरता पर भरोसा हो पाता है।

# कर्ज वृद्धि में कमी, एनपीए बढ़ने की आशंका

### सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए ऋण पर नजर रखने की जरूरत : क्रिसिल रेटिंग्स

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2026-27 में बैंकों की ऋण वृद्धि में मामूली गिरावट और कर्ज लौटाने में चूक बढ़ने का अनुमान जताया है। क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि बैंक 2026-27 में कर्ज में 13% की वृद्धि दर्ज करेंगे। यह वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 14 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है।

रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (निष्पादित परिसंपत्तियां) अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं और मार्च, 2027 तक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 2.5 प्रतिशत तक हो सकती हैं।

मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए गए ऋण पर नजर रखने की जरूरत है। खासकर उन छोटे उद्योगों के मामले में जिनका पश्चिम एशिया में बाजार है या फिर वे वहां से कच्चे माल लेते हैं। इसके साथ संपत्ति के बदले दिए गए छोटी राशि के कर्ज और कुछ बिना गारंटी वाले ऋण पर भी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि सेरेमिक और हीरा पॉलिश जैसे क्षेत्रों में इकाइयों को पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पहले ही प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर राहत पैकेज दिया जा सकता है, क्रिसिल के अधिकारियों ने केवल इतना कहा कि राजकोषीय और मौद्रिक प्राधिकरण प्रतिकूल घटनाओं के बाद उद्योग के लिए उपयुक्त कदम उठा सकते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि युद्ध लंबा चलने पर ये उपाय लागू किए जा सकते हैं।

हालांकि, राहत उपायों के सटीक प्रभाव का अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता के अलावा, बैंकों द्वारा जमा जुटाने पर भी नजर रखने की जरूरत है क्योंकि यह ऋण वृद्धि को भी प्रभावित करेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अंतिम ऋण वृद्धि बैंकों द्वारा जमा जुटाने के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

Crisil Ratings




### इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 में कर्ज वितरण मंजूरी अबतक के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान 51,883 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक सालाना कर्ज मंजूर किया है। कंपनी ने बताया कि बीते वित्त वर्ष में उसका ऋण वितरण भी 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34,946 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के मंगलवार देर शाम जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक कंपनी का कुल ऋण खाता 22 प्रतिशत बढ़कर 93,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 76,282 करोड़ रुपये था। बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान स्वीकृत ऋण की राशि पिछले वित्त वर्ष के 47,453 करोड़ रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 51,883 करोड़ रुपये हो गई।

### 2025-26 में रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025–26 में 167 करोड़ टन माल की ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 3.25 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि परिचालन दक्षता में सुधार, क्षमता विस्तार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों द्वारा रेल परिवहन पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

## बिजली खपत मार्च में 1.8 % बढ़कर 150 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली,एजेंसी।**

देश में बिजली की खपत मार्च में 1.8 फीसदी बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी।पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश से देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस जीती तो असम में घुसपैठियों की रक्षा को लाएगी कानून : मोदी

### कहा-उसका लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना

**गोगामुख/बेहाली (असम), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं–एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था।

बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया। जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है।



असम के गोगामुख में एक जनसभा के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

## प्रियंका गांधी का मुख्यमंत्री हिमंत पर निशाना

### कहा- असम को लूट रहा एक परिवार

**नाजिरा/तिंगखोंग (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है। वाड्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा–धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। उन्होंने असम में भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम का आरोप लगाया।

### तमिलनाडु: स्टालिन ने भाजपा पर लगाया राज्य में हिंसा की 'साजिश' रचने का आरोप

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु),एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश और मणिपुर की तरह तमिलनाडु में हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा लागू योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने पंचपुर बस टर्मिनल, मिनी स्टेडियम, जल्लीकट्टू मैदान, मॉडल स्कूल और संयुक्त पेयजल योजनाओं जैसी पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने के बाद, कामराज के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय, एक टाइडल पार्क और एक ओलंपिक अकादमी का इस क्षेत्र में उद्घाटन किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में तिरुचिरापल्ली के लिए 26,066 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की गई हैं और इसीलिए मैं आपसे वोट मांगने आया हूं।

### भाजपा ने द्रमुक के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक 'आरोपपत्र' जारी किया है जिसमें द्रमुक सरकार पर व्यवस्थित भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और स्पष्ट हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने राज्य सरकार पर अवैध रेत खनन और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

चेन्नई स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में जारी आरोपपत्र में द्रमुक शासन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिनमें राज्य में शराब विपणन कार्यों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी, राजमार्ग निविदाओं में हजारों करोड़ रुपये की गड़बड़ी और व्यापक नगरपालिका घोटाले शामिल हैं। आरोपपत्र में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रशासन पर व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है। साथ ही सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

### केरल : एलडीएफ ने सोने के टुकड़ों के लिए भगवान अयप्पा से किया विश्वासघात : राजनाथ

**कोच्चि, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में भगवान सुरक्षित नहीं हैं क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ औरयूडीएफ पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात, समाज को विभाजित करने, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का भी आरोप लगाया।



प. बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं सीएम ममता बनर्जी।

## नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी, नए अफसर खारिज कर सकते हैं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को आपका नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसलिए नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें। ममता ने महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। कहा कि भाजपा महिला विरोधी हैं इसलिए एसआईआर में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का भी स्वागत किया और कहा कि वह इससे खुश हैं।बाद में, बर्वान में एक अन्य रैली में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों से उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है और उन्हें चेतावनी दी कि वे उन्हें साझा न करें।

### प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में हिंसा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाराज पार्टी कार्यकर्ता बाहरी प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे, जो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच झड़प में बदल गया। उनकी मुख्य शिकायत पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सोमेन मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को बल्लीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर थी। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि जायद हुसैन को पहले इस सीट से टिकट का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव के लिए टिकट बेचे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूएई में ड्रोन हमले में एक भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बुधवार को मार गिराये गये एक ड्रोन के छर्रों से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, यह घटना उम अल कैवेन के उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र के पास हुई। उम अल कैवेन सरकारी मीडिया कार्यालय ने अमीरात के संबंधित अधिकारियों द्वारा उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र में एक सुविधा के पास हुई घटना पर कार्रवाई किये जाने की पुष्टि की। यह घटना वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद गिरे छर्रों के कारण हुई थी। एजेंसी ने कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया।

### पाकिस्तान में गोलीबारी से 6 की मौत, दो जख्मी

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में कबीले के बुजुर्गों की एक बैठक के दौरान एक बंदूकधारी द्वारा गोलीबारी किए जाने से छह लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक लूटी गई मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद को सुलझाने के लिए इस्तराना कबीले के बुजुर्ग एक वांछित संदिग्ध जुल्फिकार मरवत से मिलने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में गए थे। पुलिस ने बताया कि बैठक के दौरान संदिग्ध ने जिरगा (बैठक) सदस्यों पर गोलीबारी कर दी जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार अपहृत

**बगदाद।** इराकी सुरक्षाकर्मी उस अमेरिकी पत्रकार का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मंगलवार को बगदाद में अपहरण कर लिया गया था। इराक की क्षेत्रीय समाचार वेबसाइट ने पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में की है। इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अपहरण किया गया है लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान-अफगान तालिबान में फिर वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। चीन एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद दोनों पक्षों के बीच स्थायी युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। चीन के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य मौजूदा लड़ाई को समाप्त करना है।

## गोवा क्लब आग मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत

**पणजी, एजेंसी**

- एक अन्य मामले में आरोपी होने के कारण अभी जेल में ही रहना होगा

गोवा के मापुसा की एक सत्र अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग से संबंधित मामले में उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को बुधवार को जमानत दे दी। पिछले साल इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि दोनों भाई जेल में ही रहेंगे क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। अरपोरा विलेज में स्थित इस क्लब में छह दिसंबर 2025 को आग लगने के कुछ ही घंटे बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। उन्हें 17 दिसंबर को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किया गया और फिर अंजुना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नाइटक्लब के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई थीं और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया था। लूथरा बंधुओं के अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्विजप्ले पाटकर ने दोनों को आग लगने से संबंधित मामले में जमानत दे दी। मापुसा पुलिस ने सोमवार को जालसाजी के मामले में दोनों को हिरासत में लिया था। आग लगने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद दोनों जालसाजी के दूसरे मामले में जेल में रहेंगे।

## क्राउड मैनेजमेंट

### कागजों पर नियम जमीन पर बदहाली

भारत में धार्मिक उत्सव और मेलों का आयोजन केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक विशाल जनसमूह के प्रबंधन की कठिन चुनौती भी है। हाल ही में बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना में 8 महिलाओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में क्षमता से कहीं अधिक भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की कमी ने धार्मिक आस्था के अवसर को मातम में बदल दिया। भगदड़ की ऐसी घटनाएं भारत के लिए नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में जाएं तो कई राज्यों में ऐसी त्रासदियां देखने को मिली हैं जो प्रशासन की तैयारी और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़ी करती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन वे कागजी ही बनकर रह गए हैं।



### भीड़ में फंसने पर क्या करें

- फाइटर पोज़ : अपने हाथों को छाती के सामने रखें ताकि फेफड़ों पर दबाव न पड़े और सांस लेते रहें।
- भीड़ के साथ चलें : भीड़ के विपरीत चलने की कोशिश न करें, लहर के साथ धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
- दीवारों से दूर रहें : कोनों, दीवारों या खंभों के पास न चिपकें, वहां कुचले जाने का डर अधिक होता है।
- गिरने से बचें : अपने पैरों पर खड़े रहने की पूरी कोशिश करें। यदि गिर जाएं, तो सिर ढककर 'भ्रूण मुद्रा' में लेट जाएं।

### भगदड़ की हालिया प्रमुख घटनाएं

- करूर राजनीतिक रैली, तमिलनाडु (27 सितंबर 2025) : अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई।
- चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु (4 जून 2025) : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई।
- श्री लैराई देवी मंदिर, गोवा (3 मई 2025) : वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और करीब 100 लोग घायल हुए।
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (15 फरवरी 2025) : महाकुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म पर उमड़ी भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान चली गई।
- महाकुंभ, प्रयागराज (29 जनवरी 2025) : मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई।
- तिरुमाला हिल्स, आंध्र प्रदेश (8 जनवरी 2025) : वैकुंठ द्वार दर्शन के टिकटों के लिए हुई धक्का-मुक्की में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

### दिशा निर्देश तो हैं लेकिन पालन...

- क्षमता मानचित्रण और नियंत्रण : स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों को प्रवेश दें, पीक ऑवर्स में कतारों का प्रबंधन करें।
- अवसंरचनात्मक मजबूती : प्रवेश और निकास द्वार चौड़े और अलग-अलग होने चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, और जिगजैग (साँप की कतार) का उपयोग करें।
- वास्तविक समय निगरानी : सीसीटीवी, ड्रोन और सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ के घनत्व पर नजर रखें।
- संचार प्रणाली : अफवाहों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर और बहुभाषी साइनेज (दिशा-निर्देश बोर्ड) का प्रयोग करें।
- आपातकालीन योजना : एम्बुलेंस, दमकल और मेडिकल टीम की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करें।
- प्रशिक्षित कर्मी : भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और वालंटियर्स को विशेष प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
- धार्मिक/बड़े आयोजनों में : आयोजकों को आयोजन से पहले जोखिम मूल्यांकन करना और जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी अनिवार्य है।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 47 लाख आपत्तियों का कर दिया गया निपटारा

### कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय को कराया अवगत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 31 मार्च यानी मंगलवार तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47.4 लाख का निपटारा किए जाने पर बुधवार को गौर किया और इस प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस प्रक्रिया की प्रगति के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले दो पत्रों का संज्ञान लिया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इन तथ्यों एवं आंकड़ों से काफी खुश हैं और बहुत आशावादी हैं। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि रोजाना करीब 1.75 लाख से दो लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। न्यायालय को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी की है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि न्यायाधिकरणों को निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड तक पूरी पहुंच दी जाए जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारियों की ओर से दर्ज किए गए कारण भी शामिल होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पक्षकारों को भी ये कारण उपलब्ध कराए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया तय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेजों की सत्यता की जांच किए बिना नए दस्तावेज स्वीकार करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि न्यायिक अधिकारियों, न्यायाधिकरणों के सदस्यों और कर्मचारियों को मानदेय एवं अन्य खर्चों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि न्यायाधिकरणों के परिसर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया जाए।



#### एसआईआर से जुड़ी सभी लंबित आपत्तियों पर सात अप्रैल तक फैसला

पीठ ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की इस सूचना का भी संज्ञान लिया कि सभी लंबित आपत्तियों पर संभवत: सात अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका सहित संबंधित याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वकीलों समेत याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नाम हटाए जाने की दर बहुत अधिक करीब 45 प्रतिशत होने पर चिंता जताई। उन्होंने नए आवेदन दाखिल किए जाने और कथित प्रक्रियागत अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधिकरणों को काम करने दें और मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के मामलों का निपटारा करने दें। हालांकि, पीठ ने कुछ आशंकाओं को अत्यधिक तकनीकी करार दिया और पक्षकारों को सलाह दी कि वे अपनी विशिष्ट शिकायतें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आखिरकार ऐसा नहीं है कि आपके पास कोई उपाय ही नहीं है। शीर्ष न्यायालय पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रहा है।

#### राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

पीठ ने आदेश में कहा कि अब तक कुल 47 लाख से अधिक (दावों एवं आपत्तियों का) निस्तारण हो चुका है और निर्वाचन आयोग ने राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण उन लोगों की अपीलों पर फैसला करेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने के खिलाफ अपील कर सकेंगे। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया विकसित कर सकते हैं।

#### भोजशाला : मुस्लिमों की आपत्ति पर करें विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में विवादित भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरों सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे सर्वे से संबंधित मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार करेगा। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया, हालांकि इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित सभी आपत्तियों पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं।

## क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत



क्रिमिया में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो टुकड़ों में बंटा रूसी सेना का विमान, बुधवार तड़के हुए इस हादसे के बाद मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटीं टीमें।

**मॉस्को, एजेंसी**

- विमान में सवार थे चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री

रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी।

खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं।

रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि उसने उड़ान नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और क्रीमिया के एक पहाड़ी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एएन-26 सोवियत काल में डिजाइन किया गया एक सैन्य परिवहन 'टर्बोप्रॉप' विमान है।

## मलयालम फिल्म निर्देशक रंजीत को यौन उत्पीड़न केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि की एक अदालत ने मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रंजीत को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंजीत को मंगलवार रात यौन उत्पीड़न के कथित प्रयास के एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायिक हिरासत पर भेजे जाने के बाद निर्देशक ने दावा किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह इसे साबित कर देंगे। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब उन्हें यहां उप कारागार के अंदर ले जाया जा रहा था। भले ही निर्देशक ने खुद को बेकसूर बताया हो, लेकिन राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने संकेत दिया कि सरकार और पुलिस पीड़िता के साथ हैं तथा केरल फिल्म कर्मचारी संघ (एफईएफकेए) ने निर्देशकों और लेखकों के संघों से रंजीत की सदस्यता रद्द करने की सिफ़ारिश की। पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़ित महिला गहरे सदमे में थी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आने से पहले उसकी काउंसलिंग करवाई गई और मनोरोग संबंधी इलाज भी करवाया गया।

- निर्देशक ने दावा किया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे

## सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने एक आदेश में कहा कि मुझे आगे सुनवाई करने का कोई कारण नहीं दिखता और मैं इस मामले में संज्ञान लेने से इनकार करता हूं। शिकायत खारिज की जाती है। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

- आप के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी ने की थी शिकायत

अदालत सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी।

## मेक इन इंडिया पहल : इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को लाइट मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की

**यरुशलम, एजेंसी।** लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि 41,000 इकाइयों (लाइट मशीनगन) के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

**भारत और इजराइल के बीच किया गया है 41 हजार एलएमजी के लिए बड़ा अनुबंध**

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोग भी पहुंचाती है।

## ईडी की याचिका पर दी केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 22 जनवरी के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर दो याचिकाओं पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को नोटिस जारी किया

## कोर्ट ने एमसीडी के गिरफ्तार उपायुक्त, एओ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक प्रशासनिक अधिकारी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उन याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा और दूसरे अधिकारी देवांशू कुमार गौतम की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया गया था। इन दोनों को मंगलवार को चार लाख रुपये के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को एक दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंची

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि धमाका किसी देसी उपकरण के फेंके जाने से हुआ प्रतीत होता है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम विस्फोट की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब पांच बजे हुआ। विस्फोट में सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटा, देसी किस्म का कुछ उपकरण फेंका गया।

**विशेषज्ञ बोले** — तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि से तालमेल बिठाना होगा

## एआई शक्ति बनने के लिए अपनी स्वदेशी क्षमता बढ़ाए भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विशेषज्ञों ने बुधवार को दिल्ली में एक चर्चा के दौरान कहा कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमता और नैतिक शासन को आधार बनाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी व्यापक जनहित में काम करे।

एक बयान के अनुसार, दिल्ली स्थित थिंक टैंक भारत की सोच द्वारा आयोजित पुस्तक चर्चा श्रृंखला के तहत इस सत्र का आयोजन हुआ जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान, विशेष रूप से अर्थशास्त्र कैसे एआई के माध्यम से उत्पन्न आधुनिक भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल युग में भारत के नेतृत्व को केवल गति से नहीं मापा जा सकता है और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत की सोच के निदेशक आर. के. पचनंदा ने कहा कि भारत से वैश्विक स्तर पर शीर्ष एआई शक्तियों में से एक बनने का आह्वान किया जाता है, लेकिन यह नेतृत्व एक ऐसे दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी केवल दक्षता के लिए नहीं बल्कि व्यापक जनहित के लिए काम करे। थिंक टैंक में विजिटिंग फेलो और आगामी पुस्तक 'अर्थशास्त्र इन द एआई एज' के लेखक वी श्रीवत्सन ने कहा कि हर सदी को एक निर्णायक तकनीक द्वारा फिर से लिखा जाता है। कांस्य ने साम्राज्यों का निर्माण किया, बारूद ने राज्यों को नया रूप दिया, भाप ने औद्योगिक शक्ति को गति दी और आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक व्यवस्था को पुनर्गठित कर रही है। इस चर्चा में उभरती वैश्विक गतिशीलताओं का भी विश्लेषण किया गया जिसमें 'पैक्स सिलिका' की अवधारणा शामिल है जिसके अनुसार प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही राष्ट्रीय शक्ति की सीमाएं निर्धारित करती है।

#### पैक्स सिलिका-आर्थिक सुरक्षा का नया खाका

पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक सुरक्षा का एक नया खाका है, जो तेल और इस्पात के बजाय कंप्यूटर चिप्स और खनिजों पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। इसमें अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूके, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे देश शामिल हैं। भारत भी फरवरी 2026 में शामिल हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** — आज धन आगमन के योग हैं। पुराना बकाया मिल सकता है। नया निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।
- **वृष** — आज आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। विलासिता पर खर्च हो सकता है उस पर नियंत्रण रखें। सोने-चांदी में निवेश शुभ है।
- **मिथुन** — आज किसी पुराने देनदार से धन वापसी संभव है। कोई नया सौदा न करें। दस्तावेजों में भूल हो सकती है।
- **कर्क** — आज मां या मातृपक्ष की ओर से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति संबंधी मामले आगे बढ़ेंगे। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।
- **सिंह** — आज खर्च नियंत्रित रखें। किसी मित्र को उधार देने से बचें। शेयर बाजार में सावधानी बरतें। संबंधों में अहंकार न आने दें।
- **कन्या** — आज का दिन बचत पर ध्यान देने का है। अचानक धन की आवश्यकता पड़ सकती है। पुराने प्रेम संबंधों से बच कर रहें।
- **तुला** — आज भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा, किंतु आय भी उतनी ही रहेगी। धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी को कुछ विशेष उपहार दें।
- **वृश्चिक** — आज बीमा और साझेदारी के धन में लाभ संभव है। अचानक खर्च से बचने के लिए कुछ धन सुरक्षित रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।
- **धनु** — आज धन में वृद्धि के योग है। कोई पुरानी समस्या का हल निकल सकता है। लंबी अवधि का निवेश शुभ रहेगा।
- **मकर** — आज का दिन दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी मामले सुलझेंगे। व्यापार संबंधी मामले में धैर्य रखें।
- **कुंभ** — आज अनपेक्षित स्रोत से धन आ सकता है। व्यवस्थित बजट बनाकर चलें। रोमांटिक संबंधों में स्थिरता आएगी।
- **मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 07 .41 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-हस्त 17 .38 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

### सुडोकू -107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |



> एक टीम के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि कड़ी चुनौती पेश करें। मुझे खुशी है कि हम मैच को आखिरी ओवर तक ले गए। यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। पिछले तीन-चार दिन से यहां बारिश हो रही है।
> **-पार्थिव पटेल, गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच**


# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**


**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादा' की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। 'उड़ान' और 'लुटेरा' फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की।

### पहलवान हमाम हुसैन का सपना साकार

**अंबिकापुर।** करीब एक दशक तक मिट्टी के अखाड़ों पर खेलने से लेकर परिवार की मदद के लिए दूध बेचने तक जम्मू कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कड़ी मेहनत खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में रंग लाई जहां राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पहला स्वर्ण पदक जीता। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा। यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन

**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को यहां नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रनों पर समेटा

## आईपीएल-2026 : अब्दुल समद ने जुझारू बल्लेबाजी कर टीम को संभाला

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रन पर समेट दिया। एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की सटीक गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम 18.4 ओवर में सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए।

सुपर जाएंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सुपर जाएंट्स की शुरुआत धीमी रही। सुपर जाएंट्स ने तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत (07) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। मार्श ने मुकेश कुमार की गेंद पर सीधा शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से छूने के बाद गेंदबाजी छोर पर गेंद विकेटों से टकरा गई जबकि पंत क्रीज से बाहर खड़े थे। मार्श ने मुकेश पर पारी का पहला छक्का जड़ा। एडेन मारक्रम (11) ने भी अक्षर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन अगली गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 48 रन बनाए। आयुष बडोनी भी खाता खोले बिना नटराजन की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बेठे। मार्श ने एनगिडी पर एक और छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने निकोलस पूरन (08) को बोल्ड करके सुपर जाइंट्स को चौथा झटका दिया।

मार्श भी इसके बाद कुलदीप की गेंद को हवा में खेलकर मिड ऑफ पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाएंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन हो गया। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके मारे। मुकुल चौधरी (14) ने कुलदीप पर लगातार दो चौके मारे जबकि समद ने नटराज पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। कुलदीप ने मुकुल को अपनी ही गेंद पर लपककर समद के साथ उनकी 34 रन की साझेदारी का अंत किया। समद ने नटराजन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा किया। नटराज ने इसी ओवर में मोहम्मद शमी (01) को भी कुलदीप के हाथों कैच कराया जबकि एनगिडी ने एनरिच नोर्किया (00) और मोहसिन खान (00) को आउट करके सुपर जाइंट्स की पारी का अंत किया।



संघर्षपूर्ण पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज अब्दुल समद।



कुलदीप यादव।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**141/10** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| मो शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| एनरिच नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन खान का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

**गेंदबाजी :** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 9. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | - | - | - | - | - | - |

# केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

- सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला आज

**कोलकाता, एजेंसी**

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा।

यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी।

रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

# अभिषेक, ईशान टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं । तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।


इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### ऑरेंज कैप



रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
ईशान किशन
हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 3 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात 3 विकेट

## पोंटिंग ने आक्रामक खेलने को कहा था : कोनोली

**मुल्लांपुर।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिये आईपीएल में पदार्पण करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कोनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। कोनोली ने जियोस्टार से कहा मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित्त होकर खेलने को कहा।



उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिये कहा। यह शानदार टीम प्रयास था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी जिससे चीजें आसान हो गई। कोनोली ने कहा मैं श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करके सीखना चाहता था।

## श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत अपराध था।

# जापान के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान

- अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।

भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।

# लियोनेल मेसी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

**विश्व कप प्लेऑफ**

**यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारा**

# लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूका इटली

**जेनिका (बोस्निया), एजेंसी**

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।

इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था।

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।



> यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।
> **-जेन्नारो गट्टूसो, इटली के कोच**

### विश्व कप में 16 वर्ष तक नहीं खेल पाएगा एक भी मैच



इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।